*
ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
25 मई, 2024
वैशाख, शुक्ल पक्ष, द्वितीय
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 214










## कांग्रेस अध्यक्ष ने भाजपा पर साधा निशाना

# झारखंड की जल, जंगल और जमीन को बेच दिया : खड़गे

### देवघर में चुनावी जनसभा को किया संबोधित



आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नजर झारखंड की जल, जंगल और जमीन पर है। प्रधानमंत्री ने अपने 20-25 कारोबारी मित्रों को यह सौंपने का काम किया है। भाजपा आदिवासी मुख्यमंत्री को देखना नहीं चाहती है। भाजपा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में भेजने का काम किया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है। कांग्रेस समानता की बात करती है, लेकिन नरेंद्र मोदी और अमित शाह समानता खत्म करना चाहते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष शुक्रवार को देवघर में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने गोड्डा से इंडी गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव को वोट देने की अपील की। इस मौके पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री बादल पत्रलेख, कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर समेत अन्य नेतागण मौजूद थे।

**मुफ्त अनाज, नौकरी, सरना कोड का किया वादा:** कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि देश में पिछड़े, दलित और गरीब जनता की जनगणना होनी चाहिए। कांग्रेस अगर सत्ता में आती है, तो महिलाओं के खाते में 1 लाख रुपये जमा करेगी। उन्होंने मोदी सरकार के मुफ्त अनाज की स्कीम पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री बोलते हैं कि मैं पांच किलो अनाज मुफ्त में देता हूं। क्या प्रधानमंत्री अपने घर से लेकर आ रहे हैं? उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हरित क्रांति की है। अगर कांग्रेस सत्ता में आयी, तो लोगों को 10 किलो अनाज देंगे। देश में सरकारी नौकरी के पद खाली हैं, कांग्रेस सत्ता में आयी, तो वो 30 लाख लोगों को सरकारी नौकरी देगी। अग्निवीर स्कीम के ऊपर हमला करते हुए बोला कि चार साल के बाद युवा क्या करेगा। मोदी सरकार ने युवाओं को ठगने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार सरना कोड लागू करेगी।

### पीएम के मुंह से 'ब', 'म' और 'ग' नहीं निकलता: तेजस्वी



देवघर (आजाद सिपाही)। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के मुंह से महंगाई का 'म' नहीं निकलता। बेरोजगारी का 'ब' नहीं निकलता। गरीबी का 'ग' नहीं निकलता है। प्रधानमंत्री ने सिर्फ मंदिर-मस्जिद की बात की। उन्होंने 2014 में कहा था कि दो करोड़ नौकरी देंगे। ये वादे झूठे साबित हुए। उन्होंने कहा था सबके खाते में 15 लाख रुपये आयेंगे। काला धन लाने के वादे सिर्फ जुमला था। किसानों की आय दुगुना करने का वादा किया था। वह वादा भी पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि अब अगर भाजपा सत्ता में आयेगी, तो आरक्षण खत्म कर देगी।

## कांग्रेस और झामुमो पर बरसे गृह मंत्री अमित शाह, कहा

# झारखंड को भ्रष्टाचार का एटीएम बना दिया

- वोट बैंक के लिए आदिवासियों-दलितों-पिछड़ों का आरक्षण मुस्लिमों को देना चाहते हैं : शाह
- केंद्रीय मंत्री ने मधुपुर और जामताड़ा में चुनावी सभा को संबोधित किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर/जामताड़ा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस-झामुमो अपने वोट बैंक के लिए आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों के आरक्षण पर डाका डाला और उसे मुस्लिमों को देना चाहते हैं। कांग्रेस ने कर्नाटक में ऐसा किया है। बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने 180 जातियों को पिछड़ा वर्ग श्रेणी में अनधिकृत रूप से शामिल किया। इसे कोलकाता हाइकोर्ट ने रद्द कर दिया। उन्होंने झारखंड की महागठबंधन सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि इन लोगों ने झारखंड को भ्रष्टाचार का एटीएम बना दिया। बाबा नगरी की धरती पर आपको आश्वस्त करता हूं कि जब तक भाजपा है, आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों का आरक्षण किसी को नहीं लूटने देंगे। गृह मंत्री शुक्रवार को देवघर और जामताड़ा में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने गोड्डा से भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे और दुमका से प्रत्याशी सीता सोरेन के पक्ष में वोट देने की अपील की। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, रणधीर सिंह, गणेश मिश्रा समेत अन्य नेतागण मौजूद थे।

**अपने बेटे-बेटियों के लिए राजनीति करता है इंडी गठबंधन:** अमित शाह ने कहा कि इंडी गठबंधन अपने बेटे-बेटियों के लिए राजनीति करता है। इनका उद्देश्य राजनीति में अपने बेटे-बेटी और भतीजे का कल्याण करना है। लालू प्रसाद अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। उद्धव ठाकरे अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। स्टालिन अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। अपने बेटे, बेटी और भतीजे के लिए जो काम करता हो, वो गोड्डा के गरीब आदिवासियों, पिछड़े वर्ग एवं दलितों का कल्याण कर सकता है क्या?

**झारखंड में घुसपैठ रोकने वाली सरकार चुनिए:** अमित शाह ने कहा कि वे आदिवासी भाई-बहनों से अपील करना चाहते हैं कि ऐसी सरकार चुनिए, जो घुसपैठ रोके। अगर घुसपैठ नहीं रोकी गयी, तो आदिवासियों की जमीन और जंगल दोनों खतरे में पड़ जायेंगे। यहां पर घुसपैठ का मुद्दा आदिवासियों के लिए बड़ा प्रश्न है।

### पीएम मोदी ही कर सकते हैं आपका कल्याण

गृह मंत्री ने कहा कि आपका कल्याण सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही कर सकते हैं। क्योंकि 140 करोड़ भारतीय ही प्रधानमंत्री का परिवार है। कांग्रेस पार्टी के नेता मणिशंकर अय्यर डरा रहे हैं कि पाकिस्तान के पास एटम बम है। उससे पीओके मत मांगो। मैं बाबा नगरी देवघर से आपको आश्वस्त करता हूं कि हम भाजपा वाले हैं। एटम बम से नहीं डरते हैं। पीओके भारत का है, रहेगा और हम इसे वापस लेकर रहेंगे।

### सीता के साथ झामुमो ने न्याय नहीं किया

वहीं जामताड़ा में शाह ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की कुटिया पर कोई प्रधानमंत्री गये, तो वे हैं नरेंद्र मोदी। इन्होंने दलितों-आदिवासियों को साथ लेकर विकास यात्रा की शुरुआत की। उनका मानना है कि जब तक झारखंड का विकास नहीं होगा, तब तक देश का विकास नहीं होगा। उन्होंने कहा कि झामुमो ने भले ही सीता सोरेन के साथ न्याय नहीं किया, लेकिन भाजपा इनके साथ अन्याय नहीं होने देगी। भाजपा झारखंड के सपने को साकार करने वाली पार्टी है। भगवान बिरसा मुंडा के सपनों का भारत बनाने वाली पार्टी है।

### हेमंत सोरेन और आलमगीर आलम पर साधा निशाना

गृह मंत्री ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, हेमंत सोरेन और मंत्री आलमगीर आलम ने झारखंड में घुसपैठ करा कर आदिवासियों के खिलाफ लव जिहाद, लैंड जिहाद और फॉरेस्ट जिहाद कराया है। उन्होंने कहा कि अभी ये जो जेल में बैठ कर निवेदन कर रहे हैं उनके लिए और कांग्रेस के लिए झारखंड केवल वोट बैंक है, प्रोपर्टी है, लैंड बैंक है, भ्रष्टाचार का एटीएम है। मैं हेमंत सोरेन से कहना चाहता हूं कि जिस कांग्रेस ने वर्षों तक झारखंड को रोक कर रखा, आज मुख्यमंत्री बनने के लिए उसी कांग्रेस की गोद में बैठ कर आप झारखंड के साथ अन्याय कर रहे हैं।

# रांची, गिरिडीह, जमशेदपुर और धनबाद आज करेगा वोट

### रांची में 21.88 लाख मतदाता चुनेंगे सांसद

रांची संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 21,97,331 मतदाता हैं। इनमें 11,12,524 पुरुष और 10,84,738 महिला मतदाता हैं। इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 2377 बूथ हैं। इनमें 949 शहरी क्षेत्र में और 1428 ग्रामीण इलाके में हैं। इस सीट पर भाजपा और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला है। भाजपा ने संजय सेठ और कांग्रेस ने यशस्विनी सहाय को उम्मीदवार बनाया है।

### जमशेदपुर में मोहंती-विद्युत की प्रतिष्ठा दांव पर

जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र में कुल 18,69,278 मतदाता हैं। इनमें 9,37,412 पुरुष और 9,31,733 महिला मतदाता हैं। इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 1887 बूथ हैं। इनमें 688 शहरी क्षेत्र में और 1199 ग्रामीण इलाके में हैं। जमशेदपुर लोकसभा सीट पर कुल 25 उम्मीदवार मैदान में हैं। यहां भाजपा के प्रत्याशी विद्युत वरण महतो और झामुमो के समीर मोहंती के बीच मुकाबला है।

### धनबाद में 22.85 लाख मतदाता डालेंगे वोट

धनबाद लोकसभा क्षेत्र में कुल 22,85,237 मतदाता हैं। इनमें 11,96,501 पुरुष और 10,88,656 महिला मतदाता हैं। इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 2539 बूथ हैं। इनमें 1316 शहरी क्षेत्र में और 1223 ग्रामीण इलाके में हैं। धनबाद लोकसभा सीट पर कुल 25 प्रत्याशी हैं। यहां भाजपा के ढुल्लू महतो और कांग्रेस की अनुपमा सिंह के बीच मुकाबला है।

### गिरिडीह में मथुरा और चंद्रप्रकाश आमने-सामने

गिरिडीह लोकसभा सीट पर 16 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला 18,64,652 मतदाता करेंगे। इनमें 9,60,489 पुरुष और 9,04,163 महिला मतदाता हैं। गिरिडीह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 2160 बूथ हैं। इनमें 408 शहरी क्षेत्र में और 1762 ग्रामीण इलाके में हैं। यहां आजसू के चंद्रप्रकाश चौधरी और झामुमो के मथुरा महतो चुनाव मैदान में ताल ठोक रहे हैं।

### इडी की टीम फिर पहुंची जहांगीर के फ्लैट

**रांची (आजाद सपाही)।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की टीम ने शुक्रवार की शाम दूसरी बार जहांगीर आलम के फ्लैट में पहुंची। हालांकि खबर लिखे जाने तक यह साफ नहीं हो पाया था कि इडी दुबारा क्यों पहुंची और वहां से क्या बरामद हुआ। सूत्रों के मुतिबक इडी को जहांगीर से पूछताछ में कुछ नये तथ्य मले हैं, जिसकी पुष्टि के लिए टीम वहां गयी थी। गौरतलब है कि इडी ने टेंडर घोटाला मामले में मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल उसके नौकर जहांगीर के यहां 6 मई को छापा मारा था। जहांगीर के प्लैच से लगभग 35 करोड़ रुपये मिले थे। इसके बाद संजीव लाल और जहांगीर को गिरफ्तार कया गया। इन दोनों ने पूछताछ में पैसे मंत्री आलमगीर के होने की बात कही थी। इसके बाद आलमगीर से दो दिन की पूछताछ के बाद उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाला आलमगीर, संजय लाल और जहांगीर तीनो को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इस मामले में रोज नये-नये तथ्य सामने आ रहे हैं।

(देखें पेज 02-आइएएस मनीष रंजन ने इडी से समय मांगा)






# संथाल परगना की तीन सीटें तय करेंगी आदिवासी किसके साथ

## ■ दुमका, राजमहल और गोड्डा में इसलिए दोनों पक्षों ने लगा दिया है पूरा जोर

## ■ भाजपा के लिए झामुमो की मजबूत किलेबंदी को तोड़ने का है बड़ा चैलेंज

**देश भर में लोकसभा चुनाव अब अंतिम दौर में पहुंच रहा है। झारखंड में अंतिम चरण के चुनाव में संथाल परगना की तीन सीटों, दुमका, राजमहल और गोड्डा में 1 जून को मतदान होगा। संथाल परगना की इन तीन सीटों का झारखंड की राजनीति में अलग ही महत्व है और कहा जाता है कि झारखंड की सत्ता की चाबी इन तीन संसदीय सीटों के तहत आनेवाली 18 विधानसभा सीटों के पास है। ऐसा कहने का कारण यह है कि संथाल परगना झारखंड के सबसे ताकतवर क्षेत्रीय दल झारखंड मुक्ति मोर्चा का गढ़ कहा जाता है, हालांकि चुनावी राजनीति के नजरिये से अब यह धारणा पुरानी पड़ चुकी है। आदिवासी बहुल इस इलाके में हाल के दिनों में भाजपा ने भी अपना जनाधार कायम किया है और इसी जनाधार की बदौलत 2019 में उसने दुमका और गोड्डा सीट पर जीत हासिल कर ली थी। दुमका झारखंड की उपराजधानी है और झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की कर्मभूमि भी है। पिछले चुनाव में भाजपा के सुनील सोरेन ने उन्हें हरा दिया था। इसलिए इस बार दुमका और राजमहल सीट पर झामुमो का उम्मीदवार है, जबकि गोड्डा सीट से कांग्रेस के प्रदीप यादव लगातार तीन बार के भाजपा सांसद डॉ निशिकांत दुबे को चुनौती दे रहे हैं। संथाल परगना की इन तीन सीटों का राजनीतिक महत्व इसी बात से समझा जा सकता है कि यहां सभी दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है, क्योंकि झारखंड का यही इलाका तय करेगा कि आदिवासियों का असली रहनुमा कौन है। संथाल परगना की तीन सीटों का चुनाव परिणाम ही छह महीने बाद होनेवाले विधानसभा चुनाव का थोड़ा-बहुत संकेत भी दे देगा। भाजपा के लिए इस बार संथाल परगना का रण पिछली बार की तुलना में थोड़ा आसान है, क्योंकि इस बार शिबू सोरेन और उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी हेमंत सोरेन चुनावी परिदृश्य में नहीं हैं, जबकि भाजपा के पास उसके सबसे बड़े चेहरे के रूप में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी हैं, जिन्होंने भी शिबू सोरेन को चुनाव में हराया है। क्या है संथाल परगना की तीन सीटों का समीकरण और दोनों पक्षों की ताकत-कमजोरी, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

**आजाद सिपाही विशेष**



राकेश सिंह

पूरे देश के साथ झारखंड में भी संसदीय चुनाव अब अंतिम दौर में पहुंच रहा है। सातवें और अंतिम चरण के चुनाव में झारखंड में संथाल परगना की तीन सीटों, दुमका, गोड्डा और राजमहल में 1 जून को मतदान होगा। इनमें से दुमका और राजमहल आदिवासियों के लिए आरक्षित हैं, जबकि गोड्डा सीट अनारक्षित है। 2019 के चुनाव में भाजपा ने दुमका और गोड्डा से बाजी मारी थी, जबकि राजमहल सीट झामुमो के पास गयी थी।

### आंदोलनकारियों की जमीन है संथाल परगना

आज से लगभग 167 वर्ष पहले 1855 में संथाल परगना का निर्माण अंग्रेजी शासन व्यवस्था में हुआ था, जिसमें पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद से पाकुड़, महेशपुर और बीरभूम जिले की मलूटी और रानीश्वर, मसलिया, नाला, कुंडहित इलाके को काट कर इसमें मिलाया गया। भागलपुर के भी कुछ क्षेत्र को शामिल करने के बाद संथाल परगना अस्तित्व में आया। इतिहासकारों के अनुसार 1855 में महाजनी प्रथा के साथ अंग्रेजी शासन के विरोध में जो 'संथाल हूल' हुआ था, जिसे इस क्षेत्र के सिदो-कान्हू जैसे कुछ संथाल समुदाय के लोगों ने लीड किया था, वह पश्चिम बंगाल के क्षेत्र से होते हुए हजारीबाग तक फैल गया था।

हालांकि कुछ ही माह के अंदर ही इस विद्रोह को अंग्रेजों ने कुचल दिया था। सिदो-कान्हू समेत कई विद्रोहियों को फांसी के फंदे से लटका दिया गया था। संथाल हूल शांत होने के बावजूद अंग्रेजी प्रशासकों ने यह महसूस किया कि जिस क्षेत्र में इस तरह के विद्रोह के स्वर फूट सकते हैं, वहां अपनी प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत करनी आवश्यक है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस क्षेत्र को नया जिला बनाते हुए इसे संथाल परगना का नाम दिया गया। संथाल परगना भले ही पिछड़ा इलाका माना जाता रहा, लेकिन यह आंदोलनकारियों की भूमि रही है। शिबू सोरेन ने संथाल परगना से ही अलग झारखंड राज्य के आंदोलन को धार दी और आखिरकार झारखंड राज्य अस्तित्व में आया। संथाल परगना की भूमि राजनीतिक रूप से का उर्वरक रही है। झारखंड निर्माण के बाद यहां से तीन-तीन मुख्यमंत्री हुए। इनमें बाबूलाल मरांडी, शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन के नाम शामिल हैं। संथाल परगना में लोकसभा की तीन और विधानसभा की 18 सीटें हैं। कहते हैं कि झारखंड ही नहीं, देश भर के आदिवासियों की पहचान इसी इलाके से है, इसलिए राजनीतिक दृष्टिकोण से संथाल परगना बेहद महत्वपूर्ण है।



### क्यों खास हैं संथाल की ये तीन लोकसभा सीटें

संथाल परगना को झामुमो का गढ़ कहा जाता है, हालांकि हाल के वर्षों में भाजपा ने इस धारणा को तोड़ा है। पार्टी ने गोड्डा सीट को अपना गढ़ बना लिया है, तो पिछली बार दुमका सीट पर भी शिबू सोरेन को पटखनी दे दी थी। चूंकि संथाल परगना से ही झारखंड की सत्ता का रास्ता गुजरता है, तो जाहिर है कि सभी दलों के शीर्ष नेतृत्व की निगाहें इस इलाके पर हैं। आदिवासी राजनीति के केंद्र के रूप में चर्चित संथाल परगना एक तरफ झामुमो-कांग्रेस के लिए गढ़ बचाने की चुनौती है, तो भाजपा के लिए इस मजबूत किलेबंदी को ध्वस्त करने का सुनहरा अवसर, क्योंकि इस बार चुनावी परिदृश्य में संथाल के दो सबसे बड़े आदिवासी चेहरे, शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन नहीं हैं।

### झारखंड की राजनीति में संथाल की भूमिका अहम क्यों

झारखंड की राजनीति में संथाल परगना की भूमिका काफी अहम मानी जाती है। ऐसा इसलिए, क्योंकि सबसे बड़े सोरेन परिवार के सभी सदस्य यहां की राजनीति करते हैं। 1972 में झारखंड मुक्ति मोर्चा बनाने के बाद शिबू सोरेन ने दुमका को अपना कार्यक्षेत्र बनाया था। दुमका संसदीय सीट से शिबू ने आठ बार जीत दर्ज की। उनके तीनों बेटे स्वर्गीय दुर्गा सोरेन, पूर्व सीएम हेमंत सोरेन, सबसे छोटे बेटे बसंत सोरेन, बड़ी बहू सीता सोरेन संताल परगना से ही चुनाव लड़ती है। 2019 के विधानसभा चुनाव में झामुमो को सबसे बड़ी पार्टी बनाने के साथ सत्ता में लाने का काम संथाल परगना ने ही किया था। यहां की 18 विधानसभा सीटों में से 50 प्रतिशत यानी 9 सीटों पर झामुमो जीती थी। इंडिया गठबंधन की सहयोगी कांग्रेस ने यहां चार (प्रदीप यादव के शामिल होने के बाद पांच) सीटें जीती थी।

### झामुमो ने मजबूत की है किलेबंदी

पिछले लोकसभा चुनाव में अपने गढ़ के दरकने के बाद झामुमो ने हेमंत सोरेन के नेतृत्व में अपना पैर दोबारा जमाया और इसका नतीजा महज छह महीने बाद हुए विधानसभा चुनाव में सामने आया, जब पार्टी को 18 में से नौ सीटें मिल गयीं, जबकि उसकी सहयोगी कांग्रेस ने चार सीटें जीत लीं। संथाल परगना में मिली इस ऐतिहासिक सफलता ने झामुमो नेतृत्व और खास कर हेमंत सोरेन को अपनी राजनीतिक रणनीति पर दोबारा विचार करने पर मजबूर कर दिया। विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के बाद हेमंत सोरेन ने संथाल की किलेबंदी पर अधिक ध्यान दिया। उन्होंने कैबिनेट में तीन स्थान के अलावा स्पीकर भी संथाल से बनाया।

### भाजपा के लिए चुनौती भी और अवसर भी

संथाल परगना की झामुमो ने जिस तरह किलेबंदी की है, उससे भाजपा के लिए चुनौती बड़ी हो गयी है। संथाल परगना में आदिवासियों की बहुसंख्यक आबादी को अपने पक्ष में करने के लिए भाजपा लंबे समय से कोशिश कर रही है। उसकी कोशिशें लोकसभा चुनाव में सफल होती दिखने लगी थीं। लेकिन हेमंत ने इसे पूरी तरह बदल दिया। अब संथाल में भाजपा की वापसी की राह बेहद कठिन हो गयी है। लेकिन इसके साथ ही उसके लिए इस किले को ध्वस्त करने का अवसर भी है, क्योंकि इस बार बाबूलाल मरांडी के रूप में उसके पास बड़ा आदिवासी चेहरा है, जबकि शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन परिदृश्य में नहीं हैं। इतना ही नहीं, संथाल परगना में कांग्रेस का सबसे बड़ा चेहरा माने जानेवाले आलमगीर आलम टेंडर कमीशन घोटाले के आरोप में जेल में बंद हैं। ऐसे में भाजपा के लिए रास्ता लगातार आसान होता नजर आ रहा है।

---

# आइपीएस अंशुमन कुमार को क्लीन चिट

**पुलिस मुख्यालय ने की संचिका अस्त करने की अनुशंसा**

**संदर्भ: जमशेदपुर में पेड़ कटवाने का मामला**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कैडर के आइपीएस अधिकारी अंशुमन कुमार को पेड़ कटवाने के मामले में क्लीन चिट मिल गयी है। अभी अंशुमन कुमार केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। झारखंड में कई जगहों पर महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं। जैप 6 के कमांडेंट के पद पर भी रहे हैं। वहां से तबादला के बाद एक गुमनाम पत्र के आधार पर उनके खिलाफ लगाये गये आरोपों की जांच के आदेश दिये गये हैं। जैप 6 में सहायक कमांडेंट के पद पर एक डीएसपी पदस्थापित हैं। उन्होंने इसकी जांच की। माह भर पहले जांच रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय को भेजी गयी। इस रिपोर्ट में कमांडेंट पर कीमती पेड़ कटवाने के आरोप की पुष्टि की गयी है। यह रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय को भेजी गयी है। पुलिस मुख्यालय ने कमांडेंट को जांच का आदेश दिया। कमांडेंट ने डीएसपी की रिपोर्ट को उलट दिया है साथ ही लिखा कि अवैध पेड़ कटाई के मामले में अंशुमन कुमार की संलिप्तता की पुष्टि नहीं हुई है। कमांडेंट ने तीन पेज की रिपोर्ट में कई सवाल भी खड़े किये हैं जो डीएसपी के खिलाफ जाते हैं।

### संचिका अस्त करने की अनुशंसा

**पुलिस मुख्यालय ने कमांडेंट की रिपोर्ट के आधार पर आइपीएस अधिकारी के खिलाफ जांच की संचिका को अस्त करने की अनुशंसा की गयी है। मुख्यालय ने दोनों जांच की रिपोर्ट को फाइल में लगाकर गृह विभाग को भेज दिया है। गृह विभाग रिपोर्ट की समीक्षा कर रहा है।**

## अफसर अली की जमानत पर सुनवाई 5 जून को

**रांची (आजाद सिपाही)। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से जुड़े बरियातू के बड़गाईं की 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले में आरोपी मोहम्मद अफसर अली की जमानत याचिका पर अब पीएमएलए कोर्ट में 5 जून को सुनवाई होगी। उसकी ओर से 14 मई को जमानत की गुहार लगायी गयी है। बता दें कि 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले में इडी ने 17 अप्रैल को उसे प्रोडक्शन रिमांड पर लेकर इस मामले में भी गिरफ्तार किया था। बरियातू में सेना की 4.5 एकड़ जमीन घोटाले में भी वह आरोपी है।**

# आइएएस मनीष रंजन ने इडी से समय मांगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** आइएएस मनीष रंजन को शनिवार को इडी के समक्ष उपस्थित होना था, लेकिन वह नहीं पहुंचे। उन्होंने इडी कार्यालय पत्र भेज कर इस बात की जानकारी दी। साथ ही एजेंसी से अगली तारीख देने की मांग की। इडी ने मनीष रंजन से टेंडर कमीशनखोरी मामले की पूछताछ करने के लिए तलब किया था। दरअसल, टेंडर कमीशनखोरी मामले में झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, उनके पीएस संजीव लाल और निजी सहायक जहांगीर आलम की गिरफ्तारी के बाद इडी ने विभाग के पूर्व सचिव मनीष रंजन के खिलाफ 22 मई को समन जारी किया था। जारी समन में इडी ने मनीष रंजन को 24 मई को रांची स्थित इडी के क्षेत्रीय कार्यालय सुबह 11 बजे पूछताछ के लिए बुलाया था। इडी ने मनीष रंजन को अपने और परिवार के सदस्यों की आय और संपत्ति से जुड़े दस्तावेज भी साथ लाने को कहा है। अभी आलमगीर आलम इडी की रिमांड पर हैं। इडी उनसे पूछताछ कर रही है। खुलासा हुआ है कि एक एक्सेल शीट में कमीशनखोरी का हिसाब रखा जाता था, जिसमें मनीष रंजन का नाम भी था। इधर अन्य आरोपियों से पूछताछ में इडी को यह जानकारी मिली है कि मनीष रंजन ने अपने कमीशन का रेट बढ़ा दिया था। पहले सचिव को .75 परसेंट कमीशन जाता था। उसे उन्होंने 1.25 परसेंट कर दिया था। उसी के आधार पर मनीष रंजन को पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

### मंत्री से अधिकारी तक लेते थे कमीशन

**इडी ने कोर्ट में खुलासा किया था कि ग्रामीण विकास विभाग के टेंडर में अधिकारी से लेकर मंत्री तक कमीशन लेते थे। बता दें कि आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके निजी सहायक जहांगीर आलम के घर पर छापेमारी में इडी को नोटों के ढेर मिले थे, जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया था। इसके बाद मंत्री आलमगीर आलम से पूछताछ हुई और इडी ने उनको भी गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों से मिल रही जानकारी के मुताबिक इडी अभी एक और आइएएस अफसर को पूछताछ के लिए समन जारी करनेवाली है।**

# सीएम ने फरार हेहल के पूर्व सीओ अनिल सिंह पर विभागीय कार्यवाही चलाने का दिया निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने हेहल अंचल के पूर्व सीओ अनिल कुमार सिंह पर विभागीय कार्यवाही चलाने का आदेश दिया है। अनिल कुमार सिंह पर लगाये गये आरोप पत्र पर सीएम ने अपनी सहमति दे दी है। उनके विरुद्ध आदिवासी रैयतों के नाम दर्ज भूमि को गैर आदिवासी के नाम से उत्तराधिकारी नामांतरण की स्वीकृति प्रदान करने, सरकारी भूमि जय प्रकाश उद्यान की सुरक्षा नहीं करने और भूमि माफिया की मिलीभगत से उक्त भूमि पर कब्जा करने में उन्हें सहयोग करने समेत अन्य गंभीर आरोप हैं। इसी इलाके में पांच एकड़ से अधिक जमीन का फर्जीवाड़ा किया गया। मामले में तत्कालीन छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त ने 16 अक्टूबर 2020 को आरोप पत्र गठित कर सरकार को कार्रवाई की अनुशंसा की थी। इस मामले में उन्हें निलंबित भी किया गया है। सरकार ने विभागीय जांच पदाधिकारी के रूप में सेवानिवृत्त आइएएस गणेश कुमार को नियुक्त किया है। वहीं, अपर समाहर्ता रांची को उपस्थापन पदाधिकारी भी नियुक्त किया गया है। अनिल सिंह से इस संबंध में 15 दिनों के अंदर विभाग के संचालन पदाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर अपना लिखित बयान समर्पित करने का आदेश दिया गया है। हेहल अंचल में जमीन फर्जीवाड़े की प्रर्वतन निदेशालय भी जांच कर रहा है। हेहल डीएवी के आगे ओर ललित नारायण मिश्रा कॉलोनी के अगल-बगल की जमीन की जांच चल रही है। आय से अधिक संपत्ति मामले में एसीबी भी उनके खिलाफ जांच कर रही है। गड़बड़ी सामने आने के बाद रांची पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी के लिए भी प्रयास किया। छपरा बिहार स्थित उनके आवास पर इश्तेहार चिपकाया गया। इस संबंध में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि अभी तक अनिल कुमार सिंह की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है। उनके आवास की कुर्की-जब्ती की भी कार्रवाई की जा रही है।

# चुनाव आयोग ने भाजपा इरफान और सेल को चेताया

**आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने का निर्देश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।**आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में निर्वाचन आयोग ने प्रदेश भाजपा, कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी और स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया बोकारो को चेतावनी देते हुए नियमों का अक्षरशः अनुपालन करने को कहा है। भाजपा पर झारखंड में चौथे और पांचवें चरण के चुनाव के दौरान मतदान केंद्रों पर मानक मतदाता पर्ची की जगह अबकी बार 400 पार नारा के साथ फोटो, चुनाव चिह्न आदि के साथ मतदाता पर्ची वितरण का आरोप है। इसकी प्राथमिकी भी दर्ज है। इस बाबत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने भाजपा के प्रदेश संयोजक, विधि प्रकोष्ठ सुधीर श्रीवास्तव को पत्र के माध्यम से सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के तहत वोटरों को पहचान पत्र सादे कागज पर देना है। उस पर किसी दल विशेष का चिह्न, प्रत्याशी का नाम और दल का नाम नहीं होना चाहिए। विधायक इरफान अंसारी के सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर 17 मई को किये गये पोस्ट को जांचोपरांत आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करने का निर्देश दिया गया है। कहा गया है कि कोई भी दल या प्रत्याशी ऐसी किसी भी गतिविधि में शामिल नहीं हों जिससे आपस में घृणा फैले या विभिन्न जातियों और संप्रदायों के बीच तनाव का माहौल बने। दूसरी ओर स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया ने निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के बावजूद बोकारो स्टील प्लांट में कार्यरत कर्मियों को छठे फेज के चुनाव में मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश देने से मना कर दिया था।

# 892 व्यावसायिक प्रशिक्षकों की सेवा समाप्त

**अब आंदोलन की तैयारी में जुटे कर्मी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राज्य के 446 सरकारी प्लस 2 हाइस्कूलों में कार्यरत व्यावसायिक प्रशिक्षकों को बेरोजगार करने की तैयारी की जा रही है। व्यावसायिक प्रशिक्षकों की संख्या 892 है। प्रशिक्षक वर्ष 2015-16 में कांट्रैक्ट पर नियुक्त हुए थे। झारखंड शिक्षा परियोजना कांट्रैक्ट पर नियुक्ति के लिए एजेंसी नियुक्त करती है। अभी 11 कंपनियां राज्य के सभी प्लस-टू स्कूलों में प्रशिक्षकों को नियुक्त करती हैं। इन प्रशिक्षकों के पास नौ सालों का अनुभव है। परियोजना ने अब दूसरी कंपनियों को प्रशिक्षकों की नियुक्ति का काम दे दिया है, जिसके बाद सभी प्रशिक्षकों को इमेल के जरिये सूचना दी गयी है कि उनका कांट्रैक्ट खत्म हो चुका है। लिहाजा वह अब नौकरी पर नहीं हैं। इस मामले को लेकर व्यावसायिक प्रशिक्षक संघ ने आंदोलन की तैयारी कर ली है। साथ ही चेतावनी भी दी है कि अगर उन्हें बेरोजगार किया गया, तो सभी प्रशिक्षक परियोजना कार्यालय के सामने आत्मदाह करने को मजबूर होंगे। संघ का कहना है कि युवाओं के साथ बच्चों के भविष्य को भी खराब किया जा रहा है। हर दो साल में डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन, उम्र, इंटरव्यू परीक्षा लेने के नाम पर प्रशिक्षकों को हटाया जा रहा है। संघ के अध्यक्ष जीतेंद्र कुमार, सचिव मिथिलेश पांडेय ने मांग की है कि इस मामले में सरकार उनके साथ न्याय करे।



### संथाल के वोटरों को साध गये अमित शाह, बाबूलाल और सीता सोरेन ने भरी हुंकार

# भ्रष्टाचारी क्या अब जेल से चलायेंगे प्रदेश की सरकार : सीता सोरेन

**इन भ्रष्टाचारियों ने होटवार जेल को ही सचिवालय बना दिया है**

ओमप्रकाश शर्मा

**जामताड़ा।** शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जामताड़ा और देवघर में थे। इस इलाके में तीन लोकसभा क्षेत्र है। दो लोकसभा क्षेत्र दुमका और राजमहल में आदिवासी वोटर निर्णायक हैं और यह क्षेत्र एसटी के लिए सुरक्षित भी है। दोनों सीटें अभी जेएमएम के पास हैं। अमित शाह जेएमएम के इस किला को ध्वस्त करना चाहते हैं। उन्होंने जिस तरह से शिबू सोरेन परिवार की बहू सीता सोरेन को भाजपा में सम्मान देने साथ ही शिबू सोरेन के बड़े पुत्र दुर्गा सोरेन का नाम बार-बार लिया, इससे वे कहीं न कहीं आदिवासी वोटरों को भाजपा के पक्ष में करने में कामयाब हो सकते हैं। जिस मैदान में सभा थी, वह ठसाठस भरा हुआ था। भाजपा के नेता काफी उत्साहित थे। अमित शाह ने देवघर के मधुपुर में चुनावी सभा को संबोधित किया।

वहीं शुक्रवार को मेंझिया दुर्गा मंदिर मैदान में जनसभा को दुमका से भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी सीता सोरेन ने भी संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में सोरेन परिवार और राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को भी निशाने पर लिया। कहा, पहले करोड़ों का भ्रष्टाचार कर यहां गरीबों की हकमारी करते हैं और जब जेल जाते हैं तो पत्नी जनसभा कर झूठा विलाप करती हैं। पहले सीएम, फिर मंत्री और अब सुन रही हूं दो और मंत्री भ्रष्टाचारी सिद्ध हो चुके हैं।

बारी-बारी कर अब इनकी पत्नियां हीं जनसभा करेंगी और झूठे मामलों में फंसाये जाने का विलाप करेंगी। मुझे तो इन भ्रष्टाचारी रावणों के चंगुल से मोदी ने निकाला है और सम्मान दिया, इन भ्रष्टाचारी परिवारों को कौन बचायेगा। ये शब्द बाण थे, दुमका से भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी सीता सोरेन के। निशाने पर पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन थीं और सीता अपने शब्दों के बाण से बगैर किसी का नाम लिये ही अपने चुनावी रण का लक्ष्य भेदने को आतुर थीं।

**सोरेन परिवार और प्रदेश सरकार को निशाने पर लिया:** उन्होंने कहा इन भ्रष्टाचारियों ने होटवार जेल को ही सचिवालय बना दिया है। क्या यह भ्रष्टाचारी सरकार होटवार जेल से ही सरकार चलायेगी। चुनावी रण में उतरी सीता ने सोरेन परिवार को भ्रष्टाचारियों का गढ़ करार दिया। कहा जिस परिवार ने अपनी बड़ी बहू और अपनी तीन भतीजियों को अपमानित कर दरकिनार करने का काम किया क्या वह परिवार और इनकी सरकार प्रदेश की जनता को सम्मान देगी। उन्होंने कहा कि पूरा प्रदेश इन भ्रष्टाचारियों के काले करतूतों से वाकिफ हो चुका है। दोनों देवर सत्ता पाने को किसी भी तरह के भ्रष्टाचार से समझौता करने को तैयार हैं। आने वाले कुछ ही दिनों में सबका अगला ठिकाना होटवार जेल ही होगा।




## भाजपा ही सुशासन ला सकती है : बाबूलाल मरांडी

इसके पहले जामताड़ा में मंच पर पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही झारखंड का विकास संभव है। भाजपा ही सुशासन ला सकती है और झारखंड को भ्रष्टाचारमुक्त कर सकती है। इसलिए सीता सोरेन को दुमका से विजयी दिलाना जरूरी है। मौके पर निर्वतमान संसाद सुनील सोरेन, सारठ विधायक रणधीर कुमार सिंह, प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, सुनील सोरेन, जिला अध्यक्ष सुमित शरण, पूर्व विधायक सत्यानंद झा बाटुल, नगर पंचायत अध्यक्ष रीना कुमारी, जामताड़ा जिला परिषद अध्यक्ष राधा रानी सोरेन, मिहीजाम नगर परिषद अध्यक्ष कमल गुप्ता, सुकमणि हेंब्रम संतन मिश्रा, राजेश महतो, रवि तिवारी, हरिमोहन मिश्रा, नेहा शर्मा, बेबी शंकर, जावेद अंसारी, मनीष दुबे, प्रभास हेंब्रम, दुबराज मंडल, मोहन शर्मा, पुष्पा सोरेन, सोमनाथ सिंह सहित अन्य भाजपा नेता उपस्थित थे।

## सोरेन परिवार का बड़ा उत्तराधिकारी हम हैं : सीता सोरेन

दुमका से भाजपा उम्मीदवार सीता सोरेन ने कहा कि सोरेन परिवार का बड़ा उत्तराधिकारी हम हैं। हमारे परिवार के लोगों ने हमारा शोषण किया लेकिन भाजपा ने जो सम्मान दिया, उसकी मैं आभारी हूं। भाजपा ही झारखंड का भला कर सकती है। उन्होंने कहा कि दुमका में यदि विकास चाहते हैं तो भाजपा को वोट करें।

### कल्पना सोरेन ने चुनावी सभा में लगाया नारा

# जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन...



- कल्पना सोरेन ने राज्य सरकारी की गिनायीं उपलब्धियां
- झामुमो प्रत्याशी विजय कुमार हांसदा के पक्ष में मांगा वोट

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोरियो (साहिबगंज)।** शुक्रवार को बोरियो प्रखंड के मंगरूटीकर फुटबाल मैदान में राजमहल लोकसभा सीट से झामुमो प्रत्याशी विजय कुमार हांसदा के पक्ष में चुनावी सभा आयोजित की गयी। इस सभा में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुईं। उन्होंने झामुमो प्रत्याशी विजय कुमार हांसदा के पक्ष में वोट की अपील की। सभा का संचालन झामुमो जिला अध्यक्ष शाहजहां अंसारी ने किया।

मुख्य वक्ता पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना मुर्मू उपस्थित थीं। सोरेन ने कहा कि भाजपा ने 2014 के चुनाव में लोगों से वादा किया था कि दो करोड़ नवयुवकों को रोजगार देंगे। उन्होंने आगे कहा कि महंगाई खत्म करेंगे। विदेशों में छुपा काला धन वापस लायेंगे। सभी गरीबों के खाते में 15 लाख करके डालेंगे। लेकिन 10 वर्ष बीत जाने के बाद कुछ नहीं हुआ। महंगाई व बेरोजगारी बढ़ी। कल्पना सोरेन ने सभा में जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा का नारा भी लगाया।

## कैंची छाप वोट कटवा है : हेमलाल

पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार ने बिना दोष के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजवाया। मोदी को पीएम की कुर्सी से हटाना है तो 1 जून को तीर-धनुष में वोट दें। कैंची छाप वाले को वोट कटुआ छाप बताया। उन्होंने कहा कि 1 जून को हाट, वाट, काम को छोड़ सबसे पहले मतदान तब जाकर कोई काम करें। इस मौके पर जिला अध्यक्ष शाहजहां अंसारी, पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रो. नजरूल इस्ताम, प्रखंड प्रमुख शांति बास्की, विकास मुर्मू, केंद्रीय कमेटी सदस्य स्टीफन मुर्मू, प्रखंड अध्यक्ष जेठा मरांडी, प्रखंड सचिव मो. गफ्फार अंसारी, रिजवान अंसारी, सकील अहमद आदि थे।

**राज्य के विकास में हेमंत सोरेन का रहा योगदान :** कल्पना सोरेन ने कहा कि दिशोम गुरू शिबू सोरेन के चालीस वर्षों के आंदोलन के पश्चात ही झारखंड बना। कल्पना ने कहा कि इस राज्य के विकास में हेमंत सोरेन का काफी योगदान रहा है। कोरोना काल में विदेशों में फंसे मजदूरों को हवाई जहाज से लाया गया।

**राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनायीं :** कल्पना सोरेन ने राज्य सरकारी की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने 50 वर्ष की उम्र के सभी गरीबों के लिए सर्वजन पेंशन योजना लागू की है। 36 लाख लोगों को पेंशन दी। भाजपा सरकार में 11 लाख लोगों के राशन कार्ड खत्म हो गये। हेमंत सोरेन ने 20 लाख हरा राशन कार्ड निर्गत किया। 20 लाख गरीबों को अबुआ आवास से जोड़ा गया। हेमंत सोरेन ने बीजेपी के शासन में बंद हुए स्कूलों को पुनः खोलवाया।

# चार लोकसभा में 8963 बूथों पर वेब कास्टिंग से नजर: सीइओ

**186 बूथों पर महिलाएं और 22 पर युवा संभालेंगे व्यवस्था**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि चार संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के सभी 8963 बूथों पर कंट्रोल रूम से वेब कास्टिंग से नजर रखी जायेगी। यही जिम्मेदारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी अपने कंट्रोल रूम से निभायेंगे। हर बूथ के भीतर और बाहर 4 डी कैमरे लगे हैं। सभी बूथों पर प्राथमिक सुविधाएं बहाल की गयी हैं।

रवि कुमार शुक्रवार को निर्वाचन सदन में पत्रकारों से बात कर रहे थे। बताया कि बूथों पर मतदानकर्मी पहुंच गये हैं। सभी बूथ पर पारा मिलिट्री फोर्स तैनात है। निर्वाचन आयोग वेब कास्टिंग की मदद से वोटिंग स्पीड की भी मॉनिटरिंग करेगा और जरूरत के अनुसार मतदानकर्मियों को निर्देशित किया जायेगा। स्पीडी वोटिंग के लिए मतदानकर्मियों को ट्रेनिंग भी दी जा चुकी है, ताकि मतदाता को मतदान के लिए कतार में ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़े।

अपील करते हुए कहा कि सभी लोग परिवार संग चुनाव पर्व में उत्साह से हिस्सा लेते हुए मतदान जरूर करें। 8963 बूथों में से 186 बूथों पर महिलाएं और 22 पर युवा व्यवस्था संभालेंगे। 15 यूनिक बूथ है, जिसे विशेष तरह से विकसित किया गया है। छठे चरण के चुनाव में कुल 290 थर्ड जेंडर के मतदाता हैं। इनमें जमशेदपुर में 133, धनबाद में 80, रांची में 69 और गिरिडीह में आठ थर्ड जेंडर के मतदाता मतदान करेंगे। उन्होंने हर संस्थान को अपने कर्मियों को मतदान दिवस 25 मई को नियमानुसार सवैतनिक अवकाश देने और मतदान के लिए प्रेरित करने को कहा है। साथ ही कहा कि अनिवार्य सेवा वाले संस्थान भी अपने कर्मियों को वोटिंग की सुविधा दें।

## घर बैठे जान सकेंगे बूथों पर कतार का लाइव स्टेटस

रांची (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव 2024 के छठे चरण में झारखंड की चार संसदीय सीटों रांची, जमशेदपुर, धनबाद और गिरिडीह पर 25 मई को चुनाव होने हैं। रांची लोकसभा क्षेत्र में होने वाले चुनाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने मतदाताओं की सुविधा के लिए बूथ स्टेटस एप तैयार किया है। इसकी मदद से शहरी क्षेत्र के मतदाता घर बैठे ही वोटर बूथों में लगी मतदाताओं की कतार का लाइव स्टेटस पता कर पायेंगे। इस बूथ स्टेटस एप को मतदाता गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। रांची लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले रांची, हटिया और कांके विधानसभा क्षेत्र के बूथों के लाइव स्टेटस के बारे में एप के माध्यम से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### रांची के 1000 बूथों की मिलेगी जानकारी

रांची डीडीसी दिनेश कुमार यादव ने बताया कि बूथ स्टेटस एप की मदद से मतदाता रांची के शहरी क्षेत्र के लगभग 1000 बूथों के वोटर क्यू का अपडेट जान सकेंगे। इसके लिए सभी बूथ पर जिला प्रशासन ने कर्मी को नियुक्त किया है। सभी कर्मी अपने बूथ से वहां की स्थिति को अपडेट करेंगे। इसके लिए उन्हें प्रशिक्षण भी दिया गया है।

मतदाता व्हाट्सएप पर भी मतदान केंद्र पर लगी लाइन की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मतदाता पंक्ति की जानकारी प्राप्त करने के लिए आपको 8007120120 पर मैसेज करना होगा। इसके बाद अपडेट मिल जायेगा।

# कांग्रेस-झामुमो ने निशिकांत के खिलाफ चुनाव आयोग में दर्ज करायी शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कांग्रेस-झामुमो के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार से मिल कर गोड्डा प्रत्याशी सह सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी। साथ ही आग्रह किया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे पर चुनाव को नकारात्मक रूप से प्रभावित करने और आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में कानूनी कार्रवाई की मांग की गयी।

प्रतिनिधिमंडल ने शिकायत में कहा कि 23 मई को गोड्डा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे ने विधायक सह कृषि मंत्री बादल पत्रलेख और विधायक सह मंत्री हफीजुल हसन को इडी का समन दिये जाने संबंधी बयान दिया था। कुछ न्यूज चैनलों में भी बादल पत्रलेख और हफीजुल हसन को इडी का समन जारी किये जाने की खबरें प्रसारित की गयीं, लेकिन इस मामले में इडी के अधिकारियों ने न ही आधिकारिक रूप से पुष्टि की और न ही इसका खंडन किया, जबकि इडी का कोई समन बादल पत्रलेख और हफीजुल हसन को नहीं दिया गया है।

मंत्री बादल पत्रलेख एवं हफीजुल हसन की आम जनता के बीच अच्छी लोकप्रियता है। इसलिए भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे के जरिये एक सोची-समझी साजिश के तहत चुनाव को नकारात्मक रूप से प्रभावित करने की नीयत से भ्रष्टाचार से जोड़ते हुए गलत खबर प्रमुखता से प्रसारित की गयी। साथ ही गोड्डा लोकसभा क्षेत्र की जनता के बीच इंडी गठबंधन के घटक दल कांग्रेस और झामुमो के प्रति नकारात्मक छवि बनाने के लिए साजिश रची गयी। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस के संगठन महासचिव अमूल्य नीरज खलखो, प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा, झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य और प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता कमल ठाकुर शामिल थे।

### चुनाव को लेकर ट्रैफिक में बदलाव

# पिस्का मोड़ से तिलता चौक तक सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन वर्जित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची लोकसभा क्षेत्र में चुनाव को लेकर शनिवार को ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। यह बदलाव मतदान समाप्ति के बाद किया गया है। ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली ने शुक्रवार को बताया कि रांची लोकसभा क्षेत्र के रांची, कांके, सिल्ली, हटिया, खिजरी विधानसभा क्षेत्र में चुनाव होना है। मतदान समाप्ति के बाद मतदान पदाधिकारी और कर्मी इवीएम को पंडरा स्थित ब्रजगृह में जमा किया जायेगा। इस दौरान काफी संख्या में वाहनों का मूवमेंट होगा। इसे ध्यान में रखते हुए रांची शहरी क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

**ये होंगे बदलाव :** 25 मई को शाम चार बजे से सुबह तीन बजे तक पिस्का मोड़ से तिलता चौक तक चुनाव संबंधी वाहन और आपातकालीन वाहन को छोड़कर सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन वर्जित रहेगा।

पिस्का मोड़ से आगे जाने के लिए पिस्का मोड़ से बाये मुड़कर कटहल मोड़ होते हुए, न्यू मार्केट चौक से कांके रोड होते हुए रिंग रोड से अपने गंतव्य स्थान तक वाहन जा सकेंगे।

तिलता चौक से पिस्का मोड़ की ओर आने वाले सभी प्रकार के वाहन तिलता चौक से बायें मुड़कर रिंग रोड और दाहिने मुड़कर रिंग रोड से अपने गंतव्य स्थान तक जा सकेंगे।

## राजधानी में चला मतदाता जागरूकता अभियान

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची लोकसभा क्षेत्र में मतदान के मद्देनजर शुक्रवार को विभिन्न चौक-चौराहों पर पोस्टर के जरिये मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।
अभियान की शुरुआत बिरसा चौक से हुई, जो अरगोड़ा चौक और सुजाता चौक होते हुए अल्बर्ट एक्का चौक सहित शहर के मुख्य चौक-चौराहों पर पहुंचा। इस अभियान में विधायक सीपी सिंह, पूर्व सांसद अजय मारू, संजीव विजयवर्गीय, वरुण साहू, मुकेश मुक्ता, मनोज मिश्रा और रमेश सिंह सहित अन्य शामिल थे।







## रांची में आज बंद रहेगी कूरियर सेवा, वोट डालें, एक कूरियर मुफ्त भेजें



रांची (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से झारखंड कूरियर एसोसिएशन ने 25 मई को रांची में कूरियर सेवा बंद रखने की घोषणा की। एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेम मित्तल ने बताया कि रांची में मतदाताओं को प्रोत्साहन देने के लिए फ्री कूरियर की व्यवस्था की गयी है। इसके साथ ही मेन रोड विष्णु टॉकिज लेन स्थित स्वाति कूरियर ने मतदान में भाग लेने वालों को एक कूरियर मुफ्त भेजने की सुविधा की घोषणा की है। कंपनी ने कहा कि लोग इस ऑफर का 31 मई तक लाभ उठा सकेंगे। इसके लिए उन्हें अंगुली में स्याही का निशान दिखाना होगा। साथ ही अपना आधार या वोटर आइडी कार्ड लाना होगा। इसके बाद 50 ग्राम तक का नॉर्मल लिफाफा ऑल इंडिया में कहीं भी फ्री भेज सकते हैं।

# फर्स्ट टाइमर वोटर भी किसी बहकावे में नहीं आयें: सुप्रियो

### जनता की नाराजगी भाजपा के खिलाफ पहले फेज से दिख रही

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा ;झामुमोद्ध के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि ये पहली बार है जब मतदाता बिना किसी बहकावे में आये सोच-समझकर मतदान कर रहे हैं। भाजपा इस चुनाव में पहले चरण से ही पिछड़ती नजर आ रही है। सुप्रियो भट्टाचार्य शुक्रवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बात रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा जो भाषा इस्तेमाल कर रही है। धर्म के नाम पर, संप्रदाय के नाम पर। जब समाज का एक बड़ा वर्ग उन्हें निष्कासित करने लगा, तो धर्म से नीचे उतरकर वह जाति समूह में बदल गयी। जब चुनाव में टिकटों का बंटवारा हो रहा था। क्षत्रिय समाज को टिकट से वंचित किया गया, तो उनकी नाराजगी सामने आयी। कायस्थ समूह को भी अपमानित करने का काम किया गया।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि विदेशी और आर्थिक मामलों के जानकार यशवंत सिन्हा के पुत्र जयंत सिन्हा वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान रखते हैं। उनको भी निशाना बनाया। क्योंकि वे जानते हैं कि हजारीबाग वे हार गये। इसलिए हार का ठीकरा उनके सिर फोड़ने की तैयारी है। धनबाद का भी जनादेश आयेगा, तो राज सिन्हा को राजनीतिक मोहरा बनाया गया। ये लोग सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास का नारा लगाते हैं। जब नेताओं को शोकॉज किया गया और उनके जवाब आये, तो भाजपा ने कहा कि ये सामंतवादी सोच के लोग हैं। कैसे-कैसे रंग बदलते रहते हैं ये लोग। केवल चुनाव जीतना है। उन्होंने कहा कि शनिवार को चार जगहों पर जहां मतदान होने हैं, वहां मतदाता मताधिकार का प्रयोग करें।





**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 92,000 रु./प्रति किलो |



# संजय सेठ ने की लोगों से मतदान की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने लोगों से शनिवार को मतदान करने की अपील की। कहा कि पांच साल में एक बार लोकतंत्र का पर्व आता है। इस पर्व में हम सभी लोगों को इसमें भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए, यह हमारा कर्तव्य है कि हम देश का नेतृत्व करनेवाले प्रधानमंत्री का चुनाव करने जा रहे हैं। वर्तमान में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक सशक्त नेता के रूप में आप सबों के आशीर्वाद से मिला है। इन 10 वर्षों में देश की कई उपलब्धियां रही हैं, जो आज भारत को नयी ऊंचाई पर ले जा रहा है। इसलिए सुबह अपने-अपने घरों से निकलकर मतदान करें। यही हमारा राष्ट्रीय धर्म है। सांसद संजय सेठ मतदान के पूर्व प्रातः 5.30 बजे पहाड़ी मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। 7.30 बजे ओटीसी कैंपस स्थित संत कोलंबस स्कूल में परिवार संग मतदान करेंगे।

## दो अभियोजन गवाह के क्रॉस एग्जामिन के लिए राजा पीटर को मिली अनुमति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड मामले में अभियोजन गवाह के क्रॉस एग्जामिन के लिए आरोपी राजा पीटर को एनआइए की विशेष कोर्ट से अनुमति मिली है। राजा पीटर ने कोर्ट में आवेदन देकर दो अभियोजन गवाह के क्रॉस एग्जामिन करने का आग्रह किया था। मामले में शुक्रवार को केस के अनुसंधानकर्ता का क्रॉस एग्जामिन नहीं हो पाया। बता दें कि मामले में एनआइए के द्वारा 89 गवाहों का बयान दर्ज कराया गया है। 9 जुलाई 2008 को पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा की हत्या बुंडू के स्कूल में एक कार्यक्रम के दौरान नक्सलियों ने गोली मार कर कर दी थी। मामले में पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर, नक्सली कुंदन पाहन समेत कई आरोपी ट्रायल फेस कर रहे हैं। मामले में राजा पीटर अभी जमानत पर हैं, उन्हें हाइकोर्ट से जमानत मिली है। नक्सली कुंदन पाहन समेत करीब 15 आरोपी जेल में बंद हैं।

## छह वकीलों की कमेटी जांच रिपोर्ट हाइकोर्ट को सौंपेगी

# 648 बहुमंजिली इमारतों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग को जांचेगी कमेटी

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने रांची की बहुमंजिली इमारतों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जांच के लिए छहअधिवक्ताओं की कमेटी बनायी है। इस कमेटी में अधिवक्ता कुमार हर्ष, तरुण कुमार महतो, राहुल आनंद, आसिफ खान, बजरंग कुमार और अभिजीत शामिल हैं। यह कमेटी औचक निरीक्षण कर रांची शहर के 648 मल्टी स्टोरेज बिल्डिंग में रेन वाटर हार्वेस्टिंग चालू स्थिति में है या नहीं इसकी जांच करेगी। अधिवक्ताओं की छह सदस्यीय कमेटी का नेतृत्व अधिवक्ता पीएएस पति और विभाष सिन्हा करेंगे। अधिवक्ताओं की कमेटी के साथ रांची नगर निगम के तीन अभियंता भी रहेंगे, जो तकनीकी रूप से अधिवक्ताओं की कमेटी को सहयोग करेंगे। अधिवक्ताओं की कमेटी द्वारा रेन वाटर हार्वेस्टिंग की जांच पड़ताल के बाद कमेटी के नेतृत्वकर्ता पीएएस पति और विभाष सिन्हा हाइकोर्ट को मल्टी स्टोरिज बिल्डिंग के संबंध में रिपोर्ट देंगे।

हाइकोर्ट ने रांची डीसी को निर्देश दिया है कि कमेटी को कार्य करने में किसी तरह की कोई बाधा ना आये, इसके लिए वह एक नोडल अधिकारी नामित करें। हाइकोर्ट ने रांची नगर निगम को भी रांची शहर के जी प्लस 3 भवनों और जी प्लस 4 भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग के संबंध में सर्वे कर रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 18 जून को होगी। दरअसल, रांची के जलस्रोतों के संरक्षण एवं रांची के तीन डैम की साफ सफाई और उसे अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर हाइकोर्ट जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही है।

# आइएसपी विजेता, सीएमओ की टीम उपविजेता बनी



### सेल एचआर कॉन्क्लेव का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सेल एचआर कॉन्क्लेव में शनिवार को विचारक नेता प्रबीर झा ने दुनिया भर में एचआर समुदाय द्वारा सामना की जा रही आधुनिक जटिलताओं पर उपयोगी अंतदृष्टि साझा की। इसके बाद सेल के एकीकृत इस्पात संयंत्रों और विपणन प्रभाग की टीमों ने सेल में कार्मिक से मानव संसाधन में परिवर्तन के रोडमैप पर प्रस्तुतियां दीं। फाइनलिस्ट टीमों ने पारंपरिक अनुपालन भूमिका से अधिक रणनीतिक भूमिका की ओर बढ़ने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। टीमों ने कार्मिक से मानव संसाधन में परिवर्तन को सुदृढ़ करने के लिए सेल मानव संसाधन बिरादरी के सामने आने वाली चुनौतियों के रूप में मानव संसाधन स्कोरकार्ड, जन केंद्रित नीतियों, कर्मचारियों की अपस्किलिंग और रिस्किलिंग, कार्य जीवन संतुलन, कौशल मानचित्रण, अनुबंध श्रम कौशल आदि के बारे में बात की। एचआर के लक्ष्यों को व्यावसायिक उद्देश्यों के साथ संरेखित करने आदि पर भी प्रकाश डाला गया। आइएसपी की टीम सेल एचआर थीमेटिक प्रतियोगिता की विजेता बनी। सीएमओ की टीम प्रथम उपविजेता रही।

सेल के निदेशक कार्मिक ने विजेताओं और अन्य प्रतिभागियों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। आइआइपीए की प्रोफेसर चारू मल्होत्रा और मोहित सतराज मौजूद थे। एचआर कारपोरेट बीएस पोपली ने इस पहले कॉन्क्लेव को सफल बनाने में उनके अपार योगदान के लिए धन्यवाद दिया।

# पारस हॉस्पिटल में मरीज को मिली नयी जिंदगी

### आरएसओवीए एवीआर और पल्मोनरी वाल्व रिपेयर से ऑपरेशन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** एचइसी स्थित पारस हॉस्पिटल में औरंगाबाद के रहने वाले 27 वर्षीय एक मरीज का आरएसओवी मरम्मत, एओर्टिक वाल्व रिप्लेसमेंट और पल्मोनरी वाल्व रिपेयर कर सफल ऑपरेशन किया गया। मरीज को सांस लेने में कठिनाई हो रही थी और वह लगातार खांस भी रहा था। पारस हॉस्पिटल के डॉ कुणाल हजारी और उनकी टीम ने सफलतापूर्वक सर्जरी की। सर्जरी के दौरान कई जटिलताएं भी थीं, जिसे डॉ हजारी ने इलाज कर नयी जिंदगी दी। मरीज को डिस्चार्ज कर दिया गया है। इसके तीन सप्ताह के बाद चेकअप के बाद मरीज की स्थिति बहुत ठीक है। हार्ट के चार वाल्व में तीन वाल्व खराब था। एक ही वाल्व नॉर्मल था। सर्जरी के बाद दो वॉल्व को रिपेयर किया गया। वहीं एक वॉल्व को चेंज किया गया। मरीज के मामा का 10 साल से पहले ऑपरेशन किया था, उन्होंने मुझसे संपर्क किया। मार्च के पहले सप्ताह में मरीज को मेरे पास लाया गया। जल्द से जल्द ऑपरेशन कराने की सलाह दी। आयुष्मान भारत के तहत इस मरीज का सफल सर्जरी की गयी। डॉ हजारी ने कहा कि 1997 से कार्डिएक सर्जरी कर रहा हूं। इतने लंबे करियर में ऐसे छह से सात केस देख चुका हूं। झारखंड में 15 सालों में यह चौथा ऑपरेशन है। चारों ही ऑपरेशन सफल रहे।

# जून में सेवानिवृत्त रेल कर्मियों को जुलाई के इंक्रीमेंट का मिलेगा लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रेलवे की ओर से वार्षिक इंक्रीमेंट को लेकर बड़ी घोषणा की गयी है। रेलवे बोर्ड की मानें तो अब 30 जून को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को भी 1 जुलाई से लागू होने वाले इंक्रीमेंट का लाभ दिया जायेगा। ये व्यवस्था इस साल से ही लागू की जायेगी। रेलवे बोर्ड की ओर से इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है।

पूर्व की व्यवस्था के अनुसार 30 जून को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को 1 जुलाई को मिलने वाले वार्षिक इंक्रीमेंट का लाभ नहीं मिल पाता था। ऐसे में नयी व्यवस्था लागू होने पर रेलवे कर्मियों को इसका लाभ मिलेगा। रेलवे नियुक्ति की तारीख के आधार पर अपने कर्मचारियों को 1 जनवरी और 1 जुलाई को तीन प्रतिशत वार्षिक इंक्रीमेंट का लाभ देता है। रेलवे ने ये आदेश कोर्ट के आदेश के बाद जारी किया है। सभी जोन के महाप्रबंधक को आदेश जारी करते हुए 30 जून को सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों को इंक्रीमेंट का लाभ देने का आदेश दिया है। इंक्रीमेंट मिलने से कर्मचारियों को बेसिक सहित पेंशन, ग्रेच्युटी, हाउस रेंट एलाउंस, महंगाई भत्ता सहित अन्य भत्ते भी बढ़े बेसिक के आधार पर मिलेंगे।

# शारदा ग्लोबल स्कूल में हास्य योग कार्यशाला

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** छात्रों में तनाव को दूर करने के लिए शारदा ग्लोबल स्कूल ने हास्य-योग की कार्यशाला का आयोजन किया गया। हास्य योग गुरू अंजीत कुमार ने छात्रों को हास्य के महत्व को बताया। कहा कि हंसने और हंसाने से मानसिक तनाव दूर होता है। शरीर में प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है, आज नीरसता, थकान और तनाव भागदौड़ भरी जिंदगी का हिस्सा है। क्रोध, भय, तनाव जीवन पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप ने कहा कि हंसना आपने आप में एक गुण है, जो विपरीत परिस्थितियों में भी खुश रहने और आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। विद्यालय की प्राचार्या जसमीत कौर ने हास्य की विशेषता बताते हुए कहा कि हास्य एक ऐसी दवा है जो जीवन की खुशी को और चाहत को बहुत बड़ा बना देती है। मौके पर जयप्रकाश, सूरज कुमार तथा विद्यारानी उपस्थित थे।

## हटिया झारसुगुड़ा ट्रेन का परिचालन 27 मई से रहेगा रद्द

**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची रेल मंडल के कुरकुरा ओरगा रेल खंड पर विकास कार्यों की वजह से ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिया जायेगा। इसके कारण हटिया झारसुगुड़ा मेमू एक्सप्रेस का परिचालन कुछ दिनों के लिए बंद रहेगा। यह ट्रेन 27, 28, 29 मई, 2, 3, 4, 5, 9 जून को रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 08175 हटिया झारसुगुड़ा मेमू स्पेशल सप्ताह के सात दिन हटिया से झारसुगुडा जंक्शन तक चलती है।

# रातू रोड में ओराज हॉस्पिटल खुला



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के रातू रोड में बाबा अस्पताल के नजदीक अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित बच्चों के लिए ओराज हॉस्पिटल खोला गया। इसका विधिवत उद्घाटन बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर हुआ। इस मौके पर अस्पताल के प्रबंधक सह चिकित्सक डॉ जेपी जयसवाल ने कहा कि समय से पहले होने वाले नवजात शिशु की नर्सरी, 18 वर्ष तक के बच्चों के सभी बीमारियों का इलाज इस अस्पताल में होगा। इस मौके पर चिकित्सक, अस्पताल से जुड़े कर्मी, समाजसेवी उपस्थित थे।

# राजद की भाषा बोल रहे हैं आदित्य साहू: ज्योतिरीश्वर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिरीश्वर सिंह फिर मुखर हुए हैं। उनका कहना है कि भाजपा में बड़े पद पर रह कर आदित्य साहू राजद की भाषा बोल रहे हैं, इसलिए दलहित में इन्हें तत्काल पदमुक्त किया जाना जरूरी है। इस पूरे मामले को लेकर उन्होंने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी को पत्र लिखा है। पत्र में कहा है कि क्या दल और कार्यकर्ता हित में बात करना सामंती होने का परिचायक है। जब इस सामंती शब्द पर सवाल उठने लगा तो पार्टी के एक प्रवक्ता इसे महामंत्री आदित्य साहू का निजी विचार बताने लगे। क्या पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में निजी विचार व्यक्त करने का अधिकार पार्टी का संविधान देता है। कहा कि भाजपा मूल्यों और आदर्शों के साथ काम करने वाली पार्टी है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेयी ने इसे मजबूती प्रदान की है, तो आज नरेंद्र मोदी जैसा करिश्माई नेतृत्व, जिसका पूरा विश्व लोहा मान रहा है और जिनका इस देश की 140 करोड़ जनता एक परिवार है। मोदी जी का परिवार का दायरा इतना व्यापक है और उस दल में रह कर आदित्य साहू जिस जाति सूचक भाषा का प्रयोग कर रहे हैं, इससे उनकी संकीर्ण और जातिवाद से संक्रमित मानसिकता उजागर हो रही है। भाजपा में रह कर वह राजद संस्कृति को विकसित कर रहे हैं। इस पर अविलंब रोक लगाना दलहित में जरूरी है।

# साईं नाथ विश्वविद्यालय के डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग के एक्साइड इंडस्ट्रीज लिमिटेड में 19 विद्यार्थियों का चयन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों का कैंपस ड्राइव का आयोजन साईं नाथ विश्वविद्यालय परिसर में किया गया। कैंपस ड्राइव कुलपति प्रो डॉ एसपी अग्रवाल की मौजूदगी में हुआ। कुलपति ने एक्साइड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के एचआर हेड बसवराज बकाली, एचआर इंटर्न नीतु कुमारी को विश्वविद्यालय के इंफ्रास्ट्रक्चर और पाठ्यक्रमों के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी। इसके बाद नियुक्ति संबंधी प्रक्रिया संपन्न हुई। इसमें 19 विद्यार्थियों का नाम नियुक्ति के लिए शॉट लिस्ट किया गया। छात्र-छात्राओं का अंतिम रूप से चयन तीन लाख बीस हजार से तीन लाख अस्सी हजार सालाना पैकेज पर किया गया। ड्राइव का आयोजन विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक डॉ वीरेंद्र गोस्वामी, सहायक कुलसचिव सुबोध कुमार सिन्हा, प्राचार्य डॉ अहसन रब्बानी भी मौजूद रहे।

## साइबर सुरक्षा जागरूकता पर कार्यशाला जून में

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स की आइटी उप समिति की बैठक अध्यक्ष किशोर मंत्री, उप समिति चेयरमैन मनोज मिश्रा और अल्तमश आलम की अध्यक्षता में चेंबर भवन में हुई। इसमें साइबर सिक्योरिटी अवेयरनेस कार्यशाला जून में कराये जाने पर चर्चा की गयी।

## रंगदारी मांगने के दो अपराधियों को जेल

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची की तुपुदाना ओपी पुलिस ने पीएलएफआइ के नाम पर 10 लाख की रंगदारी मांगने के मामले में दो अपराधियों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अपराधियों में तैयब अंसारी और शमशेर अंसारी शामिल हैं। दोनों को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेजा गया है। इन दोनों ने अधिवक्ता ज्योति आनंद से पीएलएफआइ के नाम पर दस लाख की रंगदारी मांगी थी। इस संबंध में अधिवक्ता ज्योति आनंद ने 17 मई को तुपुदाना ओपी में मामला दर्ज कराया था। ओपी प्रभारी दुलार महतो ने बताया कि दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। दोनों पर पीएलएफआइ के नाम पर 10 लाख रुपये रंगदारी मांगने का मामला दर्ज कराया गया था।

## मार्च से मई तक श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में चला कैंपस ड्राइव और प्लेसमेंट

# डीएसपीएमयू में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव से 80 का चयन

### छात्रों को अभी कई कंपनियों का ऑफर लेटर मिलने का इंतजार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मार्च से मई तक श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में कैंपस ड्राइव और प्लेसमेंट के लिए राष्ट्रीय स्तर की कंपनियां पहुंचीं। इसमें 80 से ज्यादा विद्यार्थियों का चयन किया गया। मई में ही टीसीएस में 69 विद्यार्थियों का अंतिम तौर पर चयन हुआ। इन चयनित विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय का पाठ्यक्रम पूरा होने के बाद चयन पत्र प्राप्त होगा। अप्रैल में शिक्षा जगत में अग्रणी कंपनी डीश्नोट्स ने आठ का अंतिम रूप से चयन किया। अप्रैल में ही यूनाइटेड एक्सप्लोरेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में सात विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया गया है। इसका परिणाम जून में आयेगा। अप्रैल में ही विश्वविद्यालय के एक विद्यार्थी का श्रीराम फाइनेंस बैंक में बिजनेस एक्जीक्यूटिव के पद पर चयन हुआ। अप्रैल में कंसेंट्रिक्स कंपनी के प्लेसमेंट ड्राइव में 74 विद्यार्थियों को अंतिम दौर की चयन प्रक्रिया में सफल होने के बाद उन्हें एक प्रस्ताव पत्र दिया जायेगा। अप्रैल में ही विश्वविद्यालय के आइटी विभाग और बीसीए के विद्यार्थियों को भी हैशडबिट इनोवेशन संस्था से 2 महीने की अवधि के लिए इंटर्नशिप का अवसर मिला। इसमें 23 का चयन किया गया। इसी प्रकार मार्च में भी टीसीएस और डेलॉइट कंपनी में भी कैंपस प्लेसमेंट मिला है। इस उपलब्धि पर कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि विश्वविद्यालय इस योजना पर काफी समय से कार्यरत था कि राष्ट्रीय स्तर की श्रेष्ठ कंपनियों को विश्वविद्यालय में आमंत्रित कर यहां के विद्यार्थियों के लिए रोजगार मुहैया कराया जाये। कुलसचिव नमिता सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय में व्यवसायिक पाठ्यक्रमों को शुरू करने के साथ उनमें लगातार कंपनियों का आगमन शुभ संकेत है। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 35.1 °c | 23.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.27 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.03 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 25 मई, 2024
www.azadsipahi.in


### रामगढ़ सिविल कोर्ट ने डबल मर्डर मामले में सजा के बिंदु पर सुनाया फैसला

# भुरकुंडा डबल मर्डर केस के आरोपी राजा चौधरी को उम्रकैद की सजा, 10000 जुर्माना भी लगाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** भुरकुंडा डबल मर्डर केस मामले में रामगढ़ सिविल कोर्ट ने सजा के बिंदु पर अपना फैसला सुना दिया है। मामले के आरोपी राजा चौधरी को उम्रकैद की सजा सुनायी गयी है। साथ ही उसे 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक दुबे की अदालत ने शुक्रवार को यह फैसला सुनाया है।

### क्या है मामला

जानकारी के अनुसार भुरकुंडा ओपी के सेंट्रल सौंदा बी टाइप क्वार्टर में 3 वर्ष पहले सहारा के एजेंट कमलेश नारायण शर्मा और उनकी पत्नी चंचला देवी की हत्या मामले में राजा चौधरी नामक अपराधी को अदालत ने आइपीसी की धारा 302 के तहत 14 मई 2024 को दोषी कर दिया था। पतरातू (भुरकुंडा) थाना कांड 184/21 में यह फैसला सुनाया है।

### अपराधियों ने घर में घुसकर की थी दंपति की हत्या

लोक अभियोजक परमानंद यादव ने बताया कि 16 अक्टूबर 2021 को भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सेंट्रल सौंदा बी टाइप क्वार्टर में सहारा के एजेंट और कांग्रेसी नेता कमलेश नारायण शर्मा और उनकी पत्नी चंचला देवी पर अपराधियों ने घर में घुस कर जानलेवा हमला किया था। इस वारदात में कमलेश नारायण शर्मा की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी थी। उनकी पत्नी चंचला देवी ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ा था। इस मामले में कमलेश नारायण शर्मा के छोटे भाई जयेंद्र कुमार शर्मा के बयान पर प्राथमिक के दर्ज की गयी थी। जांच के दौरान पुलिस ने चार अपराधियों को इस मामले में अभियुक्त बनाया, जिसमें सायल निवासी राजा चौधरी, विजय चौधरी, राहुल चौधरी और राम अचल शामिल थे। ट्रायल के दौरान राहुल चौधरी की मौत हो गयी। साक्ष्य के अभाव में विजय चौधरी और राम अचल को अदालत ने बरी कर दिया। आठ गवाहों और पुलिस की जांच के आधार पर राजा चौधरी को दोषी करार दिया गया था।



### राजा चौधरी पर कमलेश शर्मा की वजह से लगा था चोरी का आरोप

पुलिस की जांच और गवाहों के आधार पर राजा चौधरी पर बकरी चोरी का आरोप लगा था। इस मामले में सायल निवासी राजा चौधरी जेल भी गया था। पुलिस की जांच में यह भी कहा गया है कि राजा चौधरी को ऐसा लगता था कि चोरी के यह आरोप कमलेश नारायण शर्मा के इशारे पर लगाये गये थे। बदले की भावना से जी रहे राजा ने कमलेश नारायण शर्मा पर हमला करने की योजना बनायी और 15 अक्टूबर 2021 की रात वह उनके घर में घुस गया। जब कमलेश नारायण शर्मा अपनी पत्नी चंचला देवी के साथ सो रहे थे। इसी दौरान उसने धारदार हथियार से उन पर हमला किया। 16 अक्टूबर 2021 की सुबह घर वालों ने कमलेश नारायण शर्मा और उनकी पत्नी चंचला देवी को खून से लथपथ उनके कमरे में ही पाया था।

भारतीय रेल
आज़ादी का अमृत महोत्सव
भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
सं. 2023/Track-III/MC/5 नई दिल्ली, दिनांक : 24.05.2024
शुद्धिपत्र -VII
विषय : रेल बोर्न मैंटेनेंस व्हीकल "RBMV" की आपूर्ति के लिए दिनांक 28.06.2024 को खोली जाने वाली निविदा संख्या टी एम – 2303
उपरोक्त निविदा के खुलने के समय 30.05.2024 को स्थगित कर 28.06.2024 कर दिया गया है। निविदा के सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगी।
(विजय सिंह)
कार्यकारी निदेशक, रेलपथ (एम. & एम.सी)
रेलवे बोर्ड
दूरभाष न. 011–47845531
ई मेल: vijay.singh.2017@gov.in
1562/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## मांडू अंचल कार्यालय में दो रैयत आपस में भिड़े सीओ ने पुलिस बुला कर मामला कराया शांत

**मांडू (आजाद सिपाही)।** मांडू अंचल कार्यालय में शुक्रवार को दो रैयत भूमि विवाद को लेकर सीओ के समक्ष आपस में हाथापाई करने लगे। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीओ मोदस्सर नजर मंसूरी ने तुरंत मांडू पुलिस को सूचना देकर अंचल कार्यालय बुलाया। थाना प्रभारी रंजीत कुमार मौके पर पहुंच कर मामला को शांत कराया। जानकारी के अनुसार करमा दक्षिणी पंचायत के दो रैयत अपने जमीन संबंधी समस्या को सीओ श्री मंसूरी के पास पहुंचे थे। एक का दावा था की जमीन मेरा हैं, वहीं दूसरे पक्ष के द्वारा पूरी भूमि बिक्री होने की बात बताई जा रही थी। इसी को लेकर दोनो आपस में भीड़ गये।

## महत्वपूर्ण खबरें

### लोकसभा चुनाव में होनेवाले मतदान के लिए चलाया गया जागरूकता अभियान



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची लोकसभा चुनाव सहित झारखंड मे अन्य क्षेत्र मे कल होने वाले मतदान को सफल बनाने एवं मतदाताओ द्वारा अधिक से अधिक मतदान हो साथ ही मतदान का प्रतिशत भी बढ़े इसी निमित रांची शहर के विभिन्न चौक चौराहो मे शहर के प्रभुत्व जनो के द्वारा चलाया गया मतदान जागरूकता अभियान। मतदान जागरूकता अभियान का शुभारंभ बिरसा चौक से किया गया। यह अभियान बिरसा चौक से आरंभ होकर अरगोड़ा चौक होते सुजाता चौक, अल्बर्ट एक्का चौक सहित शहर के मुख्य चौक चौराहो पर चलाया गया। मतदान जागरूकता अभियान मे मुख्य रूप से रांची के विधायक सीपी सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, रांची के निवर्तमान उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय, वरूण साहू, मुकेश मुक्ता, मनोज मिश्रा, रमेश सिंह सहित प्रभुतजन सम्मलित रहे।

### मासिक लोक अदालत में 30 मामलों का निष्पादन

**रांची (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से शुक्रवार को रांची सिविल कोर्ट में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसके लिए सात बेंच का गठन किया गया। इस लोक अदालत में 30 मामलों का निष्पादन किया गया। साथ ही तीन लाख 86 हजार 40 रुपये की समझौता राशि विभिन्न मामलों में निष्पादन कर प्राप्त की गयी। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव कमलेश बेहरा ने शुक्रवार को दी। उल्लेखनीय है कि हर महीने सिविल कोर्ट में लोक अदालतें लगायी जाती हैं, जहां आपसी समझौते के आधार पर लंबित मामलों का निष्पादन किया जाता है।

### अग्रवाल सभा का 21वां समर कैंप 28 से



**रांची (आजाद सिपाही)।** अग्रवाल सभा एवं अग्रवाल सभा महिला समिति के तत्वावधान में 21वां समर कैंप 28 , 29 और 30 मई को आयोजित किया जा रहा है। कक्षा 1 से कक्षा 12 तक के अग्रवंशी बच्चे भाग ले सकते हैं। सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक समर कैंप में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संस्कार, योग, मार्शल आर्ट, चित्रकला, शतरंज, वक्तृत्व कला, हस्तकला, अभिनय, गायन, नृत्य की बेसिक जानकारी रोचक तरीके से दी जाती है, जिससे वे अपने अंदर छुपी हुई प्रतिभा को पहचान सकें और उसे विकसित कर सकें। रांची के निपुण प्रशिक्षकों ने अपनी सहमति दे दी है। अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया, सचिव मनोज चौधरी, उपाध्यक्ष सज्जन पाड़िया, निर्मल बुधिया, आकाश एवं महिला समिति की मधु सर्राफ, उर्मिला पाड़िया, मंजू केडिया, प्रीति पोद्दार, छाया अग्रवाल, संगीता गोयल, सीमा पोद्दार की उपस्थिति में समर कैंप के पोस्टर का विमोचन किया गया। अग्रसेन भवन में फार्म उपलब्ध है, विस्तृत जानकारी महाराजा अग्रसेन भवन से या संयोजिका रूपा अग्रवाल (फोन 9708603305) से प्राप्त की जा सकती है। उक्त जानकारी प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी है।

### सड़क दुर्घटना में मां-बेटा घायल, रेफर

**गोला (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ बोकारो एन एच 23 हेमतपुर मोड़ के समीप शुक्रवार शाम को हुई सड़क दुर्घटना में माँ बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के सम्बंध में बताया गया कि हेसलोंग गिद्दीसी निवासी कंचन कुमारी पति रमेश ठाकुर अपने बेटा जय कुमार के साथ स्कूटी में सवार होकर पेटरवार से गिद्दीसी लौट रहे थे। इसी दौरान उक्त स्थान में एक ट्रक ने पीछे से स्कूटी को धक्का मार दिया। जिससे सड़क में गिरकर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने 1033 एम्बुलेंस की मदद से दोनों को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को रेफर कियस गया है। बताया गया कि कंचन पेटरवार हाई स्कूल में शिक्षिका है। वह पेटरवार में किराए के मकान में रहती है। उनके पैर में गहरा चोट है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। चालक भागने में सफल रहा।

### मतगणना की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक

# मतगणना से पूर्व सभी आवश्यक कार्यों को ससमय पूरा करा लिया जाये : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में लोकसभा आम चुनाव के चुनाव मतगणना की तैयारियों से संबंधित कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों एवं नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में 4 जून को चतरा कॉलेज चतरा में लोकसभा आम चुनाव के चतरा लोकसभा चुनाव के मतगणना कार्य को सम्पन्न कराने को लेकर सभी कार्यों को ससमय मतगणना केंद्र में आवश्यक सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण करा लेने का निर्देश दिया। उन्होंने मतगणना कार्य करने वाले संबंधित पदाधिकारियों, दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, कर्मियों, काउंटिंग एजेंट, सफाई कर्मियों को पहचान पत्र निर्गत करने की तैयारी करने का भी निर्देश दिया।



मतगणना के दिन चतरा कॉलेज, चतरा में मीडिया सेंटर में मीडिया कर्मियों के बैठने की व्यवस्था को लेकर भी दिशा निर्देश दिया गया। जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी को मतगणना केंद्र में कंप्यूटर सिस्टम के साथ-साथ अन्य उपकरणों को ससमय लगाना सुनिश्चित करें लेने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त पवन कुमार मंक्षंडल, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज, उप निर्वाचन पदाधिकारी समेत कोषांगों के नोडल पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बालिका आवासीय विद्यालय में छात्राओं की उलझन सुलझायेंगे विशेषज्ञ

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत 50 हजार से अधिक छात्राओं को करियर विकल्पों के चयन और लक्ष्य निर्धारण में 106 करियर परामर्श पर विशेष प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक सहायता करेंगे। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के मार्गदर्शन में 10 जिलों से चयनित 106 शिक्षकों को इससे संबंधित विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने शुक्रवार को बताया कि करियर परामर्श माध्यमिक स्कूल की लड़कियों के आत्मसम्मान में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यह उन्हें पूरी तरह से कक्षा के शिक्षण, पठन-पाठन समेत अन्य गतिविधियों में भाग लेने में सक्षम कर सकता है।

**क्या है हमें बढ़ना है प्रोजेक्ट:** हमें बढ़ना है प्रोजेक्ट को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के मार्गदर्शन में पीसीआइ इंडिया द्वारा शुरू किया गया है। यह सरकारी आवासीय स्कूलों में पढ़ रही छात्राओं को समग्र परामर्श पैकेज प्रदान करता है। इन विद्यालयों में अधिकांश छात्राएं वंचित और कम सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से आती हैं और शिक्षा एवं करियर का निर्धारण इन बच्चियों के लिए चुनौतीपूर्ण होता है। ऐसे में काउंसलर के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद चयनित शिक्षक नियमित रूप से इन छात्राओं के साथ मॉड्यूलर सत्र और समूह परामर्श सत्र आयोजित करते हैं।

### एनकाउंटर के बाद जेब से मिला लव लेटर

# लव मैरिज करने वाला था नक्सली बुधराम मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा।** खूंटी- चाइबासा बॉर्डर स्थित जंगल में पुलिस और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में गुरुवार को भाकपा माओवादी का एरिया कमांडर बुधराम मुंडा मारा गया। पता चला है कि बुधराम की एक निजी जिंदगी थी। वह एक साल बाद लव मैरिज करने वाला था। फोन और चिट्ठियों के जरिए दोनों की बातचीत होती थी। शादी तक बात पहुंच भी गयी थी। लड़की ने बुधराम को शादी के लिए प्रपोज भी किया था। बुधराम भी शादी करना चाहता था, लेकिन जो काम वह करता था, उसको लेकर उसके मन में एक झिझक सी थी। उसे डर था कि कहीं उसके कामकाज को लेकर लड़की नाराज ना हो जाये। लड़की को वह आश्वस्त कर देना चाहता था। इसलिए उसने एक साल के समय की मांग की थी।

### पुलिस तक पहुंच गया लव लेटर

उसकी लिखी ये बातें प्रेमिका तक पहुंच पाती, उससे पहले ही वह मुठभेड़ में मारा गया। चिट्ठी पुलिस तक जा पहुंची और इस अधूरी प्रेम कहानी के बारे में दुनिया को पता चल गया। बुधराम और उसकी प्रेमिका एक साल बाद शादी करने वाले थे, लेकिन नियती को कुछ और ही मंजूर था। बुरे कर्मों का नतीजा भी बुरा ही होता है। वह मारा गया।

### पॉकेट से मिला लव लेटर

बुधराम की जेब से पुलिस को लव लेटर मिला, जिसमें उसने अपनी प्रेमिका से शादी के लिए एक साल का समय मांगा था। पत्र के कुछ पन्ने ही पुलिस को मिल पये हैं। इन्हीं पन्नों के जरिए नक्सली की प्रेम कहानी का पता चला। बुधराम मुंडा गांव की ही एक लड़की से प्यार करता था। नक्सली संगठन में शामिल होने के पहले से ही वह इस लड़की से प्यार करता था, लेकिन कुछ कारणों से वह नक्सली बन गया।

# मतदाताओं ने मोदी के बैलून की हवा निकाल दी है : वृंदा करात

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** सीपीआइ (एम) की पोलित ब्यूरो सदस्य वृंदा करात ने देवघर में कहा कि चुनाव परिणाम इंडिया गठबंधन के पक्ष में जाने के स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं। अब तक हुए पांच चरणों के चुनाव का पैटर्न बताता है कि मतदाताओं ने मोदी के बैलून की हवा निकाल दी है। देश भर के मतदाताओं का बड़ा हिस्सा अब बीजेपी के झांसे को समझ चुका है। सीपीएम के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि गोड्डा संसदीय सीट पर सीपीएम इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी प्रदीप यादव के पक्ष में है। प्रकाश विप्लव ने कहा संताल परगना रीजनल कमिटी ने प्रदीप यादव के समर्थन का एलान पहले ही कर दिया था।

**निशिकांत दुबे के बारे में क्या कहा :** उन्होंने आगे कहा, बीजेपी के 10 वर्षों के शासन काल में देश का संविधान, लोकतंत्र और भारतीय गणराज्य के संघीय चरित्र को कमजोर किया गया। केंद्रीय सरकार की स्वतंत्र एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्षी दलों और आवाज उठाने वाले जन संगठनों, बुद्धिजीवियों और पत्रकारों को निशाना बनाने के लिए किया गया। इसलिए बीजेपी और मोदी के स्थानीय प्रतिनिधि गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे को पराजित करना जरूरी है। सांसद अपने कारपोरेट आकाओं के पक्ष में सक्रिय रहे हैं।

### शादीशुदा प्रेमिका से मिलने गया था युवक, पति ने दोनों को रंगेहाथ पकड़ा

# युवक को मार डाला, पति-पत्नी हिरासत में

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** झारखंड में संताल परगना के साहिबगंज जिला स्थित बोरियो थाना क्षेत्र में शादीशुदा प्रेमिका से मिलने गये युवक की पीट-पीट कर हत्या कर देने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने रानीडीह गांव के बाहर सड़क किनारे खेत से पहाड़िया युवक का शव बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक, थाना क्षेत्र के करैया पहाड़ निवासी 32 वर्षीय मधु पहाड़िया अपनी शादीशुदा प्रेमिका मंगली पहाड़िन से मिलने उसके मायके छोटा बोआरीजोर गया था। मंगली के पति सूर्या पहाड़िया उर्फ जेम्स को इसकी भनक लग गयी। इसके बाद सूर्या गुरुवार (23 मई) की देर रात अपनी ससुराल छोटा बोआरीजोर पहुंच गया। जेम्स ने अपनी पत्नी और उसके प्रेमी मधु को रंगे हाथ धर दबोचा। इसके बाद सूर्या पहाड़िया ने अपनी पत्नी और उसके प्रेमी मधु के साथ जम कर मारपीट की। बाद में गांव के लोगों की मदद से पंचायत करनी चाही, लेकिन ग्रामीणों ने विचार करने से इंकार कर दिया। इसके बाद शुक्रवार सुबह सूर्या अपनी पत्नी और उसके प्रेमी को अपने साथ अपने गांव गडरा पहाड़ ले जाने लगा। इसी दौरान रानीडीह गांव के समीप मधु पहाड़िया की मौत हो गयी। बाद में सूर्या ने उसके प्रेमी के शव को सड़क किनारे खेत में छोड़ दिया और खुद बोरियो थाना पहुंच गया। उसने थाने में जाकर पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | सुख-दुःख दोनों की अनुभूति होगी, बनते कार्यों में अड़चन, मन असंतुष्ट रहेगा |
| वृष | कुछ ऐसी समस्याओं के समाधान का मार्ग प्रशस्त होगा जो काफी दिनों से लंबित रहे। |
| मिथुन | आजीविका के क्षेत्र में सफलता, कर्मक्षेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर,राजनीतिक लाभ। |
| कर्क | सुख-सौहार्द की वृद्धि,परिवार में मांगलिक कार्य का संपादन, परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता। |
| सिंह | नवीन उद्योग-व्यापार की योजनाएं सफल होने में कुछ बिलंब होने की संभावना। |
| कन्या | प्रेमप्रसंगों में उलझन होगा, नौकरी में उच्चाधिकारियों से वाद-विवाद, विरोधियों से परेशानी हो सकता है। |
| तुला | जमीन-मकान संबंधी महत्वपूर्ण काम पूरे होंगे, नौकरी-पेशावाले जातकों की सेवा शर्तों में सुधार होगा। |
| वृश्चिक | राजनीतिक व्यक्तियों को प्रभावशाली पद प्राप्त होगा, लाभदायक प्रेरक प्रसंगों की अभिवृद्धि होगी। |
| धनु | उत्साहित रहेंगे, अपने श्रेष्ठत्व बोध करा पाने में सफल होंगे. विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा। |
| मकर | सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, सट्टा-लाटरी से दूर रहें, हर्षदायक समाचार मिलेंगे। |
| कुंभ | स्वास्थ्य में सुधार, दिमागी तनाव दूर होंगे, पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। |
| मीन | सरकारी तथा न्यायालयीय कार्यों में कठिनाई उत्पन्न होगी,कठिन परिश्रम-प्रयत्न से व्यापार में लाभ। |

### 25 से 27 तक सुबह 5 से 10 और शाम 3 से 5 बजे तक विद्युत रहेगी बाधित

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** सहायक विद्युत अभियंता रामगढ़ के सौरभ लिंडा ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि नयीसराय विद्युत उपकेंद्र में पावर ट्रांसफार्मर की मरम्मती को लेकर 25 से 27 मई तक ग्रामीण, अरगड्डा फीडर, और सीसीएल अस्पताल नई सराय बाधित रहेगी। इसके अलावा चट्टी बाजार, गोला रोड, बंगाली टोला, कोयरी टोला, सौदागर मोहल्ला, दुसाध मोहल्ला, परसोतिया, बाजार टांड़, पारे बस्ती, छोटकी मुर्राम, नईसराय बस्ती, शास्त्री नगर, महतो टोला, हेसला, मनुवा फूलसराय, सीसीएल अस्पताल, इंडस्ट्रीज एरिया आदि क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

# दहकते अंगारों पर चल कर शिवभक्तों ने शिवशक्ति की अटूट आस्था का परिचय दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा।** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 27 के गोबरदरहा गांव में वैशाख पूर्णिमा पर मंडा पूजा धूमधाम से मनाया गया। यहां श्रीश्री मंडा पूजा समिति की ओर मंडा पूजा पर कई धार्मिक कार्यक्रम किया गया। इसमें, महिलाओं के हाथ सुरक्षा का अहम रोल देखा गया। इस मौके पर पटेल स्कूल के शिव भक्तों ने दहकते अंगारों पर चल कर फुलखुंदी कर भक्ति की अटूट आस्था दिखायी। मंडा पूजा में शिव भक्तों की शक्ति व भक्ति दिखी। यहां, छऊ नृत्य में बंगाल के पुरुलिया के छऊ कलाकारों ने पौराणिक कथाओं पर आधारित देवी देवताओं के प्रसंग की प्रस्तुति की। मंडा पर्व झारखंड की संस्कृति मंडा पूजा के जरिए लोग महामारी से बचाने के लिए भगवान शिव की आराधना करते हैं। इसके तहत लोग नौ दिनों तक व्रत रखकर फूलकुंदी के दिन नंगे पांव आग पर चल कर भोलेनाथ का अभिषेक किये। इसके बाद दूसरा दिन झूलन होता है, लेकिन इस वर्ष नहीं हो पाया। इसमें सैकड़ों श्रद्धालु तालाब से कलश भरकर शिव मंदिर में अर्पण किये। इसके साथ ही शिव की इस कठिन साधना में लगे हजारों श्रद्धालु अच्छी बारिश और परिवार की सुख-शांति की कामना करते हुए पूजा से पहले मुख्य भोक्ता कलश का जल छिड़क कर सबकी शुद्धिकरण किया। मंडा पूजा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुख्य अतिथि सोरेन महतो द्वारा फीता काट कर उद्घाटन किया गया। मौके पर मंडा पूजा अध्यक्ष कुलेश्वर महतो, सचिव नागेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष शिवचरण महतो, लालदेव महतो, हरेश महतो, संजय महतो, तेजपाल महतो, सुरेंद्र कुमार, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार, किरण देवी, सुभाशु देवी, अनुपा देवी, गुड़िया देवी, बीना देवी, मंजू देवी, देवेंद्र कुमार, पंकज महतो, चंद्रशेखर महतो, सचिव निरंजन महतो, गणेश महतो, बिरेंद्र कुमार, अरुण महतो, मनोज कुमार, दिलीप कुमार, राजेश कुमार, अनिल महतो, राजेंद्र महतो, कृष्णा पांडेय, लालदेव महतो, पवन कुमार, श्याम कुमार, सुनील कुमार, बबलू कुमार, राहुल कुमार, हीरालाल महतो, कौलेश्वर महतो, प्रेमलाल महतो, विनोद महतो, सोरेन महतो, कुमार महतो, कमलनाथ महतो, सुनील महतो, गुड़िया देवी, मुन्नी देवी, लक्ष्मी, राजेश पवन आदि उपस्थित थे।



# कार्यशैली में सुधार की जरूरत

चुनाव आयोग की ओर से बुधवार को देश की दो सबसे बड़ी पार्टियों के अध्यक्षों को दिये गये आदेश पर और चाहे जो भी कहा जाये, उसके औचित्य पर सवाल नहीं किया जा सकता। चिंता की बात यह है कि सत्तारूढ़ दल और सबसे बड़े विपक्षी दल के नेतृत्व को यह समझाने की जरूरत पड़ रही है कि सांप्रदायिक भाषणों और संविधान की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले बयान नहीं दिये जाने चाहिए। गौर करने की बात है कि यह कोई नया मामला नहीं है। चुनाव आयोग ने एक महीने पहले ही शिकायत मिलने पर भाजपा और कांग्रेस के अध्यक्षों को नोटिस देकर आगाह किया था कि वे अपने स्टार प्रचारकों से भाषण के दौरान सावधानी बरतने को कहें। हालांकि तब आयोग के रेस्पॉन्स को कमजोर इस मायने में कहा गया था कि शिकायत तो पीएम नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी के खिलाफ थी, लेकिन नोटिस सीधे इन दोनों नेताओं के बजाय पार्टी अध्यक्षों को भेजा गया। चुनाव आयोग के अब तक के चलन को देखते हुए यह तरीका नया था। हालांकि इसके पक्ष में भी तर्क दिये जा सकते हैं और कम से कम पक्षपात का आरोप इस मामले में नहीं लगाया जा सकता, क्योंकि दोनों दलों की शिकायतों पर आयोग का रुख एक जैसा रहा, लेकिन अंतिम परिणाम यही रहा कि दोनों में से किसी भी पार्टी पर आयोग के नोटिस का पॉजिटिव असर नहीं रहा। दोनों ने नोटिस के जवाब में अपने स्टार कैंपेनर्स के भाषणों का बचाव किया। सवाल-जवाब के क्रम में समय बीतता रहा और अब जब चुनाव आयोग का आदेश आया है, तो पांच चरणों की वोटिंग हो चुकी है और छठे चरण का प्रचार भी समाप्त हो चुका है। कुल मिला कर सातवें और आखिरी चरण का प्रचार ही बचा है। देखना होगा कि आने वाले दिनों में राजनीतिक दलों के चुनाव प्रचार की शैली पर इस आदेश का कैसा और कितना असर होता है। बहरहाल, चुनाव आयोग ने शिकायतों पर जो स्टैंड लिया, उसमें गड़बड़ी नहीं थी। जिस तरह के तीखे सांप्रदायिक मुद्दे इस बार चुनाव प्रचार में छाये रहे, वे उचित नहीं कहे जा सकते। संविधान बदले जाने का जो आरोप विपक्ष ने जोर-शोर से उठाया उसके औचित्य पर भी सवाल उठने लाजिमी हैं। खास कर इसलिए कि संविधान में संशोधन शुरू से होते रहे हैं, लेकिन संविधान के बुनियादी ढांचे में कोई बदलाव नहीं हो सकता है, ऐसा सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार साबित किया है। मार्के की बात यही है कि उचित स्टैंड रखते हुए भी चुनाव आयोग खुद को वैसा असरदार साबित नहीं कर सका जैसी उससे अपेक्षा की जाती है। आयोग को इस अनुभव की रोशनी में भविष्य की अपनी कार्यशैली पर पुनर्विचार करना चाहिए।

**बहरहाल, चुनाव आयोग ने शिकायतों पर जो स्टैंड लिया, उसमें गड़बड़ी नहीं थी। जिस तरह के तीखे सांप्रदायिक मुद्दे इस बार चुनाव प्रचार में छाये रहे, वे उचित नहीं कहे जा सकते। संविधान बदले जाने का जो आरोप विपक्ष ने जोर-शोर से उठाया उसके औचित्य पर भी सवाल उठने लाजिमी हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**रईसी की मौत ऐसे समय में हुई है, जब ईरान को न केवल अपने परमाणु कार्यक्रम के लिए बल्कि रूस के साथ अपने बढ़ते सैन्य संबंधों, आंतरिक कलह, चुनावी प्रक्रिया से अपने लोगों के मोहभंग के कारण पश्चिमी देशों की बढ़ती जांच का सामना करना पड़ रहा है। ये बात हाल ही में हुए मजलिस चुनावों में बेहद कम मतदान और इजरायल-हमास संघर्ष में इसकी भूमिका से स्पष्ट है। ईरान ने पिछले महीने सीरिया में ईरानी परिसर पर इजरायली हमले के बाद इजरायल पर एक सीधा और अभूतपूर्व हमला किया था।**

# इब्राहिम रईसी के बाद भारत-ईरान संबंध

**चंद्र प्रकाश पांडेय**



पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की देश के पूर्वी अजरबैजान प्रांत में एक नाटकीय हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत हो गयी। 2021 में पद संभालने वाले 63 साल के कट्टरपंथी राष्ट्रपति को व्यापक रूप से ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई का उत्तराधिकारी माना जाता था। अब उनकी असामयिक मृत्यु ने देश के सबसे शक्तिशाली नेता की उत्तराधिकार योजनाओं को अस्त-व्यस्त कर दिया है, जो एक अति रूढ़िवादी शासन व्यवस्था चलाते हैं।

रईसी खामेनेई के कट्टर सहयोगी थे और उन्हें उनका शिष्य माना जाता था। रईसी की मौत से क्षेत्र में उथल-पुथल बढ़ेगी या नहीं, यह देखना अभी बाकी है। इजरायल ने कथित तौर पर दुर्घटना में किसी भी भूमिका से इनकार किया है और तेहरान ने भी अब तक किसी भी तरह की गड़बड़ी का आरोप नहीं लगाया है।

**अब आगे क्या :** रईसी की मौत ऐसे समय में हुई है, जब ईरान को न केवल अपने परमाणु कार्यक्रम के लिए बल्कि रूस के साथ अपने बढ़ते सैन्य संबंधों, आंतरिक कलह, चुनावी प्रक्रिया से अपने लोगों के मोहभंग के कारण पश्चिमी देशों की बढ़ती जांच का सामना करना पड़ रहा है। ये बात हाल ही में हुए मजलिस चुनावों में बेहद कम मतदान और इजरायल-हमास संघर्ष में इसकी भूमिका से स्पष्ट है। ईरान ने पिछले महीने सीरिया में ईरानी परिसर पर इजरायली हमले के बाद इजरायल पर एक सीधा और अभूतपूर्व हमला किया था। सीरिया में ईरानी परिसर पर हुए हमले में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आइआरजीसी) के कई कमांडर मारे गये थे। उसके जवाब में ईरान ने इजरायल पर मिसाइलों और रॉकेटों की बौछार कर दी। इजरायल ने भी जवाब दिया, लेकिन इतनी तीव्रता से नहीं कि ईरान को फिर से जवाबी कार्रवाई करने के लिए उकसाया जा सके। ईरान-इजरायल के बीच अब तक चले छाया युद्ध के सार्वजनिक होने के अलावा, रईसी के कार्यकाल में चीन की मध्यस्थता से ईरान और सऊदी अरब के बीच संबंधों को सामान्य बनाने में भी मदद मिली। ईरानी संविधान के अनुसार प्रथम उप राष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर अंतरिम राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभालेंगे। सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई की स्वीकृति के साथ, ईरान की संरक्षक परिषद रईसी के स्थायी उत्तराधिकारी को खोजने के लिए अगले 50 दिनों के भीतर चुनाव करायेगी। मोखबर के पास अंतरराष्ट्रीय कानून में डिग्री है और उन्होंने ईरान को उसके तेल उद्योग पर प्रतिबंधों से बचने में मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। ईरान की विदेश नीति और इसकी क्षेत्रीय प्राथमिकताओं में निरंतरता की उम्मीद की जा सकती है, क्योंकि ये किसी भी मामले में सर्वोच्च नेता और रिवोल्यूशनरी गार्ड द्वारा ही तय और निर्देशित हैं। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मोखबर से बात करने वाले और ईरान के साथ संबंधों को प्रगाढ़ बनाने की प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि करने वाले पहले विदेशी नेताओं में से थे।

**बाधा की संभावना नहीं :** खामेनेई ने ईरानी लोगों को आश्वासन दिया है कि देश के कामकाज में कोई व्यवधान नहीं आएगा। यही बात ईरान के भारत के साथ संबंधों पर भी लागू होगी, जिसे रईसी ने अपने पूर्ववर्ती हसन रूहानी से आगे बढ़ाने का काम किया था। रईसी की मौत की पुष्टि के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान को याद किया ईरानी लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त की। भारत ने रईसी के लिए एक दिन के राष्ट्रीय शोक की भी घोषणा की।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी अपने समकक्ष होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन के लिए यही भावना व्यक्त की, जिनकी दुर्घटना में राष्ट्रपति के साथ मौत हो गई। जयशंकर ने इस वर्ष जनवरी में तेहरान की अपनी यात्रा के दौरान ईरानी मंत्री के साथ बातचीत की थी। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, 'इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के राष्ट्रपति डॉ सैयद इब्राहिम रईसी के दुखद निधन से गहरा दुख हुआ और सदमा लगा। भारत-ईरान द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जायेगा। उनके परिवार और ईरान के लोगों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। इस दुख की घड़ी में भारत ईरान के साथ खड़ा है।'

**भारत-ईरान संबंध:** भले ही भारत के अमेरिका के साथ संबंधों में काफी प्रगाढ़ता आयी है, लेकिन ईरान के साथ भारत के संबंध अभी भी समान स्तर पर बने हुए हैं। रईसी ने 2021 में राष्ट्रपति का पद संभाला था और इस दौरान दोनों नेताओं की कोई द्विपक्षीय यात्रा नहीं हुई, लेकिन मोदी और रईसी ने ब्रिक्स और एससीओ शिखर सम्मेलनों के दौरान मुलाकात की और व्यापार, संपर्क, आतंकवाद-रोधी और लोगों से लोगों के बीच संपर्क जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

भारत और ईरान ने इस महीने की शुरुआत में रणनीतिक चाबहार बंदरगाह पर एक टर्मिनल को और अधिक सुसज्जित करने और संचालित करने के लिए एक दीर्घकालिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किये थे। ये दोनों नेताओं द्वारा बंदरगाह की पूरी क्षमता का उपयोग करने की इच्छा के अनुरूप है, जो भारत को पाकिस्तान को दरकिनार करके मध्य एशिया और अफगानिस्तान तक पहुंचने में सक्षम बनाता है। ऊर्जा-समृद्ध ईरान के दक्षिणी तट पर सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में स्थित, ओमान की खाड़ी में चाबहार बंदरगाह खुले समुद्र में स्थित एक गहरे पानी का बंदरगाह है, जो बड़े जहाजों के लिए आसान और सुरक्षित पहुंच प्रदान करता है।

भारत ने ईरान के साथ 10 साल के चाबहार बंदरगाह सौदे पर हस्ताक्षर करने के लिए अमेरिकी प्रतिबंधों का जोखिम उठाया। मोदी ने पिछली बार रईसी से अगस्त, 2023 में जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान मुलाकात की थी। दोनों नेताओं ने व्यापार और निवेश, कनेक्टिविटी, ऊर्जा और आतंकवाद विरोधी सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की थी। उस शिखर सम्मेलन में ईरान सहित पांच अन्य देश समूह में शामिल हुए थे। रईसी ने चंद्रयान मिशन की सफलता पर पीएम मोदी को बधाई दी थी और ईरान की ब्रिक्स सदस्यता के लिए भारत के समर्थन के लिए उन्हें धन्यवाद दिया था। गाजा में युद्ध छिड़ने के दौरान, भारत ने ईरान के साथ उच्च स्तरीय आदान-प्रदान जारी रखा, जिससे इजरायल-हमास संघर्ष के प्रति उसका नाजुक संतुलित दृष्टिकोण मजबूत हुआ। जयशंकर ने आदान-प्रदान के अनुरूप अब्दुल्लाहियन के साथ बातचीत के लिए इस साल जनवरी में ईरान की यात्रा की। रईसी चाबहार बंदरगाह पर भारत के साथ जुड़ाव को और बढ़ाने की कोशिश कर रहे थे। वह और पीएम मोदी चाबहार बंदरगाह की कनेक्टिविटी हब के रूप में पूरी क्षमता का एहसास करने के लिए सहयोग को मजबूत करना चाहते थे। कनेक्टिविटी पहलों पर ध्यान देने के अलावा, भारत और ईरान ने हाल के दिनों में राजनीतिक सहयोग और लोगों के बीच मजबूत संबंधों को बढ़ाने के लिए भी काम किया है। अगस्त में हुई बैठक में उन्होंने चाबहार परियोजना सहित बुनियादी ढांचे के सहयोग को तेज करने का फैसला किया था। नेताओं ने अफगानिस्तान सहित क्षेत्रीय विकास पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया, जहां दोनों देश यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि तालिबान आतंकवादी समूहों को किसी भी देश को निशाना बनाने की अनुमति न दे। रईसी ने नवंबर में मोदी से फिर फोन पर बात की और गाजा में युद्ध विराम की आवश्यकता पर जोर दिया। दिसंबर में, भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के उस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, जिसमें तत्काल मानवीय युद्ध विराम की मांग की गयी थी।

**भले ही भारत के अमेरिका के साथ संबंधों में काफी प्रगाढ़ता आयी है, लेकिन ईरान के साथ भारत के संबंध अभी भी समान स्तर पर बने हुए हैं।**

## जमशेदपुर की खबरें

# डकैतों ने ज्वेलर्स की दुकान को लूटा लाखों के गहने और नगद ले उड़े

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में सोनारी थाना क्षेत्र के सबसे भीड़भाड़ वाले इलाके एयरपोर्ट बाजार के पास एक ज्वेलर्स की दुकान में लूट हुई है। एमबी ज्वेलर्स नामक बड़े शोरूम में अपराधियों ने पिस्तौल की नोक पर लाखों के गहने और नगद लूट लिये। दिनदहाड़े अपराधियों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया। इस घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी आराम से बाइक पर सवार होकर फरार हो गये। जानकारी के मुताबिक दोपहर करीब 1:50 पर अपराधी दुकान में घुसे और दुकान में घुसते ही बंदूक तान दी। अपराधी नकाब पहने हुए थे। अपराधियों के पास दो पिस्टल और एक स्टेनगन था। अपराधियों ने करीब सात मिनट तक दुकान में तांडव मचाया। पिस्तौल और स्टेनगन के दम पर सभी को धमकाया। उन्होंने वहां मौजूद दुकान के कर्मचारियों से सारे गहने को एक झोले में डालने को कहा। इसके बाद अपराधियों की नजर दुकान में रखे पैसे पर पड़ी। फिर अपराधियों ने नगद लिया और आराम से भाग निकले। तीनों अपराधी एक बाइक पर सवार होकर वहां से भागे। इन सारे अपराधियों की पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गयी है। इस पूरी घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। लेकिन काफी देर के बाद पुलिस वहां पहुंची। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

# थोक वस्त्र विक्रेता संघ ने मतदाताओ को किया जागरूक

**जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। शहर के प्रमुख व्यापारी संगठन जमशेदपुर थोक वस्त्र विक्रेता संघ ने सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वाहन करने व मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओ को जागरूक किया। शुक्रवार को अभियान दौरान संघ ने बाजारों में पोस्टर लगाए। व्यापारियों के सहयोग से सेल्फी स्टैंड लगाया गया।अध्यक्ष अनिल मोदी ने बताया भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। लोकतंत्र में चुनाव एक त्योहार की तरह है। चुनाव में प्रत्येक देशवासी को अपनी भूमिका सुनिश्चित करनी चहिये। ताकि आम मतदाता मतदान के प्रति जागरूक हो सके। मौके पर अनिल मोदी के साथ स्वरूप गोलछा, विमल जालान,अशोक सारस्वत, प्रदीप बिदासरिया, महेश सरायवाला,नवीन बरनवाल, राजू भरतिया,नरेश पड़िया, विशाल बरनवाल और अन्य शामिल रहे।**

# पत्रकार ने जदयू नेता के खिलाफ थाना में कराया धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर ओल्ड हाउसिंग कॉलोनी के एम- 19 निवासी जदयू नेता सत्यप्रकाश उर्फ टियाई ने रुपये डबल करने के नाम पर पत्रकार गणेश सरकार को लाखों का चुना लगा दिया। समय देने के बाद भी उन्होंने बकाया 17.50 लाख नही लौटाया। पीड़ित पत्रकार ने आदित्यपुर थाना में मामला दर्ज कर न्याय के लिए गुहार लगाई। वही पुलिस ने धारा 420 व 406 के तहत मामला दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी। शुक्रवार को जानकारी देते हुए पत्रकार गणेश सरकार ने बताया कि सत्यप्रकाश समाजवादी नेता स्व. राम पारस सिन्हा के पुत्र है। उनके पिता मजदूर,शोषित और वंचित लोगो के लिए मसीहा के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने बताया कि सत्यप्रकाश उर्फ टियाई बचपन का दोस्त है। वह स्नेहा कंस्ट्रक्शन में पैसे डबल करने का झांसा देकर प्रेरित कर दोस्ताना कर्ज के नाम पर बैंक आफ इंडिया गम्हरिया शाखा के 10 लाख चेक लिया था। बेटी की शादी फरवरी 2024 में करनी थी, लेकिन उन्होंने एग्रीमेंट के बाद भी जालसाजी कर अब तक मात्र 2.5 लाख लौटाया। जबकि 17.50 लाख अभी तक बकाया है। उन्होंने कहा बार बार समय देने के बाद भी रुपिया नही लौटाने से तंग आकर थाने में शिकायत दर्ज करायी, ताकि परिवार को न्याय मिल सके।

# कड़ी सुरक्षा के बीच घाटशिला अनुमंडल के 572 बूथों पर मतदान आज

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाटशिला।** घाटशिला अनुमंडल के 572 बुथो पर शनिवार को लगभग 6 लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। शनिवार कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बिच मतदान कराने को लेकर शुक्रवार को दोपहर के बाद मतदान केन्द्र एवं कल्सटर पर मतदान कर्मी का पहुंचना शुरू हो गया था। संध्या सात बजे तक तक लगभग सभी मतदान केन्द्र पर मतदान कर्मी ईवीएम एवं मतदान कराने वाले अन्य सामग्री के साथ पहुंच गये थे। शांति पूर्ण मतदान कराने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा झारखंड बंगाल सीमा से लगने वाले सारे बार्डर को सील कर दिया और मतदान के दिन बंगाल और ओडिसा से लोग झारखंड के सीमा में प्रवेश नही कर पायेंगे। मतदान केन्द्र पर सुरक्षा व्यवस्था मुहैय्या कराने को लेकर सुरक्षा बलों के तैनाती भारी मात्रा में पहले से ही की जा रही है। शनिवार को सुबह सात बजे से मतदान होगा, जो संध्या पांच बजे तक चलेगी। शुक्रवार को विभिन्न मतदान केन्द्र और कल्सटर का निरीक्षण एसडीओ सचिदानंद महतो और एसपीडीपीओ अजीत कुमार कुजूर ने कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के साथ साथ मतदान कर्मियों के सुविधाओ के बारे में पुछताछ किया।

**घाटशिला अनुमंडल में 572 बूथ 6 लाख मतदाता**

घाटशिला अनुमंडल की बात करे तो घाटशिला में 121 बुथ पर 1 लाख 8 हजार मतदाता, धालभूमगढ़ के 54 बूथो पर लगभग 50 हजार मतदाता, मुसाबनी के 96 बूथो पर लगभग 80 हजार मतदाता, डुमरिया के 58 बुथो पर लगभग 49 हजार मतदाता, बहरागोड़ा के 134 बुथो पर लगभग 1 लाख 22 हजार मतदाता एवं चाकुलिया के 109 बुथो पर लगभग एक लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

**572 बूथो पर लगभग 23 सौं मतदान कर्मी को लगाया गया है ड्यूटी पर**

घाटशिला अनुमंडल के 6 प्रखंड के 572 बुथो पर लगभग 23 सौं मतदान कर्मी को मतदान के कार्य में लगाया गया है। प्रशासनिक अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार एक बूथ पर पिठासीन पदाधिकारी समेत कुल चार लोगों को मतदान के काम में लगाया गया है। इसके आलावे विभिन्न राजनितिक दल जिनके प्रत्याशी चुनाव मैदान में भाग्य आजमा रहे है, उनके पोली एजेंट के आलावे बुर्जुग एंव दिव्यांग मतदाता के सहायता हेतु प्रत्येक बूथों पर 18 साल से कम आयू के युवक युवतियों को वोलेंटियर के तौर पर लगाया गया है तो मतदाता को चुनावी कार्य में सहयोग करेंगे।

**हर बूथ पर संचालित किया गया है हेल्प डेस्क**

घाटशिला अनुमंडल के लगभग हर बूथो पर चुनाव हेल्प डेस्क काम करेंगे। इस हेल्प डेस्क के इंचार्ज संबंधित बूथो के बीएलओ होंगे। हेल्प डेस्क पर मतदाताओ से संबंधित समस्या का निदान किया जायेगा। साथ ही मतदान कर्मी को भी किसी प्रकार की दिक्कत होती है तो उनके सहायता के लिए वह उपलब्ध रहेगी। इसके आवाले चुनाव संबंधी अन्य कार्य में सहायता करेंगे।

# औद्योगिक क्षेत्र के मजदूरों ने स्व. राजेंद्र सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झारखंड और बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह इंटक के राष्ट्रीय महामंत्री स्व राजेन्द्र सिंह के की चौथी पुन्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शुक्रवार को झारखंड प्रदेश कामगार कांग्रेस के अध्यक्ष शैलेश पांडेय के नेतृत्व में आदित्यपुर औधोगिक क्षेत्र के कामगारों ने उन्हें श्रद्धांजलि देकर श्रद्धासुमन अर्पित की। मौके पर शैलेश पांडेय ने कहा स्व राजेंद्र बाबू देश भर के कोयला मजदूरों के मसीहा के रूप में जाने जाते थे। उनके सौम्यता व सरलता उन्हें दूसरों से अलग बनाता था। आज भी वह मजदूरों के दिलों में खास जगह रखते हैं। इस अवसर पर विजय झा, सुधीर कर्मकार, दीपक दंडपथ, विनोद कुमार, जियाउलहाक,दया निधि नायक, अरमान गोप, भृगु राम, नागेंद्र गिरी, मारके सहित अन्य मजदूर उपस्थित रहे।

### उपायुक्त ने फोरलेन सड़क निर्माण को लेकर भू-अर्जन पदाधिकारियों संग बैठक की

# ससमय कार्यों को पूरा करायें : डीसी

**जल्द ही सेक्शन- 19 के पश्चात मुआवजा भुगतान समेत अन्य कार्रवाई प्रारंभ की जायेगी।**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में एन एच 75 खजुरी से विढ़मगंज पथ चौड़ीकरण/फोरलेन निर्माण योजना, गढ़वा-चिनिया पथ चौड़ीकरण, हूर मोड़ से मलिया डंडा पथ चौड़ीकरण समेत अन्य सड़क निर्माण योजना से संबंधित समीक्षात्मक बैठक किया गया। सर्वप्रथम पूर्व में किये बैठक में कार्य पूर्ण करने हेतु दिए गये लक्ष्य की प्राप्ति पर चर्चा करते हुए प्रगति कार्य/अनुपालन की समीक्षा की गयी। बैठक में मुख्य रूप से सड़क चौड़ीकरण कार्य को लेकर भू-अर्जन, मुआवजा भुगतान, एलपीसी निर्गत, सत्यापन रिपोर्ट समेत अन्य की बिंदुवार समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने प्राथमिकता के आधार पर ससमय कार्यों को करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कमर्चारियों को उक्त कार्यों से जुड़े किसी भी मामले को अपने स्तर से लंबित न रखने का निर्देश दिया। वहीं भूमि अधिग्रहण के पश्चात मुआवजा भुगतान की कार्रवाई भी ससमय करने का निर्देश दिया, जिससे योजनाओं का संचालन सरलता और सफलतापूर्वक किया जा सके। वहीं गढ़वा से चिनियां तक होने वाले सड़क चौड़ीकरण की भी उपायुक्त ने समीक्षा किया। बैठक में जिला भू-अर्जन कार्यालय द्वारा अवगत कराया गया कि मुआवजा की प्रक्रिया लगभग 65 प्रतिशत कर दी गयी है। शेष मामले में मुआवजा भुगतान समेत अन्य के लिए अग्रेतर कार्रवाई को लेकर विभाग से पत्राचार किया गया है। जल्द ही सेक्शन- 19 के पश्चात मुआवजा भुगतान समेत अन्य कार्रवाई प्रारंभ की जायेगी। उपायुक्त ने जिला एवं अंचल स्तर के संबंधित पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का निर्देश दिया ताकि तय समय सीमा के अंतर्गत सड़कों का निर्माण और चौड़ीकरण कराया जा सके। उपरोक्त कार्यों की अगली समीक्षा बैठक अगले एक सप्ताह दिनों में करने की बात उपायुक्त द्वारा कही गयी तथा अगले सप्ताह तक अपेक्षित कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्त्ता मतियस विजय टोप्पो, जिला भू-अर्जन पदा० संजय प्रजाद, परियोजना निदेशक, एन०एच०ए०आई०, मेदिनीनगर, अंचल अधिकारी, गढ़वा/ मेराल, नगर उंटारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी समेत संबंधित अंचल के अंचल निरीक्षक आदि उपस्थित थे।

# खबर का असर : खराब जलमीनार को दुरुस्त करने का कार्य हुआ शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** आजाद सिपाही में गुरुवार के अंक में श्री बंशीधर नगर पंचायत में कमीशन खोरी की भेंट चढ़ी विकास योजनाएं 51 में 30 जलमीनार के खराब और बेकार होने की खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद नपं प्रशासन रेस हो गया है। नपं के कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार के निर्देश पर गुरुवार से खराब पड़े जलमीनार को दुरुस्त करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया। यहां बताते चलें कि करोंड़ो रुपये की लागत से नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में वार्ड वासियों को शुद्ध पेयजल और नल से जल मुहैया कराने को लेकर 51 जलमीनार लगाये गये हैं। एक जलमीनार से लगभग 30 घरों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाना है। जलमीनार लोगों की प्यास बुझाने और नल से जल उपलब्ध कराने के बजाय खुद प्यासे हैं। शहर के अधिकांश जलमीनार खराब और बेकार पड़े हुये हैं। उधर खबर प्रकाशित होने के बाद नगर पंचायत की ओर से गर्ल्स हाईस्कूल के सामने जलमीनार को दुरुस्त करने का काम शुरू किया गया।

**रिपोर्ट छपने पर नगरपंचायत हुआ रेस**



### ज्ञान निकेतन में इन हाउस टीचर्स ट्रेनिंग कार्यक्रम संपन्न

# विद्यार्थियों को जानना, समझना और विश्लेषण करना महत्वपूर्ण है : एमपी

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट(10+2)स्कूल में वर्तमान सत्र 2024-2025 का प्रथम इन हाउस टीचर्स ट्रेनिग प्रोग्राम संपन्न हुआ। अपने संबोधन में निदेशक एमपी केसरी ने कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम एक ऐसा कार्यक्रम है जो शिक्षकों को तकनीकों और आधुनिक शिक्षाशास्त्र, रणनीतियों से लैस करता करता है। अपने छात्रों के साथ बेहतर ढंग से जुड़ने, प्रबंधन करने और सिखाने में मदद करता है। जिससे यह सुनिश्चित होता है कि सभी छात्र सीख रहे हैं और लाभान्वित हो रहे हैं। शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम जब सही तरीके से और सही सामग्री के साथ संचालित किए जाते हैं, तो उनमें शिक्षकों को इस हद तक प्रशिक्षित करने की शक्ति होती है। हम आज के छात्रों को कल के लिए समझ तथा उपयोगी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। प्रत्येक छात्र कई मायनों में अद्वितीय है, जिसमें उनके सोचने, विश्लेषण करने, समझने और शिक्षा के बारे में जानने का तरीका शामिल है। इसलिए हमारे मौजूदा सिस्टम के लिए यह बदलाव लाना महत्वपूर्ण है। शिक्षकों को यह सिखाना कि वे छात्रों को अलग-अलग सीखने की शैलियों के साथ अद्वितीय व्यक्तियों के रूप में है कैसे देखे, गेम चेंजर है एक बार जब शिक्षक, यह समझ जाते हैं कि विभिन्न सीखने की शैलियों को कैसे पूरा किया जाए तो वे सैकड़ों और हजारों छात्रों को सकारात्मक रूप से प्रभावित करेंगे। रिसोर्स पर्सन्स के रूप में खुर्शीद आलम और संजीव कुमार के द्वारा स्कूल बेस्ड असेसमेंट टॉपिक के विभिन्न विन्दुओं पर अपने-अपने विचारों का साझा किया जो अत्यंत रोचक और ज्ञानवर्धक रहा। मंच संचालन नीरा शर्मा जबकि धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ शिक्षिका सीमा श्रीवास्तव के द्वारा किया गया वहीं रिसोर्स पर्सन को और मनोरंजन खेल में शामिल शिक्षक शिक्षिकाओं को विशिष्ट उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस ट्रेनिंग में संतोष प्रसाद, मुकेश भारती, अभिषेक पांडेय, विनय कुमार, वीरेंद्र साह, सुनीता कुमारी, रिजवाना शाहीन, सरिता दुबे, नीलम केशरी, सुस्मिता कुमारी,रिया सिंह, सुषमा तिवारी आदि की भूमिका सराहनीय रही।

# दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में पांच घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत दो अलग अलग जगहों पर हुए सड़क दुर्घटना में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें परिजनों के द्वारा भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के लाया गया। जहां चिकित्सक नितिश भारती और चिकित्सक इंद्रकिशोर विश्वकर्मा के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज के लिए दो लोगों को गढ़वा रेफर किया गया है। पहली घटना में बीती रात्रि खरौंधी रोड के ढेकूलिया मकरी के तीखे मोड पर दो बाईक के आमने सामने के टकराव में बाईक पर सवार खरौधी के राजी गांव निवासी गुलाब चंद पासवान पिता सरयू पासवान और उसका भतीजा विकास पासवान पिता मोती चंद पासवान गंभीर रूप से घायल हो गये, जबकि दूसरे बाईक पर सवार बुका निवासी तीन युवको में एक युवक संतोष भुइंया पिता मानदेव भुइंया घायल हो गये। बाकी बाईक पर सवार दो अन्य लोग भागने में सफल रहे। जिसमे प्राथमिक उपचार के बाद गुलाब चंद पासवान को गढ़वा रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरी घटना में शुक्रवार को कपूर्री चौक पर एक बाईक पर सवार तीन लोगों को पीछे से एक ऑटो ने टक्कर मार दी। जिसमे बाईक पर सवार अरसली उतरी महुंराव टोला के शांति देवी पति बुधु राम और उसकी बहू प्रमिला देवी पति राजू राम गंभीर रूप से घायल हो गयी। उन सभी का भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद शांति देवी को चिकित्सको ने गढ़वा रेफर कर दिया गया है।

# फोरलेन बाइपास सड़क निर्माण में अंडरपास बनाने को लेकर अधिकारियों ने किया मंथन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रमना।** प्रखंड में बन रहे फोरलेन बाई पास सड़क में मूर्ति टोला के समीप ग्रामीणों के द्वारा अंडरपास बनाने की मांग पर एनएच आई के डीएम आयुष वर्मा, एन एच पीएम कुमार गौरव, सड़क निर्माण कंपनी के डीपीएम विनोद सिंह शुक्रवार को जायजा लेने कार्यस्थल पर पहुंचे। कार्य स्थल पर पहुंचे ने एनएच आइ के डीएम आयुष वर्मा, एन एच पीएम कुमार गौरव, डिपिएम विनोद सिंह ने ग्रामीणों के मांगो पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए कहा की ग्रामीणों का मांग जायज है। कहा की कार्य के स्वीकृति को लेकर मुख्य कार्यालय दिल्ली भेज दिया गया है। उन्होंने अगले सप्ताह तक जल्द ही इसका निराकरण निकाले जाने का भरोसा दिलाया। इधर जीप अध्यक्ष शांति देवी व बिड़िसी प्रतिनिधि सह झामुमो युवा उपाध्यक्ष अनुज कुमार ने ग्रामीणों की सही मांगो पर चिन्हित उक्त स्थल पर एक सप्ताह के अंदर अंडर पास निर्माण कराने की मांग किया। जीप अध्यक्ष शांति देवी ने कहा की कई गांव टोले को जोड़ने के लिए अंडर पास होना अति आवश्यक है। मालूम हो की तीन दिन पूर्व महेंद्र प्रजापति, रमाकांत प्रजापति, सुमित्रा देवी, रानी देवी, सोनी देवी, सुषमा देवी, सुनैना देवी, अनीता देवी, गुड्डू पासवान, लालचंद प्रजापति, सुदामा प्रजापति, राजेंद्र यादव, बंशीधर यादव, चंदन यादव, मीरा देवी, संतोष यादव, मुकेश प्रजापति अकली देवी, बसवा देवी, कुलदीप प्रजापति, वासुदेव प्रजापति, प्रभा देवी सहित कई ग्रामीणों ने मांगो को लेकर सड़क निर्माण कार्य बंद करा दिया था। ग्रामीणों ने कहा की मूर्ति टोला के समीप बाई पास निर्माण होने से टोला दो भाग में बट जायेगा। साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को रेलवे स्टेशन, आंगनबाड़ी केंद्र, अस्पताल व थाना भवन सहित अन्य जगहों पर जाने में काफी परेशानी का समाना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने कहा की इसके पूर्व पर अंडरपास के स्वीकृति को लेकर कई वरीय अधिकारी से मांग की गयी थी। लेकिन अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया। ग्रामीणों ने उक्त मामले पर प्राथमिकता के आधार पर अंडर पास निर्माण कराने की मांग की है।

# नाबालिग के अपहरण के आरोप में युवक गया जेल

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लमारी कला पंचायत क्षेत्र के 21 वर्षीय युवक के द्वारा नाबालिक लड़की की अपहरण के जुर्म में पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 वर्षीय युवक के द्वारा अपने ही क्षेत्र के नाबालिक लड़की को लगभग 18 से 19 दिन पूर्व अपहरण कर लिया गया था। जिसको लेकर नाबालिक लड़की के परिजनों के द्वारा थाना में शिकायत की गयी। शिकायत के आलोक में कांडी पुलिस ने थाना कांड सं0- 40/24 दिनांक- 06.05.2024 धारा- 363 क्ढउ के प्राथमिकी दर्ज करते हुए। अभियुक्त को धरपकड़ के लिए छापेमारी करने लगी। और अभियुक्त को नाबालिग लड़की के अपहरण करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। जबकि मिली जानकारी के अनुसार नाबालिग लडकी को भी अभियुक्त के पास से बरामद किया गया है। अभियुक्त को शुक्रवार को माननीय न्यायालय में आगे की कार्यवाई हेतु भेजा गया है। और पुलिस द्वारा अग्रिम कार्यवाई की जा रही है।

### बिजली चोरी को लेकर की गयी छापेमारी

# एक दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ की गयी कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**धुरकी/ गढ़वा।** विद्युत विभाग के द्वारा गुरुवार को बिजली चोरी कर अवैध रूप से बिजली जलाने वालों के विरुद्ध विद्युत विभाग के कनिए अभियंता अमल राय के नेतृत्व में संघन छापामारी अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान अवैध बिजली जल रहे अवधेश कुमार यादव पिता नरेश यादव ग्राम सगमा, मानिकचंद बैठा पिता स्वर्गीय निरंजन बैठा ग्राम शारदा, राम जन्म सिंह पिता सुखारी महतो ग्राम सोनडीहा दक्षिण, इतवारिया देवी पति उमाशंकर गुप्ता ग्राम सोनडीहा दक्षिण, मनोज गुप्ता पिता राम प्रसाद साव ग्राम सोनडीहा दक्षिण, राजेश्वर प्रसाद यादव पिता झरी यादव ग्राम सोनडीहा दक्षिण, धनेश्वर यादव पिता नाथू यादव ग्राम सोनडीहा दक्षिण अजीत कुमार रामचंद्र साहू ग्राम मकरी 9 लोगों के विरुद्ध टोका लगाकर अवैध बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। जिनके विरुद्ध में धुरकी थाने में कनिए अभियंता ने लिखित आवेदन देकर नाम दर्ज लोगों पर कार्रवाई की है।

कनिए अभियंता ने बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत जो भी लोग अवैध बिजली चोरी करते पकड़े जायेंगे उनके विरुद्ध नियम संगत कार्रवाई होगी। इस छापामारी अभियान में दैनिक भोगी बिजली कर्मी सद्दाम हुसैन, बदरुद्दीन, अवधेश कुमार शामिल थे।

# केतार पुलिस ने 250 किलो जावा महुआ किया नष्ट



**केतार (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के केतरी में अवैध महुआ शराब की छापेमारी में करीब 250 किलो जावा महुआ केतार पुलिस ने नष्ट किया।वही करीब 15 लीटर अवैध देशी शराब भी जब्त किया गया। अभियुक्त केतरी निवासी उमेश पासवान पिता रामदास पासवान के विरुद्ध अवैध शराब बनाने वह बेचने के आरोप में कांड संख्या 23/2024, दिनांक 23 मई 2024 धारा 272/273/ 290 भादवि तथा 47 ए उत्पाद अधिनियम के अंतर्गत का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आने की भनक मिलते ही मौके से अभियुक्त फरार हो गया।

# भवनाथपुर सेल डैम में अवैध रूप से मछली मारने वालों के विरुद्ध कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**मछली मारने के कई संयंत्र पुलिस ने किये जब्त**



**भवनाथपुर।** सेल के डैम में अवैध रूप से जाल लगाकर मछली मरवाने की सूचना पर सेल के भू संपदा पदाधिकारी बुलू दीगल ने शुक्रवार को भवनाथपुर थाना को सूचना देने के बाद पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को मछली फांसने वाली जाल, टीब्ब और एक कमांडर जीप को जब्त कर थाना लाते हुए जांच पड़ताल में जुट गयी है। घटना के बारे में बताया जाता है, कि मेदनीनगर के बेलवाटीकर से एक दर्जन मछुवारों को टाउनशिप निवासी अवधेश माली के द्वारा डैम में ठेका मिलने के हवाला देकर मछली मारने के लिए बुलाया था। जहां गुरुवार शाम को डैम में मछुवारों को जाल लगाते कुछ स्थानीय लोगों ने देखा था। इसकी भनक देर शाम सेल के अधिकारी और सुरक्षा में लगे सीआईएसएफ के मिली, परंतु रात्रि में अंधेरा होने के कारण शुक्रवार की सुबह दुबारा लोगों ने देखा की मछुवारे डैम से जाल निकाल रहे थे। जिसके बाद मछली खरीदने वाले स्थानीय लोगों की भिड़ जुट गई। पुलिस को सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने पुलिस की टीम भेजकर सभी मछुवारे को जाल, गाड़ी, टिब्ब के साथ थाना ले आया गया। जहां मछुवारों ने मजदूरी पर अवधेश माली के पास मछली मारने का हवाला दिया। वहीं अवैध रूप से सेल के डैम से मछली मरवाने में एक सेल कर्मचारी की भी दबे जुबान द्वारा नाम सामने आ रहा है, हालांकि देर तक इस घटना को लेकर सेल अधिकारी के द्वारा किसी प्रकार की लिखित शिकायत नहीं मिलने पर पुलिस ने सभी लोगों को पूछ ताछ के बाद छोड़ दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार एक सप्ताह पूर्व भी डैम से लगभग 40 किलो मछली मारकर बेचने का मामला प्रकाश में आया था।

यहां यह बताते चले की सेल के डैम में पूर्व में ठेका के माध्यम से बड़े पैमाने पर कतला, रेहू आदि मछली का कारोबार किया जाता था।, जिसमे भवनाथपुर से पलामू, यूपी और कोलकाता तक मछली सप्लाई होता था।

परंतु इसके बाद दुबारा सेल के ठेका में रेट हाई हो जाने के कारण टेंडर बंद कर दिया गया है। कुछ स्थानीय लोगों के द्वारा चोरी छिपे मछली निकालने का कार्य होता रहता है, अगर चोरी छिपे मछली मारने के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना घटती है, तो इसकी जिमेवारी सेल प्रबंधन को ही झेलनी पड़ती है।

# कचरों के अंबार से भरी पड़ी है श्री बंशीधर नगर पंचायत

प्रशांत सहाय

**बंशीधर नगर पंचायत के हाकिम और हुक्मरानों की शिथिलता के कारण स्वच्छता मिशन फ्लॉप**



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** पीएम नरेंद्र मोदी ने जहां देश को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिये स्वच्छता अभियान को मिशन बना दिया है। वहीं श्री बंशीधर नगर पंचायत के हाकिम और हुक्मरान पीएम के मिशन पर पलीता लगा रहे हैं। यहां सफाई के नाम पर प्रतिमाह लाखों रुपये खर्च किये जा रहे हैं उसके बावजूद पूरा शहर कचरे से पटा हुआ है। सफाई के नाम पर सिर्फ कागजी खानापूर्ति कर सरकारी राशि को ठिकाने लगा दिया जा रहा है। यहां बताते चलें कि श्री बंशीधर नगर शहर को स्वच्छ एवं विकसित शहर बनाने की जिम्मेवारी नपं की है। लेकिन नपं बनने के 8 वर्षों बाद भी शहर को स्वच्छ एवं विकसित बनाने की दिशा में ईमानदार कोशिश नहीं हुई है। शहर के विभिन्न वार्डों की बात तो दूर शहर की हृदयस्थली थाना के बगल में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। वहीं थाना के सामने मुख्य गेट पर व शहर की गलियों में स्थित नालियां बजबजा रही हैं। नालियों से निकल रही बदबू से शहर वासियों का जीना मुहाल हो गया है। लोग नगर पंचायत की करतूत से आजीज आकर दुर्गंध में जीवन जीने को मजबूर हैं। शहरवासी नगर पंचायत को नरक पंचायत घोषित कर चुके हैं। नतीजतन लोग गंभीर बीमारी से भी ग्रसित हो रहे हैं। सबसे दिलचस्प बात है कि शहर को स्वच्छ बनाने के लिये नगर पंचायत की ओर से सफाई सुपरवाईजर को बहाल किया गया है, उन्हें ही सफाई की जिम्मेवारी दी गयी है। लेकिन शहर को स्वच्छ बनाने की बात तो दूर सफाई सुपरवाईजर जहां निवास करते हैं वहीं पर नालियां बजबजा रही हैं। जबकि उसी रास्ते में नगर पंचायत उपाध्यक्ष लता देवी का भी निवास है। उनके घर के पास भी कूड़ा कचरा का अंबार लगा हुआ है तो इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि सफाई सुपरवाईजर के द्वारा शहर को स्वच्छ बनाने कि दिशा में कितना कार्य किया जा रहा है। शहर की सफाई के नाम पर प्रतिमाह औसतन साढ़े चार लाख रुपये खर्च किये जा रहे हैं। **सफाई में शहर जीरो, सफाई के पैसे से सुपरवाईजर बना हीरो :** नपं शहर की सफाई कराने में जीरो साबित हो रहा है। जबकि सफाई कराने वाले सफाई सुपरवाईजर सफाई के पैसे से हीरो बन गया है। शहर की सफाई के नाम पर नगर पंचायत की ओर से नगर पंचायत कार्यालय का दो ट्रैक्टर, सात ऑटो टीपर और सफाई सुपरवाईजर का दो ट्रैक्टर कुल 11 वाहनों को लगाया गया है। जबकि 40 से 45 सफाई कर्मी कार्यरत हैं। उसके बाद भी शहर की हृदयस्थली को भी स्वच्छ नहीं बनाया जा सका है। विभिन्न वार्डों में सफाई के नाम पर झाड़ू लगाने की जगह पैसे को ठिकाने लगाने का काम जोरों से किया जा रहा है।

### क्या कहते हैं कार्यपालक पदाधिकारी

इस संबंध में पूछने पर नपं के कार्यपालक पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि शहर में दो बार झाड़ू लगाया जा रहा है। अगर कहीं कचरा पड़ा है तो जल्द ही सफाई करा दी जायेगी।

### आरके पब्लिक स्कूल में मैट्रिक बोर्ड के परीक्षा फल का प्रकाशन

# मैट्रिक बोर्ड के पांच टॉपरों को पुरस्कृत किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**मझिआंव।** नगर पंचायत के ऊंचरी गांव में स्थित सी बी एस ई पैटर्न पर संचलित आरके पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर मैट्रिक बोर्ड 2024के पांच विद्यालय टॉपरों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर और पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की । इस अवसर पर पांडेय ने मैट्रिक बोर्ड परीक्षा 2024 के विद्यालय के पांच टॉपरों क्रमशः नव्या मिश्रा, 89%, मुक्कदस अकमल 87.2%, रमाकांत ठाकुर 85.4%, प्रीती दुबे 84% और आयुषी प्रिया 83.4% को पुरस्कृत किया। पांडेय ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी सफल प्रतिभागियों को उनके उज्वल भविष्य की कामना की । कहा कि सभी छात्र छात्रा देश के कर्णधार हैं। आप जितना तरक्की करेंगे, देश भी उतनी ही तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने आरके पब्लिक स्कूल के शिक्षकों को भी बधाई दी। और कहा कि आपके सफल मार्गदर्शन में छात्र इसी तरह सफलता के साथ आगे बढ़ रहे हैं । इसके लिए आप सभी बधाई के पत्र हैं। मौके पर प्राचार्य राजेश कुमार पांडेय सहित छात्र व काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

# अवैध खनन स्थलों को चिह्नित कर कार्रवाई करें अधिकारी : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पिछले महीनों के दौरान अवैध खनन की रोकथाम की दिशा में संबंधित अधिकारियों द्वारा की गयी कार्रवाई की समीक्षा की गयी। साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। निर्देशित किया गया कि खनिजों के अवैध खनन स्थलों को चिह्नित कर अवैध परिवहन के मार्गों पर विशेष निगरानी रखी जाय। जिला खनन पदाधिकारी द्वारा बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान एक अप्रैल 2024 से अब तक पत्थर और बालू के अवैध खनन और परिवहन के विरुद्ध 60 नामजद अभियुक्तों के खिलाफ छह प्राथमिकी दर्ज की गयी। 25 वाहनों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी। 16 वाहनों से 3.91 लाख की राशि दंड शुल्क के तौर पर वसूल की गयी।

समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान, जिला खनन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, खान निरीक्षक, मोटर यान निरीक्षक कें अलावा सभी अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी उपस्थित थे।



## अफीम की खेती का त्याग कर वैकल्पिक खेती के लिए ग्रामीणों को जागरूक करें: लोकेश मिश्रा

खूंटी। उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में एनसीकोर्ड की बैठक शुक्रवार को आयोजित हुई। बैठक में अफीम की खेती का त्यागकर वैकल्पिक खेती के लिए ग्रामीणों के बीच जागरुकता अभियान चलाने और अफीम की तस्करी पर रोक लगाने का निर्देश उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने थाना प्रभारी, अंचल अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजना बनाकर अफीम की खेती के विरुद्ध ग्रामीण क्षेत्रों व्यापक जन जागरुकता अभियान चलायें। लोगों को ड्रैगनफ्रूट, लेमन ग्रास, जरेनियम आदि की खेती के तरीके और इनके व्यावसायिक लाभ से अवगत कराया जाना चाहिए। निर्देशित किया गया कि जिले की सीमाओं और सुदूरवर्ती क्षेत्रों में विशेष निगरानी की जानी चाहिए, ताकि अफीम और डोडा की तस्करी पर रोक लगायी जा सके।

## उपायुक्त ने की मतगणना की तैयारियों की समीक्षा, दिये कई निर्देश




खूंटी। निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में मतगणना के कार्य के सुचारू रुप से संचालन करने कें लिए शुक्रवार को समाहरणालय के सभा कक्ष में विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों की हुई बैठक इसमें मतगणना को लेकर की जानेवाली तैयारियों के संबंध में विमर्श किया गया। इस दौरान संबंधित पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेवारी सौंपी गयी। बताया गया कि मतगणना के दिन चार जून को पूर्वाह्न छह बजे ट्रेजरी का स्ट्रांग रूम और पूर्वाह्न सात बजे बिरसा कॉलेज स्थित बज्रगृह को खोला जायेगा। बैठक समाप्ति के बाद उपायुक्त ने बिरसा कॉलेज, खूंटी स्थित मतगणना केंद्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मतगणना केंद्र में की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों एवं कार्य एजेंसी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। उन्होंने कार्य एजेंसी को निर्देश दिया कि मतगणना केंद्र की सारी व्यवस्था को सुव्यवस्थित करें। उपायुक्त द्वारा प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बिरसा कालेज, खूंटी स्थित बज्र गृह का प्रवेश द्वार का ताला खोलकर बज्र गृह के सील का अवलोकन किया। प्रतिनिधियों ने बज्र गृह में लगाये गये ताला और सील पर संतुष्टि व्यक्त की। मौके पर उप विकास आयुक्त, श्याम नारायण राम, परियोजना निर्देशक, आइटीडीए आलोक शिकारी कच्छप, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 60-खूंटी सह अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी,सैयद राशिद अख्तर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## मतगणना के लिए विधानसभावार लगाये जायेंगे 20-20 टेबल



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभा कक्ष मतगणना को लेकर प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बताया गया कि मतगणना की तारीख चार जून को निर्धारित है। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत 11-खूंटी(अजजा) की मतगणना का कार्य बिरसा कॉलेज, खूंटी परिसर में बनाये जा रहे मतगणना केंद्र में की जायेगी। उन्होंने प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों को बताया कि संबंधित पार्टी द्वारा नियुक्त किये जाने वाले मतगणना एजेंट का संपूर्ण ब्योरा फॉर्म-18 को भरकर फोटो के साथ निर्वाचन शाखा, खूंटी में 28 मई 2024 तक जमा कर दें, ताकि उनका आईडी कार्ड निर्गत किया जा सके। उन्होंने कहा कि मतगणना कक्ष में मतगणना एजेंट मोबाइल और पानी की बोतल लेकर नहीं जा सकते। उन्होंने बताया कि पोस्टल वोटों की गणना के लिए 30 टेबल लगाये जायेंगे और समान्य वोटों की गिनती कें लिए विधान सभावार 20-20 टेबल की व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने बताया कि पोस्टल वोटों की गिनती पूर्वाह्न आठ0 बजे से आरंभ होगी और सामान्य वोटों की गणना पूर्वाह्न लगभग साढ़े आठ से शुरू होगी।

## रामयुग बोध का कुआं में गिरने से निधन

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू प्रखंड के मौसी बड़ी स्थित नंदलाल झा के दामाद रामयुग बोध का कुएं में गिरने से आकस्मिक निधन हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामयुग बोध बिहार का रहने वाला था। वह अपने पत्नी सीमा झा से मिलने के लिए ससुराल आया हुआ था, जहां संध्या लगभग 5:00 बजे कुएं में गिरने से मृत्यु हो गयी। प्रशासन के द्वारा लाश को कुएं से निकलने के लिए लगे हुए हैं, कुएं में ऑक्सीजन की कमी के चलते लाश को निकालने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## हेसालौंग में सड़क दुर्घटना में युवक घायल



**मैक्लुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के हेसालौंग देवी मंडप के निकट मोटर सायकिल सवार गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना चार बजे की बतायी जाती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार करकट्टा विश्रामपुर निवासी बलराम गंझू अपने कार्यो को निबटा कर मैक्लुस्कीगंज से अपने घर वापस लौट रहा था। इसी क्रम में हेसालौंग देवी मंडप के निकट अनियंत्रित होकर चार दिवारी से टकरा गया। जिसके बाद बलराम गंझू गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगो ने पुलिस को इसकी सूचना दी। साथ ही परिजनों को भी सूचना दी गयी। बलराम के सिर में गहरी चोट लगी है। सूचना पर पहूंची मैक्लुस्कीगंज पुलिस ने घायल को डकरा अस्पताल भेजवाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना परिजनों को मिलने पर परिजन भी अस्पताल पंहुचे।

# मतदान केंद्रों पर पहुंचे मतदान कर्मी, सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** लोकसभा चुनाव के छठे और झारखंड मे तीसरे चरण के चुनाव को लेकर सारी तैयारी पुरी कर ली गयी है। रांची लोकसभा के कांके विधानसभा क्षेत्र के अंर्तगत आने वाले खलारी प्रखंड क्षेत्र के राय पंचायत, बमने पंचायत व चुरी पर्वी पंचायत मे आज कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान होगा। राय और बमने पंचायत के कुल 10 बुथो के लिए सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय को क्लस्टर केन्द्र बनाया गया हैं। कलस्टर व मतदान केन्द्रो पर पीने के पानी, शौचालय व अन्य बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था की गयी है। खलारी बीडीओ, सीओ व थाना प्रभारी बिजय कुमार सिंह सभी मतदान केंद्रो का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। शनिवार को क्लस्टर केंद्र पर पहुंचे सभी मतदान कर्मियों को देर शाम तक इवीएम व चुनाव सामग्री के साथ संबंधित मतदान केंद्रो पर कड़ी सुरक्षा के पहुंचाया गया। जिला प्रशासन की ओर से पंचायत के सभी लोगों से निर्भिक होकर मतदान करने की अपील की गयी है। वही चुनाव को लेकर खलारी पुलिस पुरी तरह से सर्तक है। पुलिस के द्वारा लगातार सीमांत क्षेत्रो मे बैरियर लगाकर वाहनो की जांच कर रही है। आज सुबह सात बजे से पांच बजे तक मतदाता अपने बुथों पर मतदान कर सकते है।

# खलारी प्रखंड के मतदान केंद्रों में आज पड़ेंगे वोट, क्लस्टर पर पंहुचे मतदानकर्मी



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** रांची लोकसभ सीट अंतर्गत खलारी प्रखंड के 60 बूथों पर मतदाता अपना मतदान करेंगे। मतदान स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कराने की पूरी तैयारियों की जा चुकी हैं। जानकारी देते हुए सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 65 कांके सह प्रखंड विकास पदाधिकारी खलारी संतोष कुमार ने बताया कि 25 मई को रांची लोकसभा सीट के चुनाव के लिए होने वाले मतदान को लेकर खलारी प्रखंड अंतर्गत 60 पोलिंग बूथो पर सभी तैयारियों को पुरा कर लिया गया है। पूरे प्रखण्ड क्षेत्र में डीएवी स्कूल खलारी, सरस्वती विद्या मंदिर डकरा, जनता हाई स्कूल खलारी, सरस्वती विद्या मंदिर पुरानी राय आदर्श हाई स्कूल मैकलुस्की गंज सहित कुल पांच कलस्टर केंद्र बनाया गया है। बताया कि प्रखंड क्षेत्र के 60 बूथों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे मतदान होगा।

वहीं प्रखंड क्षेत्र में कुल 55609 मतदाताओं की संख्या है। जिनमें 29088 पुरूष और 26521 महिला मतदाता है। वहीं उन्होने बताया कि सभी पोलिंग बूथों को व्यवस्थित करने के लिए चार-चार वोलियंटर भी रहेंगे, जिनका मोनेटिरिंग बीएलओ करेंगे। वहीं महिला पुरुष के लिए अलग अलग शौचालय भी बनवाया गया। साथ ही सभी बूथों पर पीने के लिए पानी की व्यवस्था की गयी है। उन्होने कहा कि जिन बूथों पर शेड की व्यवस्था नहीं है उन बूथो पर शेड भी बनावाया जायेगा। साथ ही उन्होने बताया कि एक हजार से अधिक मतदाता वाले 25 बूथों पर मेडिकल टीम भी मुस्तैद रहेगी। सभी क्लस्टर और बूथ पर सीआरपी, कोबरा बटालियन, आदि सुरक्षाबल के जवान पहुंच चुके हैं।

## चुनाव को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



खलारी। लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस ने भी पूरी तैयारी की है। सभी बूथों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। इसको लेकर रांची ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल, खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी और मैकलुस्कीगंज थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। ग्रामीण एसपी ने खलारी, डकरा तथा मैकलुस्कीगंज क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। जिसमें काफी संख्या में पुलिस जवान शामिल थे। ग्रामीण एसपी ने सभी बूथों का निरीक्षण कर क्षेत्र में विधि व्यवस्था का जायजा भी लिया। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था एव शांतिपूर्ण मतदान को लेकर पुलिस पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया।

## बार एसोसिएशन खूंटी के निर्वाचित पदाधिकारियों को सौंपा गया प्रमाणपत्र



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** बार एसोसिएशन खूंटी का गत 18 मई को संपन्न चुनाव में जीत हासिल करने वाले पदाधिकारियों के बीच शुक्रवार को प्रमाणपत्र का वितरण किया गया। अधिवक्ता संघ के सभागार में आयोजित सर्टिफिकेट वितरण कार्यक्रम में चुनाव के लिए प्रतिनियुक्त चुनाव पदाधिकारी ममता सिंह, कृष्णा भगत और तारामणि राम गौंझू ने नये सत्र के लिए संघ के निर्वाचित पदाधिकारियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया। ज्ञात हो कि अधिवक्ता संघ के इस प्रतिष्ठा मूलक चुनाव में अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ अधिवक्ता लाल रूपेंद्र नाथ शाहदेव, उपाध्यक्ष पद पर वरिष्ठ अधिवक्ता गौतम कुमार, सचिव पद पर वरिष्ठ अधिवक्ता बोयर सिंह नाग, संयुक्त सचिव (प्रशासनिक) पद पर अधिवक्ता अरुण कुमार सुरीन, संयुक्त सचिव (पुस्तकालय) पद पर अधिवक्ता अनिवा तिर्की एवं कोषाध्यक्ष पद पर अधिवक्ता जुनूल होरो निर्वाचित हुए हैं। इसके अलावा गवर्निंग काउंसिल मेंबर के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल कुमार मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश कुमार जायसवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता रासबिहारी चौधरी, वरिष्ठ अधिवक्ता केदार महतो और अधिवक्ता धनिक गुड़िया ने सर्वाधिक मत प्राप्त कर जीत हासिल की थी।

# झूलन अनुष्ठान के साथ बिकुवादाग गांव का ऐतिहासिक मंडा पर्व संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** कर्रा प्रखंड के बिकुवादाग गांव में शुक्रवार ऐतिहासिक चार दिवसीय मंडा अनुष्ठान पूरे भक्तिभाव और श्रद्धा विश्वास के साथ संपन्न हो गया। इस बार 178 भोक्ताओं ने अनुष्ठान में भाग लिया। वैसे तो भगवान भोलनाथ को प्रसन्न करने के लिए अलग-अलग इलाकों में कई तरह के अनुष्ठान किए जाते है, पर शैव भक्ति की जितनी कष्टसाध्य आराधना मंडा पर्व है, उतना कष्ट सामान्य पूजा-अर्चना में देखने को नहीं मिलती। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के बाद से ही पूरे झारखंड में भगवान भोलेनाथ की कष्टसाध्य आराधना का लोकपर्व मंडा शुरू हो जाता है, जो पूरे ज्येष्ठ महीने तक चलता है। यह ऐसा सार्वजनिक अनुष्ठान है, जिसमें न कोई जात भेद होता और न ही मंत्रोच्चार की जरूरत है। भक्त भगवान आशुतोष को प्रसन्न करने के लिए सिर्फ अपने शरीर को कष्ट देते हैं। मंडा अनुष्ठान कहीं-कहीं नौ दिनों का होता है, तो कही तीन दिनों का। भगवान शंकर का वरदान पाने के लिए भक्त जिन्हें भोक्ता कहा जाता है, अनुष्ठान पूरा होने तक अपना घर-परिवार त्याग कर किसी शिवालय में शरण लेते हैं। इस दौरान वे 24 घंटे में सिर्फ एक बार फलाहार करते हैं। मंडा पर्व ऐसा अनुष्ठान होता है, जहां जनजातीय और अनुसूचित जाति समुदाय के लोग काफी संख्या में भाग लेते हैं। झारखंड के अलग-अलग गांवों में अलग-अलग तिथियों में मंडा पर्व मनाया जाता है। हालांकि इसका अनुष्ठान सभी गांवों में नहीं होता। जिस परिवार से कोई भोक्ता मंडा अनुष्ठान में शामिल होता है, तो उसके पूरे परिवार और निकट के रिश्तेदारों मांस-मदिरा का सेवन पूरी तरह बंद हो जाता है। ऐस ही चार दिवसीय कष्टसाध्य मंडा पर्व शुक्रवार को बिकुवादाग में संपन्न हो गया। सुबह से लेकर शाम तक निराहार रहकर और दहकते अंगारों में नंगे पाव चलकर भगवान भोलेनाथ की भक्ति का परिचय देते हुए 20 फीट ऊंचे झूले में झूलकर मंडा पूजा का समापन हुआ। मंडा पूजा के अंतिम दि.न शिवालय परिसर में भक्तों और श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा। इसके पूर्व गुरुवार की रात धुंआसी, फूलखूंदी आदि अनुष्ठान संपन्न किये गये। फूलखंदी के तहत शिवभक्तों ने नंगे पाव दहकते अंगारों के बीच चलकर अपनी भक्ति और आस्था का परिचय दिया। वही झूलन के दौरान झूलते हुए शिवभक्तों ने श्रद्धालुओं के बीच आस्था के फूल बरसाये, जिसे पाने की होड़ महिला-पुरुषों के बीच मची रही।



### तीन सौ से भी पुराना है बिकुवादाग का मंडा

वैसे तो कोई यह नहीं बता सकता कि बिकुवादाग मंडा की शुरूआत कब हुई, पर क्षेत्र के अधिकतर मानते हैं कि यहां के मंडा का इतिहास तीन सौ साल से पुराना है। मंडा पूजा की देखरेख करने वाले पुराने जमींदार परिवार के दिलीप शर्मा, सच्चिदानंद शर्मा और अश्विनी शर्मा बताते हैं कि संभवतः बिकुवादाग का मंडा इस क्षेत्र का सबसे पुराना शिव भक्ति का सबसे प्राचीन अनुष्ठान है।

नन्हें शिवभक्त भी घर छोड़ निराहार रहकर करते है अनुष्ठान

बिकुवादाग मंडा में न सिर्फ बड़े बल्कि छोटे-छोटे बच्चे भी चार दिनों तक घर छोड़कर और निराहार रहकर भावान भोलेनाथ की आराधना करते हैं। निधिया गांव के रंजीत महतो जो पिछले 60 वर्षों से लगातार भोक्ता बनकर मंडा अनुष्ठान करते हैं,इस बार उनके दो नन्हें पोते छह वर्षीय अभिनय महतो और आठ वर्षीय अंश महतो ने भी मंडा के सभी अनष्ठान पूरे किये। दो बच्चों के साथ अन्य बच्चों ने भी दहकते अंगारों में नंगे पांव चलकर और 20 फीट की ऊंचाई पर झूलकर कर अपनी निष्ठा और विश्वास का परिचय दिया।

## पिपरवार की बचरा बस्ती में दो दिवसीय शिव मंडा पूजा का आयोजन

# दहकते अंगारों पर चलकर शिव भक्तों ने दिया भक्ति का परिचय

आजाद सिपाही संवाददाता





**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बस्ती मे दो दिवसीय शिव मंडा पूजा का आयोजन किया गया। मंडा पूजा अनुष्ठान गांव के पाहन और पंथभक्तियो द्वारा संपन्न कराया गया। गुरूवार की शाम गांव के पाहन द्वारा विधिवत रूप से कई अनुष्ठान कराने के बाद रात को फूलकुंदी का आयोजन किया गया। फूलकुंदी का उद्घाटन पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने फीता काटकर किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष अशोक ठाकुर सहित अन्य सदस्यो के द्वारा बुके देकर थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा का स्वागत किया गया। जिसके बाद गांव के सैकड़ों महिला पुरूष ओंर बच्चो ने दहकते हुए आग के अंगारो पर चलकर अपनी भक्ति का परिचय दिया। शुक्रवार की सुबह झुलन के साथ दो दिवसीय शिव मंडा पूजा का समापन किया गया। शिव मंडा पूजा के अवसर पर मेला का भी आयोजन किया गया, जिसमे लोगो ने जमकर खरीदारी की। मेला मे लगाये गये झुला व दुकानो मे लोगो की काफी भीड़ देखी गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने कहा कि पूर्वजों के समय से चलते आ रहे हैं मंडा पूजा को आज भी उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष अशोक ठाकुर उर्फ बबलु, उपाध्यक्ष जयशंकर चौधरी, सचिव सूरज प्रकाश पटेल, उप सचिव कपिल महतो, कोषाध्यक्ष संदीप महतो, उपकोषाध्यक्ष राजकिशोर, टहलु महतो, रामप्रकाश महतो, लखनलाल महतो, रघुनाथ महतो, रामेश्वर महतो, ललन महतो, लसु महतो, बिजुल महतो, शहदेव महतो, नरेश ठाकुर, राजेश ठाकुर, आर्यण, प्रवीण, शिवचरण सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में झूमे लोग

पिपरवार क्षेत्र के बचरा बस्ती मे आयोजित दो दिवसीय मंडा पूजा के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।पूजा के अवसर पर बचरा बस्ती मे नागपुरी आरकेस्ट्रा का आयोजन किया गया,जिसका उद्घाटन सीएचपी/सीपीपी परियोजना पदाधिकारी धनंजय कुमार ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम मे बाहर से आये हुए कलाकारो ने एक से बढ़कर एक गीत, संगीत और नृत्य पेश किया। कलाकारो द्वारा पेश किये गये कार्यक्रम पर उपस्थित लोग रात भर झुमते और नाचते गाते रहे। वही मंडा पूजा स्थल मे लगाये गये दुकान और झुला में भी लोगो की काफी भीड़ देखी गयी। मंडा पूजा मे बचरा, राय, पुरानीराय, बमने, चुरी, किचटो, बिलारी, हफुआ, चिरैयांटांड़, कारो, बुंडु, होशिर, कोले, पताल सहित हजारो की संख्या में लोग शामिल हुए।

# बचरा स्टेशन रोड में चोरों ने शीट तोड़ कर दो दुकानों में की चोरी

## सीसीटीवी कैमरा में कैद हुआ दोनों चोर : सदानंद



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा स्टेशन रोड मे बीती रात अज्ञात चोरो ने दो दुकानो मे सीट तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। दोनो चोर की तस्वीर पास के दुकान मे लगे सीसीटीवी कैमरा मे कैद हो गयी है। घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार की आधी रात चोरो ने नंदनी एटुजेड इलेक्ट्रीकल दुकान मे सीट तोड़कर दुकान मे प्रवेश किया और दुकान मे रखे वाईडिंग वायर, 50 पीस कंडेशंर व नगद पांच हजार रुपये की चोरी कर ली। दुकान संचालक सदानंद शर्मा ने बताया कि चोरो ने लगभग 17 हजार रुपये की सामानो की चोरी कर ली। भुक्तभोगी ने बताया कि इससे पूर्व करीब सात माह पूर्व भी दुकान का सीट तोड़कर चोरो ने चोरी की थी। वही उसके बगल गोल्डेन ऑटो बाईक दुकान मे भी चोरो ने सीट तोड़कर कई सामानों की चोरी कर ली। दुकान संचालक सन्नी आलम ने बताया कि चोरो ने दुकान मे रखे बैट्री, इंडीकेटर, एलईडी ब्लब सहित अन्य मोटर पार्टस सहित नगद दो हजार रुपये के सामानो की चोरी कर ली।इधर घटना की सूचना पाकर पिपरवार थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। दोनों चोर की तस्वीर सीसीटीवी कैमरा में कैद होने के बाद पुलिस सीसीटीवी कैमरे की जांच कर आगे की कारवाई शुरू कर दी है। पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पुलिस आगे की कारवाई कर रही है। चोरों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है, जल्द ही चोरों को गिरफ्तार किया जायेगा। वही बचरा चार नंबर के दुकानदारों ने स्थानीय पिपरवार पुलिस से बाजारो में रात्रि में गश्ती बढ़ाने की मांग की है।

### डीएवी स्कूल के समर कैंप में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा, विजेता हुए पुरस्कृत

# मोबाइल से दूरी बनायें, खेल से होता है बच्चों का सर्वांगीण विकास : कैलाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को एक दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता, बलून रेस, निबंध प्रतियोगिता, फन गेम, बिस्किट रेस, बनाना रेस, बिंदी लगाओ प्रतियोगिता, कबड्डी, सेक रेस, क्रोकोडाइल रेस, चम्मच रेस, हिट द विकेट, बलून बैलेंस रेस, म्यूजिक गेम, सुई धागा रेस, रिले रेस आदि खेलों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने कहा कि बच्चों में खेल सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि बच्चे इससे अनुशासन सीखते हैं। खेल से शारीरिक एवं मानसिक व्यायाम भी होता है। आज के समय में बच्चे मोबाईल गेम की ओर बहुत अधिक आकर्षित होते जा रहे हैं जो उनपर बहुत अधिक दुष्प्रभाव डाल रही है। बच्चे आउटडोर गेम भूलते जा रहे हैं। ऐसे में इस तरह के आयोजन से बच्चों में खेल के प्रति रुचि बढ़ती है। जिससे उनका सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने बच्चों से कहा गर्मी छुट्टी के दौरान कुछ नया सीखने का प्रयास करें। इस दौरान सभी विजेता बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षक श्रवण कुमार, रवि सिंह, संदीप सिंह, सोमा सरकार, आरती कुमारी, प्रीस्का खेस, सावित्री देवी, प्रियंका सिंह, हंसिका कुमारी, सीमा खेस, सोमी खाखा, सावित्री देवी, आंचल, अनिल आदि का सराहनीय योगदान रहा।



विभिन्न खेलों में जीत हासिल करने वाले विजेता बच्चे प्रशस्ति पत्र के साथ।

## अनियंत्रित बाइक गिरी, दो घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जारी चैन पुर रोड में अचानक कुत्ता के दौड़ जाने से बाइक सवार अंबवा निवासी 23 वर्षीय मुजीबुल्लाह अंसारी और सुनील कुमार घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को सदर अस्पताल लाया गया। सदर अस्पताल में कम चोट लगने के कारण सुनील को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी कर दी गई। जबकि मुज्जीबुल्लाह की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया। उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

## जंगली हाथी ने घरों को तोड़ा

**भरनो (आजाद सिपाही)।** भरनो प्रखंड में इन दिनों जंगली हाथी का उत्पात लगातार जारी है, आये दिन किसी न किसी ग्रामीणों के घर को हाथी द्वारा क्षतिग्रस्त किया जा रहा है। बीते रात को भी हाथी ने दक्षिणी भरनो के सत्तीटोली गांव में दो ग्रामीणों के घर को और भगतटोली में एक ग्रामीण के घर को हाथी ने बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घटना की सूचना वन विभाग बसिया को दे दी गयी है। सभी प्रभावित ग्रामीणों ने वन विभाग से मदद की गुहार लगायी है।

# फुलखुंदी के साथ मंडा पूजा का हुआ समापन दहकते अंगारों पर नंगे पांव चले शिव भक्त

आजाद सिपाही टीम

**नामकुम/रातू/ इटकी।** प्रखंड के बरगावां पंचायत में शिव पूजा समिति, नव युवक संघ बरगावां के तत्वाधान में आयोजित मंडा पूजा झूलन के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान 150 भोक्ता और सोक्ताई सपाही नदी से जल लेकर देवी मंडप पहुंचे और दहकते अंगारों पर चलकर महादेव के प्रति निष्ठा को दिखाया। रात में बंगाल से आए कलाकारों ने छउ नृत्य पेश गया। भक्तों ने पूरी रात नृत्य का आनंद लिया। जिसके माध्यम से गणेश वंदना, दुर्गा अराधना, सुर-असुर युद्ध की प्रस्तुति की गयी। इसके बाद संध्या झूलन का कार्यक्रम शुरू हुआ। 40 से 50 फिट की ऊंचाई से भोक्ता फूल बरसा रहे थे। वहीं, नीचे भक्त आंचल में आशीर्वाद ले रहे थे। पूजा को सफल बनाने में समिति के रामानंद पांडेय, अजीत कुमार, विमल कुमार, कृष्णा गोप, विरेन सिंह, शंकर पांडेय, प्रदीप सिंह, राजू गोप, चंद्रिका गोप, सुरेन सिंह, प्रेम प्रकाश, मतेश्वर गोप, ज्ञान प्रकाश के साथ अन्य सदस्यों का अहम योगदान रहा।



वहीं, हुरहुरी में मंडा पूजा व मेले का समापन शुक्रवार की रात धूमधाम से हुआ। इससे पहले गुरुवार की शाम शिव भक्तों ने नंगे पांव दहकते अंगारों पर चलकर भगवान शिव के प्रति आस्था दिखायी व फूलखुंदी की रश्म अदा की। वहीं, शुक्रवार की शाम पांच बजे सैकड़ो भक्तो को 20 फिट की ऊंचाई पर बने झुलन में झुलाया गया। इस बीच भोले शंकर की जयकारे से वातावरण गूंज उठा। यहां पारंपरिक मंडा मेला का भी आयोजन किया गया। जिसमें भारी भीड़ उमड़ी। लोगों ने मेले का आनंद उठाया और जमकर खरीदारी भी की।

हुरहुरी मंडा पूजा समिति की ओर से गुरुवार की रात आर्केस्ट्रा का भी कार्यक्रम किया गया था। कलाकारों ने नागपुरी गीत संगीत से दर्शको का मन मोह लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष मकसूदन तिग्गा, मुखिया कमल खलखो, प्रधान शैलेन्द्र मुंडा, बंधु उरांव, महेश सिंह, वैभव नाथ शाहदेव, राजकुमार सिंह, पंचम महतो, जुगू सिंह आदि का सराहनीय योगदान रहा।

उधर, **इटकी** प्रखंड के मोरो गांव में मंडा पूजा के दौरान शुक्रवार की रात दर्जनों शिव उपासक भोक्ता और महिला भोक्ताइनों ने दहकते अंगरों पर नंगे पांव चलकर फूलखुंदी रश्म अदा की। इस दौरान शिव भक्त और भोक्ताइनों ने सिर पर कलश लेकर दहकते अंगारों पर चले। अनुष्ठान की शुरूआत सुबह नगर भ्रमण के साथ भिक्षाटन कार्यक्रम के साथ हुआ। इसके बाद कतारबद्ध होकर स्थानीय तलाब में पहुंचे और स्नान ध्यान के बाद भोक्ताओं ने लोटन सेवा कर भगवान शिव की आराधना की। इसके बाद धुआं सुआं की रश्म को पूरा किया। रात नौ बजे भोक्ता और सोकताइनों ने तलाब में स्नान कर गाजे बाजे के साथ जयकारा लगाते शिव मंदिर प्रांगण पहुंचे। पंडित देव दास ने भोकताओं को अग्निदेव की पूजा अर्चना कराया।

## दुष्कर्म के अभियुक्त को 10 साल की सजा, 10000 जुर्माना

**गुमला (आजाद सिपाही)।** एडीजे वन प्रेम शंकर की अदालत में शुक्रवार को दुष्कर्म के अभियुक्त सेरेंदाग लोहरदगा निवासी सुभाष उरांव को 10 साल की सजा व 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतना पड़ सकता है। इस संबंध में पीड़िता ने थाना में अभियुक्त के विरूद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया था। जिसमें कहा गया है कि अभियुक्त सुभाष उरांव से उसका जान पहचान हो गया था। जिसके बाद दोनों फोन में बात करते थे। अभियुक्त ने उसे मिलने के लिये लरंगो बाजार टांड बुलाया। जहां युवती के जाने पर अभियुक्त ने उसे बाजार से कुछ दुरी पर ले जाकर जबरन दुष्कर्म किया और धमकी दिया की घर में किसी को कुछ नहीं बताना नहीं, तो अंजाम बुरा होगा। जिसके बाद पीड़िता ने डर से घटना के बारे में किसी को कुछ नहीं बताया। इधर अभियुक्त छह जुलाई 2023 को उसे दुबारा लरंगो बाजार टांड बुलाया और बोला नहीं आओगी, तो तुम्हारा फोटो वायरल कर देंगें। जिसके बाद पीड़िता पुन लरंगो बाजार टांड चली गयी। जहां अभियुक्त उसे झाड़ी के पीछे ले जाकर जबरन दुष्कर्म किया। इस घटना के बाद पीड़िता ने अपने परिजनों को सारी जानकारी दी। जिसके उपरांत पीड़िता ने थाना पहुंच कर प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

## वृद्ध पुरुष ने महिला का किया यौन शोषण

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर से सटे ढोढरी टोली निवासी 60 वर्षीय गोवर्धन सिंह ने टोटो क्षेत्र निवासी 35 वर्षीय विवाहित महिला पूजा देवी के साथ शारीरिक संबंध बनाकर उसे आठ माह का गर्भवती कर दिया। इसके बाद गोवर्धन ने महिला को एक मुस्त 50 हजार नगद और हर माह पालन पोषण के लिए 1000 देना शुरू कर दिया। विगत कुछ माह से वह उसे पैसा देना बंद कर दिया। महिला ने बताया गोवर्धन की चार बेटियां हैं सबसे छोटी बेटी की शादी के बाद वह उसे खर्च देना बंद कर दिया। महिला ने बताया मेरे पति हत्या केस में कुछ वर्ष पूर्व जेल चले गए। उनसे मेरी दो संताने हैं जेल में रहते हुए गोवर्धन से एक बेटा पैदा हुआ मेरे पति को इस बात की जानकारी हुई तो उसने मुझे छोड़ दिया। अब मेरे पेट में आठ माह का बच्चा पल रहा है अब मेरा कोई सहारा भी नहीं है। इसके बाद महिला थाना पहुंची और आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है।

### बेड़ो में 1967 में विस चुनाव जीतने की खुशी में स्व करमचंद भगत ने शुरु किया था पड़हा जतरा

# पड़हा जतरा को कार्निवल के रूप में विकास किया जायेगा : डॉ रविंद्र भगत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय के बाजार टांड़ में ऐतिहासिक 58वां पड़हा जतरा समारोह सह वार्षिक सभा की तैयारी जोर शोर से शुरू हो गई है। बेड़ो बाजार टाड़ में आयोजित पड़हा जतरा समारोह में बिनोवा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ रविंद्रनाथ भगत की अगुवाई में पड़हा प्रतीक चिह्नों व झंडों के साथ पड़हा राजा भाग लेंगे। झारखंड की राजधानी रांची से 35 किलोमीटर दूर बेड़ो बाजार टांड़ में तीन जून को पड़हा जतरा का आयोजन होता है। इसकी शुरूआत 1967 ई में स्व करम चंद भगत ने बेड़ो से पहली बार चुनाव जीतने की खुशी में आयोजित की थी। तभी से लगातार पड़हा जतरा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें लोग लोक नृत्य एवं गीत गाते हुए पारंपरिक पहचान चिह्न घोड़े हाथी, सांड़, मगरमच्छ, रंपा चंपा के साथ डोल नगाड़ा गाजा बाजा एवं झंडा पताका लेकर शामिल होते हैं। बिनोवा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ रविंद्रनाथ भगत के अनुसार झारखंड एक आदिवासी बहुल राज्य हैं। इसका गठन आदिवासियों के हितों की रक्षा एवं उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्य की गई है। झारखंड में मुख्य रूप से उरांव, मुंडा, संथाल, हो खड़िया जैसी प्रमुख जनजातियों के साथ कई आदिम जनजातियां निवास करती हैं। इन जनजातियों के बीच विभिन्न प्रकार की पारंपरिक स्वशासन पद्धतियां प्रचलित हैं जिन्हें अलग-अलग नामों जैसे पड़हा, मानकी मुंडा, परगनैत एवं ढोकलो सोहोर ने जाना जाता है, जो पुरखों द्वारा बनाई गई व्यवस्था पर आधारित है। इन स्थापित संस्थाओं द्वारा सभी प्रकार के प्रशासनिक, धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक एवं फौजदारी मामलों में न्यायपालिका की भूमिका निभाई जाती हैं। इसमें सभी निर्णय सामूहिक साझेदारी के आधार पर लोकतांत्रिक तरीके से गांवों के किसी सार्वजनिक स्थान अखड़ा या बागीचे में बैठक आयोजित करके लिए जाते हैं। उरांव समाज में स्वशासी व्यवस्था के अंतर्गत पड़हा संस्था का गठन किया गया है जो प्राचीन काल से ही पुरखों द्वारा बनाई गई संस्था है।


पड़हा जतरा में काठ के घोड़े पर बैठे डॉक्टर रविंद्र भगत।

वहीं, केंद्रीय पड़हा संचालन समिति बेड़ो के संरक्षक सह विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के पूर्व कुलपति डॉ रवींद्र नाथ भगत ने कहा कि इस जतरा का एक उद्देश्य यह भी था कि इस इलाके के युवा धान कटने के बाद ईंट भट्ठी और चाय बागान में कमाने चले जते है। इनको वापस लाने का भी प्रयास था जो पूरी तरह सफल रहा और सभी युवा जतरा के बहाने भागे चले आते हैं। पड़हा जतरा हमारी धरोहर है। पड़हा व्यवस्था, सभ्यता और संस्कृति की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने पड़हा प्रेमियों से इस समारोह में पड़हा निशान लकड़ी के बन हाथी, घोड़ा, बाघ ,तेंगरा छाता, मगरमच्छ, रम्पा चल्पा, झंडा, ढोल ढाक, रणभेरी व मांदर के साथ भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ब्राजील व भारत के गोवा में होनेवाले कार्निवाल के तर्ज पर इसे विकसित किया जाएगा।

# भारत-बांग्लादेश सीमा पर 85 लाख रुपये के सोने के साथ तस्कर गिरफ्तार

### छठे चरण के मतदान से पहले बंगाल में बीएसएफ को मिली बड़ी सफलता

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के छठे चरण से पहले दक्षिण बंगाल सीमांत अंतर्गत घोजाडांगा सीमा चौकी पर तैनात बीएसएफ 102 बटालियन के सतर्क जवानों ने बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक बड़ी सफलता पायी है। बीएसएफ जवानों ने सोने की तस्करी के प्रयास को विफल कर सोने के 11 बड़े और चार छोटे टुकड़ों के साथ एक भारतीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। वह बाइक के एयर फिल्टर में छिपाकर सोने के टुकड़ों को बांग्लादेश से भारत में तस्करी करने की कोशिश कर रहा था। जब्त सोने के टुकड़ों का वजन 1166.48 ग्राम है, जिसकी अनुमानित बाजार मूल्य 85 लाख 15 हजार 304 रुपये है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को खुफिया विभाग से बीओपी घोजाडांगा के जवानों को आईओपी-पानीतर के जिम्मेवारी के क्षेत्र में एक संदिग्ध बाइक सवार द्वारा सोने की संभावित तस्करी के बारे में विशेष जानकारी दी गई थी। सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात सभी दलों और जीरो प्वाइंट चेक पोस्ट पार्टी अलर्ट कर दिया गया। जीरो प्वाइंट चेक पोस्ट पार्टी ने जीरो प्वाइंट-पानीतर पर सूचना के आधार पर एक संदिग्ध बाइक सवार को रोका और उनकी तलाशी ली, तो बाइक के एयर फिल्टर के अंदर छुपाए गए पीले टेप से लिपटे दो छोटे पैकेट बरामद किए। जिले खोलने पर सोने के 11 बड़े टुकड़े और 04 छोटे टुकड़े मिले। पकड़े गए तस्कर की पहचान रबीउल रहमान गाजी के रूप में की गई है, जो उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पूछताछ के दौरान रबीउल रहमान गाजी ने बताया कि वह एक ट्रक ड्राइवर के रूप में काम करता है और घोजाडांगा-भोमरा सीमा के माध्यम से भारत से बांग्लादेश में माल का आयात और निर्यात करता था। उसने कहा कि एक बांग्लादेशी तस्कर बाबू ने उनके लिए सोना ढोने का काम करने की पेशकश की जिसे उसने स्वीकार कर लिया। काम पूरा होने पर उसे दो हजार रुपये मिलने थे। गुरुवार को वह बाबू से मिला और आलमगीर मछली तालाब के पास सोने की खेप लेने के बाद बाइक की फिल्टर में छिप दिया। खेप की डिलीवरी के लिये ले जाने के दौरान, उसे जीरो पॉइंट-पानीतर पर बीएसएफ जवानों ने पकड़ लिया।




उधर, बीएसएफ, दक्षिण बंगाल सीमांत के जनसंपर्क अधिकारी डीआइजी एके आर्य ने जवानों की इस उपलब्धि पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि तस्करी में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सीमा पर रहने वाले लोगों से अपील की कि अगर उन्हें सोने की तस्करी से संबंधित कोई भी जानकारी मिलती है तो वे बीएसएफ के सीमा साथी हेल्पलाइन नंबर 14419 पर संपर्क करें और जानकारी दें। दक्षिण बंगाल सीमान्त ने एक और नंबर 9903472227 भी जारी किया है जिस पर सोने की तस्करी से जुड़े व्हाट्सएप संदेश या वॉयस मैसेज भेज सकते हैं। पुख्ता जानकारी देने वाले व्यक्ति को उचित इनाम राशि दी जाएगी और उसकी पहचान गोपनीय रखी जायेगी।

# दो दशक सिंफर और देश दोनों के लिए अत्यंत ही महत्वपूर्णः डॉ एन कलैसेलवी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** केंद्रीय डीएसआइआर की सचिव व सीएसआइआर की महानिदेशक डॉ एन कलैसेल्वी ने शुक्रवार को धनबाद के सीएसआईआर-केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान में अपना दो दिवसीय दौरा पूरा किया। संस्थान की ओर से डॉ एन कलैसेल्वी के समक्ष यहां की अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों एवं विकास कार्यों को दर्शाया। डॉ कलैसेल्वी ने अपने दो दिवसीय सिंफर दौरे के पहले दिन यानी गुरुवार को धनबाद सीएसआईआर-सीआईएमएफआर के डिगवाडीह परिसर में वैज्ञाननकों, कर्मचारियों और छात्रों के साथ बातचीत की। उन्होंने व्यवसायिक वाशरी विकसित करने के लिए एक समर्पित प्रौद्योगिक संयंत्र सुविधा, जो प्रयोगशाला से लेकर पायलट स्तर तक कोयले के सज्जीकरण को संभालने के लिए सुसज्जित है, का दौरा किया। इस फेलिलिटी में क्रशर, जिग और साइक्लोन जैसे कई उपकरण शामिल हैं, जो कोयला सज्जीकरण और प्रक्रिया ऑडिट में सीएसआईआर-सीआईएमएफआर की व्यापक क्षमताओं को रेखांककत करते हैं। इस दौरे में कोयला कार्बोनाइजेशन, पर्यावरण उत्सर्जन और सीआरएम अनुसंधान समूह के महत्वपूर्ण अनुसंधान प्रयासों पर भी प्रकाश डाला। डॉ कलैसेल्वी ने कोयला-से-तरल पायलट संयंत्र का भी दौरा किया। जहां मुख्य वैज्ञानिक डॉ सुदीप मैती ने स्वदेशी कोबल्ट-आधाररत उत्प्रेरक का उपयोग करते हुए सीटीएल प्रौद्योचिकी के विकास के बारे में विस्तार से बताया। यह सुविधा देश की ऊर्जा सुरक्षा में महत्वपूणा योगदान देने वाली भारत की एक अनोखी सुविधा है। गैसीकरण अनुसंधान समूह में डॉ कलैसेल्वी को सीएसआईआर समशन परियोजना के एक भाग के रूप में 1.5 टीपीडी ऑक्सी-ब्लोन फ्लूइडाइज्ड बेड गैसीकरण संयंत्र और 40-50 किलोग्राम/दिन सिनगैस से मेथनॉल एकीकृत पायलट पलांट के विकास के बारे में अवगत कराया गया। दौरे से दूसरे दिन यानी शुक्रवार को डॉ एन कलैसेल्वी ने तीन सुविधाओं - 1000टी रोप टेस्टिंग फैसेलिटी, सीव टेस्टिंग और एसीएसआईआर सेंटर का लोकार्पण किया। साथ ही माइन फायर गैलरी, एक्सपलोसिव टेस्टिंग फैसेलिटी, इंटेलिजेंट माइनिंग सिस्टम प्रयोगशालाओं का भी दौरा किया। इसके बाद उन्होंने बरवारोड परिसर स्थित सिंफर सभागार में सिंफर के सभी कर्मियों को संबोधित किया। संस्थान के मुख्य वैज्ञानिक, डॉ जेके पांडेय ने महानिदेशक महोदया का संक्षिप्त परिचय दिया। वहीं, डॉ एन कलैसेल्वी ने खनन और ईंधन प्रौद्योगिकियों में अनुसंधान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सभी को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रोत्सादहत किया। उन्होंने संस्थान के निदेशक, प्रो अरविंद कुमार मिश्रा के उल्लेखनीय नेतृत्व की प्रशंसा की। अपनी दूरदर्शिता का परिचय देते हुए कहा कि अगले दो दशक संगठन और देश दोनों के लिए अत्यंत ही महत्वपूर्ण हैं। राष्ट्रीय विकास में हमारा योगदान सर्वोपरि है। उन्होंने स्वदेशी प्रौद्योगिकी के विकास के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने किए गए सभी प्रयासों की सराहना की और इस बात पर जोर दिया कि प्रत्येक पैसे का उपयोग बुद्धिमानी से किया जाना चाहिए। महानिदेशक महोदया ने संस्थान के व्यक्तिगत इन्वेंटरी सिस्टम पोर्टल का शुभारंभ किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद वो सीएसआईआर-सीएमईआरआई दुर्गापुर के लिए रवाना हो गयी।



# वन विभाग ने बीड़ी पत्ता तस्करी पर रोक लगाने के लिए बार कोड और नंबर किया जारी

रवि कु गुप्ता

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** पलामू टाइगर रिजर्व वनक्षेत्र के सभी क्षेत्रों में बीड़ी पत्ता तस्कर पर अंकुश लगाने के लिए वन विभाग पूरी तैयारी में है। इस संबंध में वन विभाग द्वारा कई आवश्यक कदम उठाया जा रहा है। वही वन विभाग की टीम द्वारा पलामू टाइगर रिजर्व वन क्षेत्र में नियमित छापामारी भी किया जा रहा है। जिसमें वन विभाग को कई जगह में कामयाबी भी मिली है। इसके अलावे अब वन विभाग ने लोगो को सहूलियत के लिए कंट्रोल रूम बरवाडीह 8987795993 कंट्रोल रूम बेतला 8987795991 कंट्रोल रूप छिपादोहर 8987795992 कंट्रोल रूम कुटकु 8987795994 का नम्बर जारी किया है। जिस पर अवैध तरीके से हो रहे बीड़ी पता कारोबार का जानकारी सीधे इन नम्बरो पर दे सकते है। जिसकी जानकारी गुप्त रखी जायेगी। जिस पर ग्रामीण किसी भी क्षेत्र में बीड़ी पत्ता तस्कर की सूचना दे सकते हैं। डीएफओ ने प्रजेशकांत जेना ने स्पष्ट कहा कि पलामू टाइगर रिजर्व एरिया में बीड़ी पत्ता तोड़ना पूरी तरह प्रतिबंधित है।

### विश्रामपुर विधायक ने गोड्डा के भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चलाया जनसंपर्क

# देश में मोदीजी की लहर, निशिकांत दूबे की जीत पक्की: रामचंद्र चंद्रवंशी

**देवघर बाबा धाम मंदिर में की पूजा अर्चना, कराया रुद्राभिषेक**

**मतदाताओं से कमल छाप पर वोट देकर की निशिकांत दुबे को जिताने की अपील**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने गोड्डा लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दूबे की जीत सुनिश्चित करने को लेकर अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। वे गोड्डा लोकसभा क्षेत्रों में पार्टी प्रत्यासी निशिकांत दूबे के साथ जनसंपर्क अभियान में शामिल हुए। लोगों से कमल फूल छाप पर बटन दबाने की अपील की। इस दौरान उन्होंने कई प्रादेशिक नेताओं के साथ जनसभा को भी संबोधित किया। साथ ही कई जगह प्रचार प्रसार किया। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर पूरा देश विश्वाश कर रहा है। इसलिए इस बार भाजपा गठबंधन चार सौ पार करके रहेगी।


गोड्डा से भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दूबे के पक्ष में जनसंपर्क कर लोगों से मतदान करने की अपील करते विश्रामपुर विधायक।

## विधायक ने बाबा धाम में की पूजा

विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने देवघर बाबा धाम मंदिर जाकर पूजा अर्चना की। उन्होंने भोले बाबा का रुद्राभिषेक भी कराया। उन्होंने पलामू सहित पूरे झारखंड में अमन चैन और सुख शांति कायम रहने की कामना की। मौके पर विधायक नारायण दास, विनय चंद्रवंशी, अजय चंद्रवंशी, मनीष कुमार आदि मौजूद थे।

# विश्रामपुर सीएचसी में जल्द शुरू होगा सभी तरह का ऑपरेशन: सिविल सर्जन

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सफाई कर्मियों को सिविल सर्जन ने किया सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता


स्वास्थ्यकर्मियों को सम्मानित करते सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह।

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को आयुष्मान भारत कार्यक्रम के तहत सभी सफाई कर्मियों को सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेंद्र कुमार व संचालन मिथिलेश दूबे ने किया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पलामू सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह ने सफाईकर्मियों को सम्मानित और पुरष्कृत किया। सिविल सर्जन ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफाई की अहम भूमिका होती है। हमें उन्हें सफाई कर्मी नहीं, बल्कि सफाई मित्र कहकर बुलाना चाहिए। उन्हें सम्मान की नजर से देखा जाना चाहिए। क्योंकि सभी क्षेत्र में शुरूआत और अंतिम कार्य के बाद सफाई कर्मी की ही भूमिका अहम होती है। उन्होंने कहा कि जल्द ही विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सभी तरह का ऑपरेशन शुरू कर दिया जायेगा। इसके लिए सारी सुविधा सीएचसी को उपलब्ध करा दी जायेगी। उन्होंने विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत आयुष्मान भारत योजना के तहत होने वाले सभी स्वास्थ्य कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान सभी कार्य संतोषजनक पाया। उन्होंने बेहतर कार्य करने और क्षेत्र के सभी लोगों तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने वाले प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार की जमकर प्रशंसा की। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोज थामस, डॉ धीरज कुमार, आलोक कुमार सिंह, अतुल कुमार, कृष्ण कुमार, बीपीएम पंकज पांडेय, संतोष कुमार, बीडीएम रवि कुमार, अनिल पांडेयआदि मौजूद थे।

# रक्तदान करना स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा है: विवेक


रक्तदान शिविर में शामिल अतिथिगण।

**लक्ष्मी चंद्रवंशी अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** झारखंड रक्तदाता दिवस के अवसर पर विश्रामपुर लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन गढ़वा सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार, डिप्टी डायरेक्टर विवेक चंद्रवंशी, एमएस डॉ ओपी श्रीवास्तव, डॉ कल्याण कुमार, डिप्टी सुप्रीटेंडम ज्योतिका श्रीवास्तव, डॉ स्त्रावंती, प्रशासनिक अधिकारी जितेंद्र कुमार, गढ़वा ब्लड बैंक के जिला कोऑर्डिनेटर प्रदीप कुमार, नीतीश कुमार व संदीप कुमार ने संयुक्त रूप से किया। गढ़वा सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने कहा कि रक्तदान महादान है। इससे जरूरतमंदों की जान बचती है। मानवता को बचाने के लिये यह एक पुनीत कार्य है। मेडिकल कॉलेज के डिप्टी डायरेक्टर विवेक चंद्रवंशी ने ब्लड डोनेट करने वालों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि रक्तदान करना न केवल पुण्य का काम है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा है। इस शिविर में 100 से भी अधिक लोगों ने रक्तदान किया। मौके पर रूपेश सिंह, प्रदीप पासवान आदि मौजूद थे।

# बिजली चोरी के आरोप में छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज, 2.26 लाख रुपये का जुर्माना भी लगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अभियंताओं ने विशेष छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान छह उपभोक्ताओं को बिजली का अवैध उपयोग करते पाया गया। जिनके खिलाफ हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। साथ ही सभी छह लोगों पर 2 लाख 26 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। उनके नाम मुखदेव मिस्त्री, सोनू कुमार, संजय कुमार गुप्ता, संजू कुमार चंद्रवंशी, उपेंद्र प्रजापति और श्यामलाल प्रजापति हैं। सभी हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के निवासी हैं। इसकी जानकारी जपला अवर विद्युत प्रमंडल के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने दी। वहीं, छापामारी अभियान में सहायक अभियंता राम प्रसाद महतो, मानव दिवसकर्मी जितेंद्र ठाकुर, ओबैद अहमद, मनीष कुमार मेहता और सतेंद्र सिंह भी शामिल थे। कनीय अभियंता ने बताया कि जेबीवीएनएल के आदेश पर आगे भी छापामारी जारी रहेगी। कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकाएदारों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी। लगे हाथ उन्होंने बकाएदारों को बिल का भुगतान करने की हिदायत भी दी है। उन्होंने कहा कि सभी कनेक्शन धारियों को घर या दुकान के बाहर मीटर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। मीटर नहीं लगवाने व पांच हजार से अधिक बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की जायेगी।

# जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट, महिला घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के गुरी भंडार गांव में शुक्रवार को जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार छन्नू विश्वकर्मा के घर निर्माण का कार्य चल रहा था। इसी बीच उसके चाचा लालमुनि विश्वकर्मा अपने बेटों और कुछ सहयोगियों के साथ लाठी डंडा लेकर कार्यस्थल पर पहुंचे। जमीन को विवादित बताते हुए निर्माण कार्य बंद करने को कहा। पर कार्य बंद नहीं होने की बात कही गई। इस पर कथित रूप से लालमुनी विश्वकर्मा अपने बेटों के साथ मिलकर छन्नू विश्वकर्मा और उसकी पत्नी सुशीला देवी पर जानलेवा हमला कर दिया। जिसमे शुशील देवी (25) का सिर फट गया। घायल सुशीला का इलाज मेदिनीनगर एमएमसीएच में चल रहा है।

## विंध्याचल अस्पताल के निदेशक ने गरीब बच्चों संग मनाया जन्मदिन



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विंध्याचल अस्पताल के निदेशक मनीष कुमार सिंह ने अपना जन्मदिन जरूरतमंद बच्चों के बीच वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा निः शुल्क शिक्षा हासिल कर रहे बच्चों के साथ मनाया। मनीष सिंह ने रागिनी के साथ केक काटा और एक दूसरे को केक एवं मिठाई खिलाकर जन्मदिन की बधाई दी। इस अनोखे जन्मदिन के उत्सव को देखकर बाकी बच्चियां भी प्रफुल्लित थीं। सबने मनीष सिंह के इस कदम की सराहना की और उनका आभार व्यक्त किया। संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने कहा कि ऐसे ही चंद नेक लोगों की बदौलत दुनिया टिकी है। ऐसे लोग सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत होते हैं। इस अवसर पर विवेक वर्मा, राहुल, शैलेश, राकेश, मुस्कान, वर्षा, आकांक्षा, सृष्टि, चांदनी और सुमन उपस्थित थीं।

# अंतर जिला स्तरीय तीरंदाजी सेमिनार में भाग लेने रवाना हुए संत मरियम स्कूल के विद्यार्थी

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** हजारीबाग तीरंदाजी संघ की ओर से हजारीबाग खेल स्टेडियम में दो दिवसीय (25-26 मई) तक तीरंदाजी सेमिनार का आयोजन किया गया है। जिसमें पलामू से 15 खिलाड़ियों का चयन पलामू तीरंदाजी संघ की ओर से जिला स्तरीय प्रतिस्पर्धा आयोजित कर किया गया। जिसमें संत मरियम स्कूल के अंकित शर्मा, विशाल कुमार, रोहित कुमार, प्रीतम राज, सूरज चौधरी, अंश राज, सौरव कुमार, अभिषेक कुमार सिंह, हिमाशु कुमार यादव, अभय सिंह का चयन किया गया। ये सभी खिलाड़ियों को संत मरियम स्कूल के शारीरिक शिक्षक सुमित बर्मन के साथ शुक्रवार को वाराणसी एक्सप्रेस से रवाना हुए। सुमित बर्मन ने बताया कि आगामी राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर सके इस वजह से हजारीबाग तीरंदाजी संघ की ओर से अंतर जिला स्तरीय तीरंदाजी सेमिनार का आयोजन किया गया है।


# एसबीआइ ने नॉमिनी को दिया दो लाख का चेक

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांकी/पलामू।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत शुक्रवार को लाभुक लीलावती देवी को दो लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। स्व नरेश राम ने वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत अपना बीमा कराया था। पांकी थाना क्षेत्र के मंगलपुर निवासी नरेश राम का मई 2023 में सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। पति की मौत के बाद नॉमिनी लीलावती देवी ने बीमा के भुगतान का दावा किया था जिसके तहत स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पांकी शाखा की तरफ से दो लाख रुपये की राशि लीलावती देवी को भुगतान की गई। शाखा प्रबंधक जय प्रकाश नारायण ने योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी और उपस्थित ग्राहकों से योजना का लाभ लेने के लिए आग्रह किया। सरकार से उनके बेसहारा परिवार के आर्थिक स्थिति में सुधार के लिये बीमा योजना चलाया है। जिससे परिवार के मुखिया के नहीं रहने पर परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। इस लिए जो भी खाता धारक हैं। वे बैंक में आकर प्रधानमंत्री ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत बीमा अवश्य करायें। मौके पर शाखा प्रबंधक जय प्रकाश नारायण,फील्ड आफिसर अनूप आलदा,पप्पू सिंह,दिलीप कुमार,सुधीर कुमार सहित कई बैंककर्मी उपस्थित थे।

## पीएचडी विभाग के सेवानिवृत्त कर्मी का निधन, शोक



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बेनिकला गांव निवासी पीएचडी विभाग के सेवानिवृत्त कर्मी शंकर पासवान की बीते दिनों इलाज के दौरान मौत हो गयी थी। उनके आकस्मिक निधन पर ग्राम वासियों ने शोक सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक व्यक्त करने वालों में मुखिया श्रवण राम, कामदेव सिंह, डॉ रामनारायण सिंह, डीलर सत्यनारायण पाल, मिथिलेश सिंह, आशीष सिंह, विजय सिंह, बिमल सिंह, सतेंद्र सिंह, भीम सिंह, नकुल सिंह, कमलेश सिंह, अरविंद सिंह, उदय सिंह, बिनोद पाल, महेंद्र पाल आदि शामिल थे।

# यज्ञ समाज को जोड़ता है: प्रो बच्चन ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांकी/पलामू।** प्रखंड के ग्राम सोरठ के तुरीया दोहर में शुक्रवार को पांच दिवसीय वैदिक गौ महायज्ञ शुरू किया गया। महायज्ञ जल, जंगल, जमीन, गांव और गाय को बचाने के लिए गौशाला का निर्माण कराने के उद्देश्य से किया गया है। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता की अनुपस्थिति में उनके निजी सचिव प्रो बच्चन ठाकुर और संजय चंद्रवंशी महायज्ञ कलश यात्रा में शामिल होकर महायज्ञ का शुरूआत किया। इस अवसर पर प्रो बच्चन ठाकुर ने कहा कि यज्ञ से विश्व बंधुत्व की भावना जागृत होती है। यज्ञ समाज को जोड़ने का काम करता है। जीवन के संपूर्ण संस्कार ही यज्ञ है। महायज्ञ कार्यक्रम शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ शुरू किया गया। 25 मई से 28 मई तक प्रातः काल में पंच महाभूत पूजन, 28 मई को हवन पूर्णाहूति विशाल भंडारा एवं संतों की विदाई दी जाएगी। कलश यात्रा में पांकी विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, अवधेश कुमार,ताल मुखिया अनीता लोहरा,रंजय ठाकुर, हरिद्वार महतो, बृजनंदन राम, राजीव रंजन,मोहन, बबलू, मनोज सिंह सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।











| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |









# पर्यावरण को बचाने के लिए उठाने होंगे जरूरी कदम : जलेश्वर महतो



आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** रवि महतो स्मारक टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज संभाग में शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के संस्थापक सह पूर्व मंत्री जलेश्वर ने की। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बीबीएमकेयू के राजिस्ट्रार डॉ कौशल कुमार के अलावा पूर्व मंत्री सह कांग्रेस के झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो भी उपस्थित थे। गोष्ठी में झारखंड के विभिन्न जिलों के महाविद्यालयों के प्राचार्य, आचार्य एवं समाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ राजेश यादव एवं विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य मधुसूदन महतो ने संगोष्ठी में आये सभी अतिथियों को सम्मानित किया। वहीं, वक्ताओं ने पर्यावरण को हो रहे व्यापक नुकसान के बारे में विस्तार से बताया और शिक्षार्थियों को प्रकृति के मानव जीवन में महत्व से अवगत कराते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए व्यक्तिगत प्रयासों पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन मो सादिक कुरैशी और मधु कुमारी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो डॉ आरके यादव ने किया।

वहीं, पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो, डॉ सुधा मिश्रा, डॉ दिनकर दीक्षित, डॉ डीके सिंह, डॉ अरुण कुमार महतो, डॉ मनीष मिश्रा, डॉ सुनील यादव, डॉ सीके परिहार, डॉ गायत्री, डॉ सुजाता मिश्रा, डॉ कुमुद रंजन, डॉ रीता महतो, डॉ संजीव कुमार आदि ने अपने-अपने विचार रखे। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में आरएसपी कॉलेज झरिया के प्राचार्य डॉ उपेन्द्र कुमार ने पर्यावरण असंतुलन के विविध पहलुओं, पानी, जैव विविधीकरण, जंगल, भूमि, प्रदूषण, आपदा, समुद्री क्षेत्र, ऊर्जा शहरीकरण, ग्लोबल वार्मिंग आदि पर अपने विचार रखे। उन्होंने पेड़ों से प्रेम करने के साथ ही पर्यावरण को बचाने के लिए जरूरी कदम उठाने के बारे में भी बताया। वहीं, पुरुलिया बीएड कॉलेज के प्राचार्य दिनकर दीक्षित ने कहा कि पर्यावरण की स्थिति काफी भयावह हो गयी है। इसे बचाने और इसका संरक्षण देने की जिम्मेदारी सभी की है। उन्होंने बताया कि विश्व स्तर पर राजनीतिक और सामाजिक जागृति लाने के लिए वर्ष 1972 में इसकी शुरूआत की थी। इसे 5 जून से 16 जून तक संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा आयोजित विश्व पर्यावरण सम्मेलन में चर्चा के बाद शुरू किया गया था। 5 जून 1974 को पहली बार विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया था।

## डिस्पैच सेंटर में सामान्य-पुलिस प्रेक्षक और डीसी रहीं मौजूद

# मतदान आज, इवीएम लेकर बूथों के लिए रवाना हुई पोलिंग पार्टियां





डिस्पैच सेंटर पर मौजूद जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा, सामान्य-पुलिस प्रेक्षक व अन्य। डिस्पैच सेंटर से रवाना होती पोलिंग पार्टियां।

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** लोकसभा के छठे चरण के मतदान के तहत झारखंड के चार लोकसभा सीटों में से एक धनबाद लोस सीट पर शनिवार को मतदान होना है। मतदान केंद्रों के लिए सभी पोलिंग पार्टियां मतदान संपन्न कराने के लिए धनबाद बाजार समिति, राजकीय पॉलिटेक्निक एवं निरसा राजकीय पॉलिटेक्निक से सुरक्षित रवाना हो गयी। तीनों डिस्पैच सेंटरों में अलग-अलग डेस्क बनाए गए थे, ताकि मतदान केंद्र पर रवाना होने से पहले मतदान कर्मी पूरी मतदान की प्रक्रियाओं और निर्देशों के साथ पोलिंग बूथों पर पहुंचे। पोलिंग पार्टियों के रवाना होने के समय जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा द्वारा सुरक्षित व त्रुटिरहित मतदान करने का संदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से मतदान प्रक्रिया संपन्न कराना सुनिश्चित करेंगे। निर्वाचन कार्य को निष्पक्ष बनाये रखने के लिए माईक्रो ऑब्जर्वर की प्रतिनियुक्ति की गई है। सेक्टर दंडाधिकारियों व सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वच्छ मतदान के लिए सुपर जोनल दंडाधिकारी, सुपन जोनल पुलिस पदाधिकारी एवं जोनल दंडाधिकारी, जोनल पुलिस पदाधिकारी के रूप में पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। मतदान केंद्रों में इस बार सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने को लेकर सभी मतदान केंद्रों, कलस्टरों एवं इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूप में पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती की गई है। मतदान केंद्रों में एएमएफ की व्यवस्था की गई है। साथ ही दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई। जो मतदाता मतदान केंद्र तक पैदल आने में असमर्थ हैं या सुदूरवर्ती क्षेत्रों के मतदाताओं के लिए विशेष वाहनों की व्यवस्था की गई है। मतदाताओं की मदद के लिए वोलेंटियर्स की व्यवस्था की गई है। डिस्पैच सेंटरों में सामान्य प्रेषक के थवसीलन, पुलिस प्रेक्षक मोहित चावला, एसएसपी एचपी जनार्दनन, एसपी, डीएसपी, आरओ आदि मौजूद रहे।

# वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** लोकसभा चुनाव के निमित्त शुक्रवार को सामान्य प्रेक्षक के थवसीलन एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा ने समाहरणालय स्थित एनआईसी कक्ष में मतदान प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए बनाए गए वेबकास्टिंग रूम एवं मतदान दिवस के लिए गठित नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक एवं निवार्ची पदाधिकारी ने मतदान प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए बनाए गए वेबकास्टिंग रूम एवं मतदान दिवस पर प्रत्येक बूथ पर वे मतदान का विवरणी संकलित करते हुए तय समय सीमा के अंदर एनकॉर पोर्टल पर अपलोड करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर डीआइओ सुनीता तुलस्यान, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, डीपीओ यूआईडी अमित कुमार, आईटी मैनेजर रूपेश मिश्रा आदि मौजूद थे।

## धनबाद में एक बूथ ऐसा भी...




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** धनबाद लोकसभा सीट के लिए शनिवार को मतदान होना है। इसे लेकर प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। इसमें कुछ ऐसे भी लोग हैं, जो निःस्वार्थ भाव से लोकतंत्र के इस महापर्व में अपना योगदान दे रहे हैं। इनमें से एक समाजसेवी प्रदीप कुमार सिंह भी हैं। उनकी पहल पर चिरागोड़ा स्थित बीडीओ ऑफिस में पांच बूथ बनाए गए है। सर्व धर्म सामुहिक विवाह समिति के अध्यक्ष समाजसेवी प्रदीप कुमार सिंह की ओर से हर बार चुनाव (लोकसभा, विधानसभा या नगर निगम) में अपनी ओर से मतदाताओं के लिए निःस्वार्थ भाव से पंडाल का निर्माण कराते हैं। उसमें लाल कार्पेट, टेबल कुर्सी, पीने के ठंडा पानी की व्यवस्था एवं तोरण द्वार बनाया जाता है, जो इस बार भी बनकर मतदान करने वाले के स्वागत लिए तैयार रखते है। जरूरत होने पर मतदान कर्मियों के लिए भोजन और सोने की भी व्यवस्था की जाती है। प्रदीप कुमार सिंह का कहना है पांच वर्षो में यह शुभ मौका मिलता है जब देश सेवा में अपना छोटा सा योगदान दे सकूं।

# बेरमो प्रखंड के एक लाख 38 हजार 140 मतदाता आज करेंगे अपने मत का उपयोग

**बेरमो के 142 बूथों पर होगा मतदाना, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**फुसरो/बेरमो।** लोकसभा चुनाव को लेकर बेरमो प्रशासन ने सारी तैयारियां पूरी कर ली है। शनिवार को होने वाले मतदाना को लेकर मतदान केंद्रों को व्यवस्थित कर लिया गया है। शुक्रवार को पोलिंग पार्टी व सुरक्षा कर्मी मतदाना केंद्रों पर आकर अपना योगदान दिये। बेरमो विधानसभा क्षेत्र में कुल तीन लाख 25 हजार 731 मतदाता है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या एक लाख 66 हजार 999 और महिला मतदाताओं की संख्या एक लाख 58 हजार 732 है। बेरमो प्रखंड के 142 बूथ का 91 भवन में 1,38,140 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिसमें पुरूष 70,760 व महिला मतदाता 67,380 है। 18 से 20 वर्ष के 5,860 युवा मतदाता है। इसमें युवक 2,669 व युवती 3191 है। चुनाव को लेकर 17 सेक्टर बनाया गया है। सभी मतदान केंद्रों में वेब कास्टिंग की व्यवस्था की गई है। साथ ही बूथों में रैम्प, बिजली, फर्निचर, शेड, पानी, शौचालय, मोबाइल चार्जिंग, व्हील चेयर सहित धात्री महिलाओं के लिए अलग कमरे की व्यवस्था की गई है। बेरमो प्रशासन ने प्रखंड के 42 दिव्यांग व 85 प्लस के मतदाताओं का पोस्टल बैलेट से मतदान संपन्न करवा लिया है। वहीं 230 दिव्यांग व 85 प्लस मतदाताओं को घर से मतदान केंद्र पर लाकर मतदान करवाया जायेगा। इसके लिए 42 तीनपहिया वाहन की व्यवस्था की गई है। निर्वाचन कार्य में दो जोन मजिस्टेड, 17 सेक्टर मजिस्टेड, 17 मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

# हम सभी को प्रकृति की अतिरिक्त देखभाल करनी चाहिए: सौगत महतो




**बोकारो (आजाद सिपाही)।** इएसएल स्टील लिमिटेड, वेदांता समूह की कंपनी और भारत की एक अग्रणी एकीकृत इस्पात उत्पादक कंपनी है, जिसने शुक्रवार को पर्यावरण और इसके उप-पहलुओं जैसे भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखा लचीलापन के बारे में जागरूकता बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए एचएसइएस और सीएसआर विभाग ने मिलकर एक मेगा पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस से पहले आयोजित मेगा पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम में 200 प्रतिभागियों में प्रेरणा ट्यूटोरियल, एक्सेल 30 सेंटर, तीरंदाजी अकादमी, वेदांता स्किल स्कूल, आस विद्यालय के छात्र, उनके अभिभावक, शिक्षक, जीविका एसएचजी की महिला उद्यमी और इएसएल स्टील लिमिटेड के अन्य कर्मचारी शामिल रहे। इस अवसर पर झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कंसल्टिंग एक्जीक्यूटिव सौगत महतो और संजय कुमार भी उपस्थित हुए। वहीं, इएसएल स्टील कंपनी की ओर से रवीश शर्मा (सीओओ, इएसएल), आशीष रंजन (प्रमुख सीएसआर, पीआर, इआर इएसएल) के संदीप (प्रमुख-एचएसइएस, इएसएल) ने भी भाग लिया। इस दौरान छात्रों ने ड्राइंग और मॉडल बनाने की प्रतियोगिता, छात्रों द्वारा प्रभावशाली भाषण, लघु नाटक प्रदर्शन सहित विभिन्न थीम पर आधारित कलात्मक अभिव्यक्तियों में भाग लिया। जिसके बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और इएसएल स्टील लिमिटेड के अधिकारियों और छात्रों द्वारा पौधे लगाए गए। जिन छात्रों ने भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, उन्हें पुरस्कार दिए गए। अपने संबोधन में जेएसपीसीबी के परामर्श कार्यकारी सौगत महतो ने कहा कि पर्यावरण हम सभी को प्रभावित करता है और इसलिए हम सभी को प्रकृति की अतिरिक्त देखभाल करनी चाहिए।

# मतदान को लेकर प्रशासन मुस्तैद, रात में बॉर्डर सील

आजाद सिपाही संवाददाता



**एग्यारकुंड।** लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण एवं भय मुक्त माहौल में करने को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसे लेकर चिरकुंडा, मैथन व पंचेत चेक पोस्ट अंतरराजीय बॉर्डर पर भी चेकनका बनाई गई है, जहां एक राज्य से दूसरे राज्यों में छोटे-बड़े सभी वाहनों की प्रवेश पर सघन जांच अभियान चलाई जा रही है इसे लेकर मजिस्ट्रेट की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। धनबाद संसदीय क्षेत्र में शनिवार को छठे चरण का मतदान होना है जिसे लेकर झारखंड और पश्चिम बंगाल सीमा पर चेकनका काफी सक्रिय हो गई हैं। शनिवार को होने वाले मतदान को देखते हुए रात में बॉर्डर को सील कर दिया गया। जिसे मतदान समाप्ती के बाद खोल दी जायेगी। प्रशासन पर भय मुक्त माहौल में मतदान कराना बड़ी चुनौती है जिसे लेकर प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है।

## बीडीओ व सीओ ने मतदाताओं से की मतदान की अपील

**कसमार (आजाद सिपाही)। कसमार प्रखंड के बीडीओ अनिल कुमार व सीओ सुरेश कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से मतदाताओं से मतदान की अपील की है। कहा कि लोग बड़े ही बेसब्री से जिस दिन का इंतजार कर रहे थे वो दिन आ गया। मालूम है शनिवार को लोकसभा चुनाव का महापर्व है। उन्होंने कहा कि मतदान देश को मजबूत बनाते हैं। मतदान सभी को करना आवश्यक है। आपका एक-एक वोट बहुत कीमती है। घर से निकलकर अपने पास के बूथ में जाकर अपना बहुमूल्य वोट का प्रयोग अवश्य करें। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 तक कर सकते हैं।**

# जब तक सूरज चांद रहेगा, राजेंद्र बाबू का नाम रहेगा : श्यामल सरकार



**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** महानायक बेरमो के पूर्व विधायक सह पूर्व मंत्री झारखंड सरकार एवं इंटक के राष्ट्रीय महामंत्री स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह की चतुर्थ पुण्यतिथि पर निरसा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेसियों ने जगह-जगह श्रद्धांजलि दी। वही श्यामल सरकार ने कहा स्वर्गीय राजेंद्र बाबू पूरे देश के मजदूर जमेत के लिए बहुत चिंतन करते थे। और पूरे भारत वर्ष में वह मजदूरों के मसीहा थे,खासकर कोयला उद्योग के मजदूर उनको कभी भी जब तक जिंदा रहेंगे उनको नहीं भूल सकते हैं,क्योंकि राजेंद्र बाबू का कोयला मजदूरों के लिए विशेष रूप से उनका मतलब आगे कैसे वह बढ़े और किस तरह से उनको उनके वेजेस के बारे में उनके सुख सुविधा के बारे में उनके स्वास्थ्य के बारे में जितना ख्याल वह रखते थे। आज कोयला मजदूर जब तक कोयला उद्योग रहेगा और जब तक कोयला मजदूर रहेंगे और पूरे देश के मजदूर उनको कभी भी भूल नहीं सकता है। आज पूरा हिंदुस्तान का मजदूर जमात आज उनके चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर उनको कोटि-कोटि नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का हम लोगों ने संकल्प लिया और राजेंद्र बाबू जब तक सूरज चांद रहेगा,राजेंद्र बाबू का नाम रहेगा और पूरे देश के मजदूर जमात उनको कभी नहीं भूल सकता है राजेंद्र बाबू बराबर याद किए जाएंगे और हम लोग उनको कभी भी भूल नहीं सकते। कांग्रेसियों व सभी ट्रेड यूनियन ने हर पंचायतो में जगह-जगह खीर की प्रसाद वितरण किया गया। बोला आज राजेंद्र प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि के मौके पर खीर की प्रसाद वितरण किया गया । मौके पर श्यामल कुमार सरकार,सदन सिंह,दुर्गा दास, उपेंद्र सिंह समेत अनोको कार्यकर्ता मौजूद है।

## आइइएल पुलिस एवं सशस्त्र बल के जवानों ने किया फ्लैग मार्च



**आइइएल (आजाद सिपाही)। गिरिडीह लोकसभा चुनाव को देखते हुए आइइएल थाना क्षेत्र के अंतर्गत ससबेडा, बीडीओ रोड, मून लाइट, बैंक मोड़ में झारखंड सशस्त्र वाहिनी और झारखंड गृह रक्षा वाहिनी के लगभग 300 जवानों ने शुक्रवार को फ्लैग मार्च किया। जिसका नेतृत्व आइइएल थाना के सब इंस्पेक्टर अभिषेक किशोर कर रहे थे। फ्लैग मार्च आइइएल थाना के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए बैंक मोड़ से वापस हो गई। बता दें कि लोकसभा चुनाव भय मुक्त मतदान, विधि व्यवस्था और शांति का माहौल बना रहे इसके लिए उक्त फ्लैग मार्च किया गया। इसमें काफी संख्या में सशस्त्र बल शामिल थे।**

## मजदूरों के मसीहा स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह को दी गयी श्रद्धांजलि

# स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व से प्रेरणा लेने की जरूरत: ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह

**सदा मजदूर हित में कार्य करते रहे स्व राजेंद्र प्रसाद सिंहः संतोष**

आजाद सिपाही संवाददाता




स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेसी नेता-कार्यकर्ता।

**धनबाद।** बैंकमोड़ स्थित लैक रॉक होटल में बने कांग्रेस के लोकसभा चुनावी कार्यालय में कांग्रेस के कद्दावर नेता, राज्य के पूर्व मंत्री सह मजदूरों के मसीहा स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि कांग्रेस के कद्दावर नेता, स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह अपने राजनीतिक जीवन में बेरमो विधानसभा से लगातार छह बार विधायक रहे और अविभाजित बिहार में मंत्री रहने के साथ ही झारखंड सरकार में भी वे मंत्री रहे। वे संगठन के साथ-साथ मजदूरों के हित में सदा समर्पित रहे। उन्होंने कांग्रेस के साथ ही मजदूर हित में भी उल्लेखनीय कार्य किए हैं। वहीं, झारखंड प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह प्रदेश अनुशासन समिति के चेयरमेन ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि झारखंड कांग्रेस की राजनीति में राजेंद्र प्रसाद सिंह कद्दावर नेता थे। वे झारखंड विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता रह चुके हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पहले कार्यकाल में राजेंद्र प्रसाद सिंह ऊर्जा मंत्री थे। राजेंद्र प्रसाद सिंह अविभाजित बिहार में राबड़ी देवी सरकार के मंत्रिमंडल में भी मंत्री रह चुके हैं। राजेंद्र प्रसाद सिंह देश की मजदूर राजनीति के एक मजबूत स्तंभ थे। वे दो दशक से ज्यादा समय से कांग्रेस के मजदूर संगठन इंटक के राष्ट्रीय महामंत्री थे। कोयला उद्योग के मजदूरों पर उनकी मजबूत पकड़ थी। वे अपने राजनीतिक जीवन में पार्टी एवं मजदूरों के हित में सदा समर्पित रहे। आज हम सभी को उनके व्यक्तित्व व कृतित्व से प्रेरणा लेने की जरूरत है। इस मौके पर योगेंद्र सिंह योगी, नवीन सिंह, मंटू दास, कुमार गौरव, दिनेश सिंह, पप्पू कुमार तिवारी, बबलू दास, सुनील सिंह, विक्की कुमार, शिव शंकर सिंह, संजीव सिंह, प्रशांत ठाकुर, उदय गुप्ता, मीना प्रजापति आदि उपस्थित थे।


## जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

(ई0डी0सी0/पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग)

### संशोधित आदेश

लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित लोकसभा क्षेत्रवार डाक मतपत्र के माध्यम से VED (Voters on Election Duty) के मतदाताओं को मतदान कराने हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, लोहरदगा के आदेश ज्ञापांक– 112/पो0बै0,लो0 दिनांक 10.05.2024 एवं आदेश ज्ञापांक– 126/पो0बै0,लो0 दिनांक 15.05.2024 में गठित सुविधा केन्द्र (Facilitation Centre) की तिथि एवं प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/कर्मियों में आंशिक संशोधन करते हुए निम्न प्रकार प्रतिनियुक्ति की जाती है :–

**सुविधा केन्द्र हेतु प्रतिनियुक्ति (संशोधित)**

समयः– 9.00 बजे पूर्वाह्न से 5.00 बजे अपराह्न तक।

| क0 सं0 | सुविधा केन्द्र का स्थान/तिथि | लोकसभा क्षेत्र का नाम | प्रारूप 13क सत्यापन हेतु राजपत्रित पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम (as incharge of FC) | नामित मतदान पदाधिकारी | सुविधा केन्द्र पर प्रतिनियुक्ति मतदान कर्मी का नाम/पदनाम/कार्यालय का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Facilitation Centre समाहरणालय परिसर, लोहरदगा। 27.05.2024 से 28.05.2024 तक | राजमहल/गोड्डा/दुमका | अनुरंजन झा, परीक्ष्यमान उपसमाहर्त्ता, लोहरदगा 9430753543, 6207212250 | Polling Officer 1 | मो0 मेराजूल हक, सहायक शिक्षक, मो0 9693815411 |
| | | | | Polling Officer 2 | आनन्द कुमार, प्रयोगशाला सहायक, मो0 8709550857 |
| | | | | Polling Officer 3 | श्री अवध किशोर प्रसाद, जनसेवक, कुड्डू, 7903365754 |

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, लोहरदगा

PR 325092 Lohardaga(24-25)#D

# एफटीआइआइ के छात्र ने जीता 77वें कान्स फिल्म महोत्सव में 'ला सिनेफ' पुरस्कार

- एफटीआइआइ के छात्र चिदानंद एस नाइक की फिल्म सनफ्लावर्स वर द फर्स्ट वन्स टू नो और उनकी टीम कान्स में चमकी
- '75 क्रिएटिव माइंड्स ऑफ टुमॉरो' में से एक चिदानंद एस नाइक और 2022 बैच के एफटीआइआइ छात्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआइआइ) के छात्र चिदानंद नाइक की कोर्स के अंत में बनायी गयी फिल्म सनफ्लॉवर वर द फर्स्ट वन्स टू नो को फ्रांस में 77वें कान्स फिल्म महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म के लिए कान्स ला सिनेफ पुरस्कार मिला है। विजेता की आधिकारिक घोषणा 23 मई को महोत्सव में की गयी, जहां छात्र निदेशक चिदानंद नाइक ने पुरस्कार प्राप्त किया। फिल्म का निर्देशन चिदानंद एस नाइक ने फिल्मांकन सूरज ठाकुर ने किया है। संपादन मनोज वी ने और ध्वनि अभिषेक कदम ने दी है।

यह भारतीय सिनेमा के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। भारतीय फिल्मों को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर प्रशंसा मिल रही है। विशेष रूप से एफटीआइआइ ने पिछले कुछ वर्षों में कान्स महोत्सव में अपने छात्रों की फिल्मों की स्क्रीनिंग के साथ उल्लेखनीय रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है। एफटीआइआइ छात्रों की एक और फिल्म 'कैटडॉग' के 73वें कान्स में पुरस्कार जीतने के चार साल बाद मौजूदा मान्यता मिली है। 77वें कान्स फिल्म महोत्सव में विभिन्न श्रेणियों में भारत से कई प्रविष्टियाँ देखी गईं। एफटीआईआई के कई पूर्व छात्र जैसे पायल कपाड़िया, मैसम अली, संतोष सिवन, चिदानंद एस नाइक और उनकी टीम को इस साल के कान्स में पहचान मिली।



₹सनफ्लॉवर वर द फर्स्ट वन्स टू नो₹ एक बुजुर्ग महिला की कहानी है जो गांव का मुर्गा चुरा लेती है, जिससे समुदाय में अशांति फैल जाती है। मुर्गे को वापस लाने के लिए एक भविष्यवाणी की जाती है, जिसमें बूढ़ी महिला के परिवार को निर्वासन में भेज दिया जाता है।

यह एफटीआइआइ फिल्म टीवी विंग के एक साल के कार्यक्रम का निर्माण है जहां विभिन्न विषयों यानी निर्देशन, इलेक्ट्रॉनिक सिनेमैटोग्राफी, संपादन, ध्वनि के चार छात्रों ने साल के अंत में समन्वित अभ्यास के रूप में एक परियोजना के लिए एक साथ काम किया। फिल्म का निर्देशन चिदानंद एस नाइक ने, फिल्मांकन सूरज ठाकुर ने, संपादन मनोज वी ने किया है और ध्वनि अभिषेक कदम ने दी है। इन छात्रों ने अपने अंतिम वर्ष के सम्मिलित अभ्यास के हिस्से के रूप में फिल्म पर काम किया और 2023 में एफटीआइआइ से पास हुए। यह पहली बार है कि एफटीआइआइ के 1-वर्षीय टेलीविजन पाठ्यक्रम के किसी छात्र की फिल्म को प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल में चुना गया और जीता गया। 2022 में एफटीआइआइ में शामिल होने से पहले, चिदानंद एस नाइक को 53वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आइएफएफआइ) में 75 क्रिएटिव माइंड्स में से एक के रूप में भी चुना गया था, जो सिनेमा के क्षेत्र में उभरते युवा कलाकारों को पहचानने और सहयोग करने के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय की एक पहल थी।

एफटीआइआइ के अध्यक्ष आर माधवन ने फिल्म की पूरी छात्र इकाई को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस बेहद प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चिदानंद नाइक और सनफ्लॉवर वर द फर्स्ट वन्स टू नो की पूरी टीम को बधाई। यही कामना है कि वह अपनी असाधारण पहचान बनाये और प्यार के साथ एक शानदार करियर की शुरूआत करे। साथ ही, ऐसी विश्व स्तरीय प्रतिभा को निखारने के लिए एफटीआइआइ के सभी कर्मचारियों और प्रशासन को बहुत-बहुत बधाई और अभिवादन। 'ला सिनेफ' उत्सव का एक आधिकारिक खंड है, जिसका उद्देश्य नयी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और दुनिया भर के फिल्म स्कूलों की फिल्मों को मान्यता देना है। यह फिल्म दुनिया भर के 555 फिल्म स्कूलों द्वारा प्रस्तुत कुल 2,263 फिल्मों में से चुनी गयी 18 लघु फिल्मों (14 लाइव-एक्शन और 4 एनिमेटेड फिल्मों) में से एक थी।

एफटीआइआइ की अनूठी शिक्षाशास्त्र और सिनेमा और टेलीविजन के क्षेत्र में शिक्षा के लिए अभ्यास आधारित सह-शिक्षण दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित करने के परिणामस्वरूप संस्थान के छात्रों और इसके पूर्व छात्रों ने पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों में प्रशंसा हासिल की है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार का मिलना भारतीय सिनेमा के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान दुनिया के सर्वश्रेष्ठ फिल्म स्कूलों में से एक है और आज इसने भारत को गौरवान्वित किया है।

## केसरिया पगड़ी बांध आये पीएम ने कांग्रेस को घेरा, कहा

# पंजाब की प्रगति मेरी गारंटी

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंडीगढ़।** दीनानगर की ही तरह जालंधर में भी मोदी के निशाने पर कांग्रेस ही रही। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने चहेते इतिहासकारों से जो इतिहास की किताबें लिखवायीं, उसमें दो परिवारों का जिक्र रहा- एक अपने परिवार का और दूसरा मुगल परिवारों का... नतीजा ये हुआ है कि देश की कितनी ही पीढ़ियां हमारे साहिबजादों के बलिदान से सही से परिचित ही नहीं हो पायीं। कांग्रेस को लगता था कि साहिबजादों की बात करेंगे तो वोटबैंक नाराज हो सकता है। अपनी उपलब्धियां गिनवाते हुए मोदी ने कहा कि हमारी सरकार ने करतारपुर कॉरिडोर बनवाया। हमने दर्शन करने, शीश नवाने के लिए रास्ता खोला। पहले हरमंदिर साहिब में विदेशों से चंदे पर रोक थी। वो रोक हमने हटायी। हमारी सरकार ने गुरुओं के प्रकाश पर्व को पूरी श्रद्धा से देश-विदेश में मनाया।



पीएम ने कहा कि पंजाब हमारे भारत की पहचान है। ये हमारे गुरुओं की पवित्र भूमि है, लेकिन कांग्रेस ने पंजाब को कभी भी जमीन के टुकड़े से ज्यादा माना नहीं। कांग्रेस ने 1947 में अपने परिवार को सत्ता दिलाने के लिए पंजाब को बांट दिया। हमारा करतारपुर साहिब, देश की सीमा के ठीक बगल में है, लेकिन कांग्रेस ने उसे पाकिस्तान को सौंप दिया था।

**जहां कांग्रेस वहां समस्या :** पहले देश में आतंकवाद का खतरा बढ़ता जा रहा था, आज मोदी सरकार ने आतंकवाद की कमर तोड़ दी है। पहले पाकिस्तान की हिम्मत बढ़ती जा रही थी, मोदी ने जब से घर में घुसकर मारा है, तब से पाकिस्तान भी कुछ करने से पहले 100 बार सोचता है। आज देश भी समझ रहा है, जहां तक कांग्रेस है समस्याएं हैं और जहां भाजपा है समाधान है। पिछले 10 साल में पहली बार देश ने एक नया दौर देखा है। कांग्रेस के समय में नयी-नयी समस्याएं पैदा होती थीं, मोदी ने पहली बार समस्याओं के हल निकाले हैं। कांग्रेस के समय, गरीबी का संकट गहराता जा रहा था, मोदी के समय में आज 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आये हैं। कांग्रेस के समय, देश की अर्थव्यवस्था संकट में थी, आज पहली बार भारत, विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। देश में पांच चरण का मतदान हो चुका है। छठे चरण का मतदान भी कल होने जा रहा है।

**नशे पर बोले मोदी :** पीएम ने कहा कि आज ड्रग्स डीलरों को पंजाब में फ्री लाइसेन्स मिला हुआ है। परिवार के परिवार बर्बाद हो रहे हैं। पंजाब के लोग भी समझ गए हैं, झाड़ू पार्टी वाले तो खुद नशे के होलसेल व्यापारी हैं। जिन्होंने इतना बड़ा शराब घोटाला किया हो, वो पंजाब में ड्रग्स की काली कमाई में डुबकी कैसे नहीं लगाएंगे?

**आप को बताया कांग्रेस की फोटोकॉपी :** आप पर निशाना साधते हुए पीएम ने कहा कि इस पार्टी ने कांग्रेस से आपातकाल का पाठ भी अच्छे से सीख लिया है। ये कांग्रेस की फोटोकॉपी पार्टी, जो मीडिया हाउस इनकी धमकी के आगे नहीं झुक रहा, उन पर ये मुकदमे करवा रहे हैं। यही इनकी असलियत है।

## रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार, लश्कर से कनेक्शन

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो इससे पहले लश्कर-ए-तैयबा आतंकी साजिश मामले में दोषी ठहराया जा चुका था। इस शख्स का नाम शोएब अहमद मिर्जा उर्फ छोटू है जो 35 साल का है। वह कर्नाटक के हुबली का रहने वाला है। छोटू इस मामले में गिरफ्तार होने वाला 5वां आरोपी है। एनआईए की जांच में पाया गया कि मिर्जा पहले लश्कर-ए-तैयबा बेंगलुरु साजिश मामले में दोषी ठहराया गया था। जेल से रिहा होने के बाद वह एक नई साजिश में शामिल हो गया। रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में यह गिरफ्तारी ऐसे वक्त हुई जब एनआइए ने बीते मंगलवार को कई राज्यों में छापे मारे थे। साजिश को उजागर करने और विदेश से आरोपियों को दिशा-निर्देश देने में शामिल अन्य साजिशकर्ताओं की पहचान को लेकर यह कार्रवाई हुई।

# झारसुगुड़ा में महिलाओं के लिए वेदांता एल्युमीनियम ने आजीविका परियोजना प्रोजेक्ट कलाकृति लांच की

आजाद सिपाही संवाददाता

**झारसुगुड़ा, ओड़िशा।** भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने अपने प्रोजेक्ट कलाकृति के एक हिस्से के रूप में एक पारंपरिक कला और शिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया है। यह पहल स्थानीय महिलाओं को विभिन्न शिल्पों में प्रशिक्षण देकर स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गयी है। इसका उद्देश्य इन महिलाओं को एक मंच प्रदान करके एक राजस्व मॉडल को बढ़ावा देना और सुविधा प्रदान करना है, जहां वे अपनी कला और शिल्प को सही बाजार में बेच सकें, जिससे अंततः उनकी घरेलू आय में वृद्धि हो सके।

इस परियोजना के तहत, झारसुगुड़ा के 21 गांवों की महिलाओं को पट्टचित्र पेंटिंग, सौरा पेंटिंग, ताड़ के पत्ते की पेंटिंग, जूट सिलाई, बेंत और बांस कला, टेराकोटा शिल्प जैसे पारंपरिक कला रूपों के साथ-साथ मंडला कला और एप्लिक वर्क जैसे आधुनिक कला रूपों में प्रशिक्षित किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में समुदाय की कई किशोर लड़कियों ने भाग लिया, जिन्होंने एक पेशेवर मंडला कलाकार विनीता सिंगरौल द्वारा मंडला कला में अपना पहला प्रशिक्षण वर्ग लिया।



महिलाओं के लिए इस पहल के बारे में बोलते हुए सुनील गुप्ता, सीओओ-वेदांता एल्युमीनियम और सीइओ-झारसुगुड़ा ने कहा कि वेदांता में हम दृढ़ता से मानते हैं कि जब हम महिलाओं को सशक्त बना रहे हैं, तो हम पूरे समुदाय को सशक्त बना रहे हैं। उन्हें बेहतर आजीविका के अवसरों तक पहुंच प्रदान करके, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि महिलाएं आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनें। कलाकृति पहल के माध्यम से हम उनमें कारीगर उद्यमशीलता पैदा कर रहे हैं और साथ ही जमीनी स्तर पर पारंपरिक कला रूपों का पोषण भी कर रहे हैं। हमारा मानना है कि इस तरह की पहल से हमें हमारी प्राचीन कलाओं को संरक्षित करते हुए स्थानीय समुदायों की महिलाओं को सामाजिक-आर्थिक मुख्यधारा में लाने में मदद मिलेगी।

जिले में वेदांता के विकासात्मक प्रयासों की सराहना करते हुए पेशेवर मंडला कलाकार और 'प्रोजेक्ट कलाकृति' के तहत प्रशिक्षक विनीता सिंगरौल ने कहा कि झारसुगुड़ा की उद्यमशील महिलाओं के साथ अपनी विशेषज्ञता साझा करना एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है, जो साहसपूर्वक वित्तीय स्वतंत्रता की ओर कदम बढ़ा रही हैं। ऐसा मंच बनाने की वेदांता की पहल वास्तव में सराहनीय है, क्योंकि यह न केवल स्थायी आजीविका को बढ़ावा देती है, बल्कि स्थानीय कला और शिल्प की समृद्ध विरासत को भी बढ़ावा देती है।

प्रोजेक्ट कलाकृति के तहत प्रशिक्षुओं में से एक संजू ओहनाम ने कहा कि प्रोजेक्ट कलाकृति ने मुझे आजीविका कमाने के साथ-साथ कला और शिल्प के प्रति अपने जुनून को पूरा करने का एक शानदार अवसर दिया है। इस पहल ने मुझे अपने परिवार को आर्थिक रूप से समर्थन देने के लिए सशक्त बनाया है और मुझे अपने समुदाय की अन्य महिलाओं को भी वित्तीय स्वतंत्रता के लिए प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए प्रेरित किया है।

वेदांत एल्युमीनियम सुभलक्ष्मी सहकारी समिति के माध्यम से झारसुगुड़ा में महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाने के लिए गहराई से प्रतिबद्ध है। यह झारसुगुड़ा, ओडिशा के 70 गांवों में फैली हुई है। यह भारत की सबसे बड़ी महिला सहकारी समितियों में से एक है, जिसमें 4,900 सदस्य हैं। वेदांत कौशल विकास, स्थायी आजीविका और वित्तीय सहायता के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं का समर्थन करता है। सुभलक्ष्मी वित्तीय समावेशन, महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक कल्याण पहल की वकालत करते हुए सामाजिक परिवर्तन की भी हिमायती हैं।

## महत्वपूर्ण खबरें

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने दिया थाना अधिकारी एवं आबकारी स्टेशन अधिकारी के स्थानांतरण का निर्देश



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राज्य में पांचवें चरण के चुनाव के दौरान बरगढ़ जिले के सरसरा गांव में एक रहस्यमय हत्या की जांच करने का काम उत्तरांचल रेंज के राजस्व आयुक्त को सौंपा था। उत्तरांचल राजस्व आयुक्त की जांच के अनुसार उक्त हत्याकांड के आरोपी घटना के समय नशे की हालत में थे। इसके लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी निकुंज बिहारी धल ने पुलिस महानिदेशक एवं आबकारी आयुक्त को क्रमशः बरगढ़ सदर के थाना अधिकारी एवं आबकारी स्टेसन अधिकारी को 24 घंटे के अंदर जिले से बाहर स्थानांतरित करने के लिए पत्र लिखा है।

### रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने भगवान लिंगराज के दर्शन किये



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने भगवान लिंगराज को दर्शन किये। शक्तिकांत दास अपने परिवार के साथ आये और भगवान के दर्शन किये। उन्होंने कहा कि कई वर्षों के बाद जब उन्हें भगवान लिंगराज के दर्शन करने का मौका मिला तो बहुत अच्छा दर्शन हुआ. इस मौके पर लिंगराज मंदिर के सेवायतों द्वारा रिजर्व बैंक गवर्नर का सम्मान भी किया गया।

### आइएएस अरविंद पाढ़ी श्रीमंदिर के मुख्य प्रशासनिक का कार्यभार भी संभालेंगे



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। वरिष्ठ आइएस अधिकारी अरविंद पाढ़ी को श्रीमंदिर का अतिरिक्त प्रभार मुख्य प्रशासक नियुक्त किया गया है। वीर विक्रम यादव 21 दिन की छुट्टी पर हैं। 2014 में अरविंद पाढ़ी श्रीमंदिर के मुख्य प्रशासक प्रभार में थे। आइएस अधिकारी की अनुपस्थिति में जिम्मेदारी संभालेगा। इसके साथ श्रीमंदिर प्रशासन अधिकारी के साथ चर्चा किया गया कि नीति कांति को श्रुखलित तरीके से कैसे पूरा किया जाएगा क्योंकि इस साल नव यौवन दर्शन, नेत्र उत्सव और रथ यात्रा एक ही दिन पड रहा है। वह इस बात का ध्यान रखेंगे कि रथ यात्रा शांतिपूर्ण तरीके से कैसे संपन्न होगा।

### स्मृति ईरानी आज ओड़िशा पहुंचेंगी



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी शनिवार को ओड़िशा पहुंचेंगी। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता सत्यब्रत पंडा ने शनिवार को स्मृति ईरानी के ओड़िशा दौरे की जानकारी दी है। स्मृति ईरानी कुजंग, आलि और बालेश्वर रेमुना में चुनावी सभाएं करेंगी। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ओड़िशा आकर बीजेपी के लिए प्रचार कर रहे हैं और इसी कड़ी में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी शनिवार को ओड़िशा में चुनाव प्रचार करेंगी।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**